You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-87 ❐ सोमवार, 27 अप्रैल 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



श्री रघु राय जी को एक ऐसे रचनात्मक स्तंभ के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने अपनी दृष्टि से भारत के सतरंगी रंगों को कैमरे में कैद किया। उनकी फोटोग्राफी में अद्भुत संवेदनशीलता, गहराई और विविधता थी, जिसने लोगों को भारतीय जीवन के विभिन्न पहलुओं से रूबरू कराया। **नरेन्द्र मोदी**

मौसम की चुनौतियों के बावजूद देश में गेहूं उत्पादन बेहतर 11

पंजाब पुलिस ने हरभजन सिंह की सुरक्षा वापस ली 12

## संक्षेप

### दिल्ली एयरपोर्ट पर टेकऑफ के दौरान फटा स्विस एयरलाइंस के विमान का टायर, सभी यात्री सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार-रविवार की रात स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस के ज्यूरिख जा रहे विमान का एक टायर फट गया। पूर्ण आपात स्थिति की घोषणा कर सभी 230 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतारा गया। दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से जारी सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया है कि यह घटना रनवे 28 पर हुई। उड़ान संख्या एलएक्स-147 दिल्ली से ज्यूरिख के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन हादसे के कारण टेकऑफ टाल दिया गया। पोस्ट में बताया गया है कि सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए यात्रियों को सुरक्षित उतारा गया। हवाई अड्डे पर परिचालन सामान्य बना हुआ है। सूत्रों ने बताया कि विमान में चालक दल के 13 सदस्यों समेत 230 लोग सवार थे। एटीसी ने रात 1.30 बजे पूर्ण आपात स्थिति की सूचना दी और बताया कि विमान का टायर फटा है। बाद में मौके पर मुआयना करने गयी टीम ने इस बात की पुष्टि की कि रनवे 28 पर विमान के दाहिने पहिये से धुआं उठता देखा गया था। घटना के तुरंत बाद यात्रियों को निकालना शुरू कर दिया गया।

### 16 देशों के 32 प्रतिनिधियों ने भारतीय चुनावी व्यवस्था को बताया 'लोकतंत्र का सच्चा उत्सव'

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निर्वाचन आगंतुक कार्यक्रम (आईईवीपी) के तहत 16 देशों के 32 प्रतिनिधियों ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों का अवलोकन कर भारतीय चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा निष्पक्षता की सराहना की है। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल प्रतिनिधियों ने रिकॉर्ड मतदाता भागीदारी, पूरी तरह शांतिपूर्ण मतदान और सूक्ष्म स्तर पर की गई उत्कृष्ट तैयारियों को भारतीय चुनाव प्रबंधन की सबसे बड़ी ताकत बताया। प्रतिनिधियों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट की कार्यप्रणाली को करीब से समझा तथा उसकी विश्वसनीयता की प्रशंसा की। प्रतिनिधिमंडल ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ चुनाव अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की तथा सुरक्षा प्रबंधों, संचालन व्यवस्था और चुनावी तैयारियों की जानकारी ली। बुजुर्गों, दिव्यांग मतदाताओं और महिलाओं के लिए की गई विशेष सुविधाओं की उन्होंने खास तौर पर सराहना की। मतदान दिवस पर प्रतिनिधियों ने मॉक पोल के साथ-साथ वास्तविक मतदान प्रक्रिया का भी जायजा लिया। उन्होंने चेन्नई, सिलीगुड़ी और कर्सियांग के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया, जहां रैंप, व्हीलचेयर, स्वयंसेवक और शिशु देखभाल कक्ष जैसी समावेशी सुविधाओं को देखकर भारतीय चुनावों की समावेशिता की सराहना की। तमिलनाडु में रंग-कोडित मतदान केंद्रों और आश्वस्त न्यूनतम सुविधाओं की प्रशंसा की गई।

2025 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# यूपी में खत्म हुआ माफियाराज अब नहीं होते दंगे : योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरक्षी प्रशिक्षण के दौरान बेटियों ने जिस मजबूती, तत्परता, समर्पण व अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। अनुशासन व टीमवर्क का उत्कृष्ट भाव सबसे बड़ी ताकत है। इन सबको समाहित करते हुए देश के लिए सर्वोत्कृष्ट योगदान देने की भावना वर्दीधारी बल का सबसे महत्वपूर्ण अंग होती है। प्रशिक्षण में जितना पसीना बहेगा, बाद के जीवन में उतना ही कम खून बहाने की नौबत आती है।

सीएम योगी रविवार को 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के अंतर्गत वर्ष 2025 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। रिजर्व पुलिस लाइन में हुए आयोजन में सीएम ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी भी ली। सीएम ने प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनने वाली महिला आरक्षियों को बधाई दी और कहा कि सभी ने लगन व अनुशासन के साथ कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अब आप सबको जनपदों की फील्ड ड्यूटी में जाना है। याद रखिए, कानून अपराधी के लिए जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी आरक्षी प्रशिक्षण से प्राप्त



ज्ञान, कौशल व मूल्यों का उपयोग करते हुए निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्य परायणता से यूपी पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। 15 जून 2025 को लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 60,244 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे। 21 जुलाई से इनका प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस दौरान मैं भी विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में गया और देखा कि प्रशिक्षण व सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। सीएम योगी ने कहा कि यूपी पुलिस देश में मॉडल व 'स्मार्ट' है। यूपी पुलिस आमजन को सुरक्षा, सुविधा उपलब्ध कराने में योगदान दे रही है। अब यूपी में दंगे नहीं होते, सत्ता के समानांतर कोई राज नहीं चलता, गुंडा टैक्स व अवैध वसूली भी नहीं होती। अब यूपी में अपराधियों के मन में भय और पुलिस का मनोबल ऊपर है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले यूपी पुलिस के सामने चुनौती व संकट था, लेकिन हमने इसे देश के बेहतरीन पुलिस बल के रूप में स्थापित किया। हमने 2.18 लाख से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती और 1 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों का प्रमोशन किया। 2017 में पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता महज 3 हजार थी, लेकिन हमने 60244 पुलिस आरक्षियों का प्रशिक्षण यूपी के केंद्रों में ही एक साथ संपन्न किया है, जो 9 वर्ष में अर्जित की गई प्रगति को दर्शाता है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले पुलिस के बैरक टूटे-फूटे, खपड़ैल व टीनशेड के होते थे, लेकिन अब 55 जनपदों में पुलिस कार्मिकों के बैरक व आवासीय सुविधा के हाईराइज भवन दिखाई देते हैं। प्रशिक्षण केंद्र उत्कृष्ट हो रहे हैं। हर प्रशिक्षु को आधारभूत प्रशिक्षण देने के साथ ही व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया गया। यूपी पुलिस ट्रेनिंग पोर्टल भी लांच किया गया। शारीरिक प्रशिक्षण को वैज्ञानिक व आधुनिक बनाने के लिए स्मार्ट पीटी प्रोग्राम लागू किया गया। आउटडोर प्रशिक्षण ● शेष पेज 11 पर

### योगी बोले

- ❐ नागरिकों के लिए संवेदनशील होना चाहिए
- ❐ कई प्रशिक्षण केंद्रों में जाकर देखा, अब बेहतर प्रशिक्षण व सुविधाएं
- ❐ हमने यूपी को देश के बेहतरीन पुलिस बल के रूप में स्थापित किया
- ❐ यूपी एटीएस को अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के मानक के अनुरूप प्रशिक्षण

### यूपी पुलिस की बेहतरी के लिए लगातार कार्य

यूपी को 'लॉ एंड ऑर्डर' का आदर्श मॉडल बनाने और अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण पुलिस बल की कार्यक्षमता को बेहतर करने के लिए रिकॉर्ड स्तर पर सीधी भर्ती प्रक्रिया संपन्न की गई। इनमें अनिवार्य रूप से 20 प्रतिशत बेटियों को भर्ती किया गया है। हमारी सरकार ने 2017 की तुलना में यूपी पुलिस के बजट को तीन गुना से अधिक बढ़ाया और 7 पुलिस कमिश्नरेट भी स्थापित किए। यूपी एसएसएफ का गठन किया गया। पिंक पुलिस बूथों की स्थापना हुई।

# ह्वाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर में गोलीबारी


**एजेंसी**

वॉशिंगटन। 'ह्वाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन' (डब्लूएचसीए) की ओर से आयोजित रात्रिभोज में हुई सुरक्षा चूक और गोलीबारी की घटना में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह सुरक्षित और सकुशल हैं।

गोलीबारी की यह घटना शनिवार रात लगभग 08:30 से 08:35 (भारतीय समयानुसार रविवार करीब 06:05 से 06:10 बजे) के बीच की है। गोलीबारी के तुरंत बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने संदिग्ध हमलावर को तत्परता से दबोच लिया और उसे हिरासत में ले लिया। बीबीसी न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, वॉशिंगटन डीसी के एक होटल में चल रहे इस कार्यक्रम के दौरान अचानक गोलियां चलीं, जिससे वहां मौजूद मेहमानों में हड़कंप मच गया। इस घटना के समय राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रथम महिला मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वांस भी कार्यक्रम में मौजूद थे। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हरकत में आते हुए राष्ट्रपति और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बीबीसी ने बताया कि हालांकि गोलीबारी के कारण स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गयी थी, लेकिन किसी भी खास मेहमान के घायल होने की खबर नहीं है। हमले के पीछे के मकसद की अभी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और फॉरेंसिक टीमें घटनास्थल से सबूत जुटाने में लगी हैं। ह्वाइट हाउस ने पुष्टि की है कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। कानून प्रवर्तन सूत्रों के अनुसार, संदिग्ध हमलावर की पहचान कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। वह 31 वर्ष का है और कैलिफोर्निया के टॉरेंस का रहने वाला है। उसके पास से एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू बरामद हुआ है। शुरुआती जांच के अनुसार, हमलावर उसी होटल में ठहरा हुआ था, जहां कार्यक्रम आयोजित था। इसी वजह से वह सुरक्षा के बाहरी घेरे को पार करने में सफल रहा। राष्ट्रपति ट्रंप ने सीक्रेट सर्विस की बहादुरी की प्रशंसा की है और कहा है कि सुरक्षाबलों ने बहुत ही 'तेजी और निडरता' से काम किया। शनिवार रात ● शेष पेज 11 पर

❐ ट्रंप सुरक्षित, हमलावर हिरासत में, 7 राउंड फायरिंग हुई, गेस्ट टेबल के नीचे छिपे



### मोदी बोले- लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राहत जताई कि राष्ट्रपति ट्रम्प, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत सब सुरक्षित है। उन्होंने आगे लिखा, लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और इसकी स्पष्ट शब्दों में निंदा की जानी चाहिए।

# नहीं रहे प्रख्यात फोटोग्राफर रघु राय 83 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भोपाल गैस त्रासदी की तस्वीरें क्लिक कर दुनिया का का ध्यान आकर्षित करने वाले प्रख्यात फोटोग्राफर एवं फोटो पत्रकार रघु राय का रविवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 साल के थे।

श्री राय के पुत्र एवं फोटोग्राफर नितिन राय ने बताया कि उनके पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी। फिर कैंसर पेट तक फैल गया, जो ठीक हो गया था। उन्होंने बताया कि हाल ही में कैंसर श्री राय के मस्तिष्क तक पहुंच गया था और उन्हें उम्र संबंधी अन्य तकलीफें भी होने लगी थीं। कैमरे की नजर से भारत के विविध रंगों और जीवन के अनेक पहलुओं को दुनिया के सामने पेश करने वाले श्री राय के परिवार में उनकी पत्नी गुरमीत, पुत्र नितिन और तीन पुत्रियां लगन, अवनि और पूर्वाई हैं। उनका अंतिम संस्कार आज शाम चार बजे लोधी रोड श्मशान घाट में किया



जाएगा। श्री राय ने भोपाल गैस त्रासदी जैसी ऐतिहासिक घटना को अपने कैमरे के जरिए कैद किया था। उन्होंने पीड़ितों की, जो तस्वीरें क्लिक की थीं, उसने पूरी दुनिया का ध्यान इस हादसे की भयावहता की ओर खींचा था। श्री राय ने अपने कैमरे से 20वीं सदी की कई प्रभावशाली हस्तियों के जीवन के अनमोल क्षण भी कैद किये। श्रीमती इंदिरा गांधी और मदर टेरेसा जैसे व्यक्तित्वों की उनकी तस्वीरें आज भी ऐतिहासिक दस्तावेज मानी जाती हैं। मदर टेरेसा के जीवन पर उनकी ● शेष पेज 11 पर

### यूपीटीईटी के ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने यूपी टीईटी-2026 के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। तकनीकी समस्याओं और अभ्यर्थियों की मांग को देखते हुए आयोग ने यह निर्णय लिया है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 3 मई तक आवेदन पत्र भर सकेंगे। आयोग की ओर से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार आवेदन की नई अंतिम तिथि 3 मई निर्धारित की गई है, जबकि पहले यह 1 मई थी। वहीं संशोधन एवं शुल्क समाधान की अंतिम तिथि 8 मई तक बढ़ा दी गई है। प्रस्तावित परीक्षा तिथि 2, 3 और 4 जुलाई निर्धारित की गई है। शनिवार शाम तक के आंकड़ों के अनुसार कुल ऑनलाइन पंजीकरण 14,58,104, वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) 12,80,845 तथा नए आवेदन 1,04,196 दर्ज किए गए हैं। उप सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि कई अभ्यर्थियों को ओटीआर प्रक्रिया और सर्वर संबंधी तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए आवेदन, शुल्क जमा करने और फॉर्म संशोधन की तिथियों में विस्तार किया गया है, ताकि कोई ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिका ने ईरान से बातचीत के लिए पाकिस्तान जाने वाले अपने प्रतिनिधियों का दौरा किया रद्द

**एजेंसी**

वाशिंगटन। अमेरिका ने अंतिम समय में ईरानी प्रतिनिधियों से बातचीत के लिए पाकिस्तान जाने वाले अपने प्रतिनिधियों का दौरा रद्द कर दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार देर रात घोषणा की, ''मैंने ईरानियों से मिलने के लिए इस्लामाबाद जा रहे अपने प्रतिनिधियों का दौरा रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा कि यात्रा में बहुत समय बर्बाद होता है और काम का बोझ भी बहुत ज्यादा है! इसके अलावा श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर घोषणा की कि ''उनके नेतृत्व में जबरदस्त आंतरिक कलह और भ्रम की स्थिति है।''

उन्होंने कहा कि ईरान में सत्ता किसके हाथ में है, यह कोई नहीं जानता, यहां तक कि वे खुद भी नहीं जानते। श्री ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास सारे पत्ते हैं, उनके पास कुछ नहीं। उन्होंने कहा, ''अगर ईरानी बातचीत करना चाहते हैं, तो उन्हें



बस फोन करना होगा। ईरान ने इससे पहले घोषणा की थी कि इस्लामाबाद में अमेरिका के साथ कोई बैठक तय नहीं है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने शनिवार को कहा, ''ईरान और अमेरिका के बीच कोई बैठक तय नहीं है। ईरान की टिप्पणियां पाकिस्तान को बता दी जाएंगी। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार देर रात पाकिस्तानी नेतृत्व से मिलने और मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए इस्लामाबाद पहुंचे। प्रवक्ता ने शनिवार तड़के कहा, ''हम एक आधिकारिक दौरे पर इस्लामाबाद पहुंचे हैं। विदेश मंत्री (अब्बास) अराघची अमेरिकी आक्रमण को समाप्त करने और हमारे क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए चल रहे मध्यस्थता और सद्भावना प्रयासों के तहत पाकिस्तानी उच्च स्तरीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। श्री अरघची की पाकिस्तान यात्रा, क्षेत्र में चल रहे घटनाक्रमों और युद्ध की नवीनतम स्थिति पर परामर्श के लिए इस्लामाबाद, मस्कट और मॉस्को की उनकी क्षेत्रीय यात्रा का हिस्सा है। अमेरिका ने मध्य पूर्व के लिए विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और शांति के लिए विशेष दूत जेरेड कुशनर को वार्ता के लिए पाकिस्तान भेजने का कार्यक्रम बनाया था। उपराष्ट्रपति जे डी वैंस का वार्ता के लिए पाकिस्तान जाने का कोई कार्यक्रम नहीं था।

# ज्यूरिख जा रहे स्विस एयरलाइंस के विमान के इंजन में लगी आग

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ज्यूरिख जाने वाली स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स की एक उड़ान को रविवार तड़के उड़ान भरने (टेक-ऑफ) से ठीक पहले रुकने के लिए मजबूर होना पड़ा। विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के बाद पूर्ण आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की गयी।

यह घटना रात लगभग 1:25 बजे के तुरंत बाद हुई, जब एयरबस ए330-300 संचालित उड़ान एसडब्लूआर146 रनवे 28 से उड़ान भरने के लिए गति पकड़ रही थी। अधिकारियों के अनुसार, कॉकपिट क्रू ने इंजन में खराबी का पता लगाया और तुरंत टेक-ऑफ की प्रक्रिया को रोक दिया। साथ ही, ग्राउंड अधिकारियों को सतर्क किया और अग्निशमन सहायता मांगी। विमान के एक तरफ धुएं के निशान और लैंडिंग गियर क्षेत्र के आसपास आग की लपटों की रिपोर्ट के बाद कुछ ही मिनटों में पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया,

❐ रनवे पर रोकी गयी उड़ान



जिससे सुरक्षा कार्यों के लिए रनवे को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। एहतियात के तौर पर विमान में सवार सभी 245 व्यक्तियों (232 यात्री और 13 चालक दल के सदस्य) को आपातकालीन स्लाइड का उपयोग कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन निकासी प्रक्रिया के दौरान चार यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें चिकित्सा उपचार के लिए ले जाया गया। एयरलाइन अधिकारियों ने बताया कि चालक दल के एक सदस्य को भी मामूली चोट आई है। यात्रियों ने टेक-ऑफ रुकने के दौरान तनावपूर्ण पलों को याद किया। एक यात्री ने ● शेष पेज 11 पर

# जनगणना में डिजिटल भागीदारी कर इसे सफल बनाएं : मोदी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लोगों से जनगणना 2027 में डिजिटल भागीदारी कर इसे सफल बनाने की अपील की। मोदी ने कहा है कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर लोगों के लिए ऐसे उद्योगों के पक्षधर थे जिनमें स्थायी रोजगार मिलने के साथ ही गांवों का भी कल्याण हो। मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की आपूर्ति में आयी रुकावटों के बीच रविवार को देश के भविष्य की सुरक्षा के लिए सौर और पवन ऊर्जा को जरूरी बताया। मोदी ने तमिलनाडु के कलपक्कम में स्वदेशी फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के क्रिटिकलिटी हासिल करने पर देश के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा है कि यह उपलब्धि परमाणु ऊर्जा में आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा है कि बांस की परिभाषा बदलने से पूर्वोत्तर में बड़ा बदलाव आया है और यह क्षेत्र तेजी से फल फूल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि आज दुनिया जिस तरह के तनावों और संघर्षों से गुजर रही है। ऐसे समय में बुद्ध के विचार और भी अहम हो गए हैं। फ्रांस के बोरदो में यूरोपियन गर्ल्स मैथेमेटिकल ओलंपियाड में हमारी बेटियों ने अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया और यह टीम विश्व में छठे स्थान पर रही।

श्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। जनगणना के लिए घर-घर जाने वाले कर्मचारी लोगों से बात करते मोबाइल ऐप में सारी जानकारी दर्ज करेंगे। वहीं, इस बार लोगों को खुद भी अपनी जानकारी डिजिटली अपलोड करने की सुविधा दी गयी है। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले यह सुविधा शुरू होगी। लोग अपने हिसाब से अपने समय में सारी जानकारी भर सकते हैं। इसके बाद उन्हें मोबाइल या ई-मेल पर एक विशेष आईडी मिलेगी। बाद में जब कर्मचारी घर पर आयेगा तो वे यह आईडी दिखाकर अपनी जानकारी की पुष्टि कर सकते हैं। इससे एक तरफ समय बचेगा और दूसरी तरफ प्रक्रिया आसान हो जायेगी।

प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे डिजिटल माध्यम से अपने विवरण खुद भरकर जनगणना 2027 को सफल बनायें। उन्होंने इसे बहुत अहम अभियान बताया और कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव टैगोर लोगों के लिए ऐसे उद्योगों के पक्षधर थे, जिनमें स्थायी रोजगार मिलने के साथ ही गांवों का भी कल्याण हो। उनके रवींद्र संगीत का प्रभाव आज भी दुनिया-भर में बना हुआ है। मेरे लिए शांति निकेतन की यात्राएं अविस्मरणीय रहीं। यह वही संस्थान है, जिसे उन्होंने पूरे समर्पण भाव से सींचा और संवारा था। उन्हें एक बार फिर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। प्रधानमंत्री ने कहा कि मई का महीना 1857 में हुए प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की याद भी दिलाता है। मैं मां भारती की सभी वीर संतानों को नमन करता हूं, जिन्होंने लोगों में देश-भक्ति की भावना जागृत की थी। यह समय स्कूली बच्चों की छुट्टियों का भी होता है। मेरा आग्रह है कि वे अपनी छुट्टियों का भरपूर आनंद लें और कुछ नया सीखने का प्रयास करें। गर्मियों के इस मौसम में आप सभी अपने स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखें। पवन ऊर्जा के क्षेत्र में देश की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा, ''देश के विकास के लिए सौर और पवन ऊर्जा जरूरी हैं। यह सिर्फ पर्यावरण की बात नहीं है - यह हमारे भविष्य की सुरक्षा है। इसमें हम सबकी भूमिका है। हमें बिजली बचानी है, हमें स्वच्छ ऊर्जा अपनानी है। देश में हर स्तर पर ऐसे प्रयास जरूरी हैं। पश्चिम एशिया संकट के दौरान कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की उत्पादन और आपूर्ति दोनों प्रभावित हुई है। इसने ऊर्जा के शुद्ध आयातक के रूप में भारत को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकल्प तलाशने के लिए प्रेरित किया है। श्री मोदी ने कहा कि आज पवन-शक्ति देश के विकास की नयी कहानी लिख रही है। भारत ने हाल ही में पवन-ऊर्जा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब देश की पवन ऊर्जा क्षमता 56 गीगावाट से अधिक हो चुकी है। पिछले एक साल में करीब छह गीगावाट नयी क्षमता जुड़ी है। भारत पवन ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया में चौथे स्थान पर है। ● शेष पेज 11 पर

### मन की बात में बोले मोदी

- ❐ स्थायी रोजगार के साथ गांवों के कल्याण के पक्षधर थे टैगोर
- ❐ देश के विकास के लिए सौर और पवन ऊर्जा जरूरी:
- ❐ फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की उपलब्धि पर मोदी ने वैज्ञानिकों को दी बधाई
- ❐ पूर्वोत्तर में बांस क्षेत्र तेजी से फल फूल रहा
- ❐ बुद्ध के विचार आज और भी प्रासंगिक हो रहे



# किसानों की आय युवाओं के रोजगार और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नई पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका का साधन नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला है। उत्तर प्रदेश न केवल देश का सबसे बड़ा कृषि उत्पादक राज्य है, बल्कि विविध फसलों, फल, सब्जियों, दुग्ध उत्पादन और पशुपालन के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। इसी मजबूत आधार को और सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र को नई दिशा और गति दे रही है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के माध्यम से किसानों, युवाओं और उद्यमियों के लिए आय और रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। यह पहल न केवल कृषि उत्पादों का मूल्य बढ़ा रही है, बल्कि 'फार्म से फोर्क तक' एक सशक्तए आधुनिक और पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला भी तैयार कर रही है।

खाद्य प्रसंस्करण आज वह क्षेत्र बन चुका है, जहां किसान अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं और युवा रोजगार के साथ-साथ उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पहले जहां किसान अपनी उपज को कच्चे रूप में बेचने को मजबूर होते थे, वहीं अब प्रसंस्करण के माध्यम से उसी उत्पाद को मूल्यवर्धित कर कई गुना अधिक आय अर्जित कर रहे हैं। टमाटर से सॉस, आम से जूस और पल्प गेहूं से पैकेज्ड उत्पाद, दूध से पनीर और अन्य डेयरी उत्पाद बनाकर बाजार में बेहतर कीमत प्राप्त की जा रही है।

राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी और विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता योजनाएं इस क्षेत्र को और अधिक आकर्षक बना रही हैं। पूंजी निवेश पर अनुदान, स्टाम्प शुल्क में छूट, बिजली दरों में रियायत और प्रशिक्षण सुविधाएं उद्यमियों को प्रोत्साहित कर रही हैं। इसके साथ ही सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग इस क्षेत्र में निवेश और उद्यम स्थापना के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

सरकार की नीति का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को कच्चे माल की आपूर्ति स्थानीय किसानो और दुग्ध उत्पादकों से सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे किसानों की आय में सीधा इजाफा हो रहा है और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। इसके साथ ही इकाइयों को उच्च गुणवत्ता और मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र और उत्पादन क्षमता के मानदंड भी निर्धारित किए गए हैं, जिससे उद्योग में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे।

### विकसित भारत की ओर एक मजबूत कदम

उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल 'आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से न केवल किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य हो रहा है, बल्कि प्रदेश को औद्योगिक और आर्थिक दृष्टि से भी नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा रहा है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आज उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। यह क्षेत्र किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार और उद्योग के विस्तार को एक साथ आगे बढ़ा रहा है। आने वाले समय में यह क्षेत्र न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खाद्य प्रसंस्करण आज केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मजबूत माध्यम बन चुका है।

नीति के अंतर्गत फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, रेडी.टू.इंट और रेडी.टू.कुक उत्पादए मसाले, मशरूम, शहद, सोयाबीन, कोको उत्पाद, गुड़ आधारित वैल्यू एडेड उत्पाद, फ्रूट जूस, डेयरी उत्पाद, कार्बोनेटेड पेय पदार्थ और मछली चारा निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। यह विविधता उत्तर प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण के एक बड़े हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस नीति का सकारात्मक प्रभाव अब जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। बड़ी कंपनियों के साथ-साथ छोटे और मध्यम स्तर के उद्यमी भी इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कॉर्पोरेट क्षेत्र से सेवानिवृत्त विशेषज्ञ, उच्च शिक्षित युवा और विदेशों से लौटे प्रोफ़ेशनल्स उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं। जनपद अमेठी के इंजीनियर एस0के0 तिवारी इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। 42 वर्षों के समृद्ध अनुभव के साथ उन्होंने स्टार्च उत्पादन से संबंधित प्रोजेक्ट की स्थापना का निर्णय लिया है, जिसका उपयोग बिस्कुट और टॉफी जैसे उत्पादों में किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि राज्य सरकार की आकर्षक सब्सिडी और अनुकूल नीति ने उन्हें इस निवेश के लिए प्रेरित किया। उनकी तकनीकी दक्षता और अनुभव से न केवल उद्योग को मजबूती मिली, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। इसी प्रकार जनपद बुलंदशहर के युवा उद्यमी मुकुल भूषण गुप्ता द्वारा स्थापित श्शाकुंभरी ऑर्गेनिक एक्जिम एलएलपी भी एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने तिल, मूंगफली, गेहूं और दालों के प्रसंस्करण, ग्रेडिंग और पैकेजिंग से संबंधित परियोजना में निवेश किया है। 20 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ उन्होंने इस क्षेत्र में कदम रखकर यह साबित किया है कि खाद्य प्रसंस्करण न केवल लाभदायक है, बल्कि यह किसानों और उद्योग के बीच एक मजबूत कड़ी भी है। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ रही है। स्वयं सहायता समूहों ;भ्ळेद्ध के माध्यम से महिलाएं पापड़, अचार, मसाले, बेकरी उत्पाद, जैम, जेली और अन्य खाद्य उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। यह उत्पाद स्थानीय बाजारों के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं। महिलाओं की इस भागीदारी से न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्ज़ा मिल रही है और सामाजिक स्तर पर महिलाओं का सम्मान भी बढ़ रहा है। खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए कोल्ड स्टोरेज वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स की व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है। फल और सब्जियों के खराब होने की समस्या को कम करने के लिए आधुनिक कोल्ड चेन सिस्टम विकसित किए जा रहे हैं, इससे किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने और उचित समय पर बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिल रही है।

सरकार द्वारा फूड पार्क, मेगा फूड पार्क और एग्री लॉजिस्टिक्स हब की स्थापना पर भी जोर दिया जा रहा है, इससे उत्पादन से लेकर वितरण तक की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित और कुशल बनाया जा रहा है। खाद्य प्रसंस्करण के विस्तार से प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है। किसान अपनी उपज को सीधे बाजार में बेचने के बजाय मूल्यवर्धित उत्पादों के रूप में बेहतर दाम प्राप्त कर रहे हैं, इससे उनकी आय में स्थायी वृद्धि हो रही है और बिचैलियों पर निर्भरता कम हो रही है।

युवाओं के लिए यह क्षेत्र रोजगार और स्वरोजगार का बड़ा अवसर बनकर उभरा है। आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप संस्कृति और सरकारी सहयोग के चलते आज का युवा नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बन रहा है। खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से उत्तर प्रदेश के उत्पाद अब अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और ब्रांडिंग में सुधार के कारण निर्यात की संभावनाएं तेजी से बढ़ी हैं, इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विदेशी मुद्रा अर्जित करने का अवसर भी मिल रहा है।

## 491 महिला आरक्षियों की भव्य पासिंग आउट परेड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। रिजर्व पुलिस लाइन, कमिश्नरेट वाराणसी में 26 अप्रैल 2026 को मोहित अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रक्रिया-2025 के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 491 महिला प्रशिक्षु आरक्षियों की दीक्षांत परेड (पासिंग आउट परेड) भव्य और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई।

करीब 9 माह के कठोर आंतरिक एवं बाह्य प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद सभी महिला आरक्षियां औपचारिक रूप से पुलिस विभाग में शामिल हुईं और राष्ट्रसेवा, कानून व्यवस्था एवं जनसुरक्षा के लिए तत्पर हुईं। समारोह के दौरान पुलिस आयुक्त ने परेड का निरीक्षण किया। 18 टोलियों ने परेड कमांडर प्रशिक्षु आरक्षी रेनू के नेतृत्व में अनुशासन, समन्वय और शारीरिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन करते हुए मार्च पास्ट किया और मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके बाद सभी प्रशिक्षुओं को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, निष्पक्षता और जनसेवा के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई गई। अपने संबोधन में पुलिस आयुक्त ने कहा कि पुलिस की वर्दी केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी, सेवा और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने महिला आरक्षियों को संवेदनशीलता और पूर्ण समर्पण के साथ कर्तव्य निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में प्रशिक्षुओं के परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपनी बेटियों को वर्दी में देखकर गौरवान्वित नजर आए। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला आरक्षियों को सम्मानित किया गया, जिसमें रोशनी गुप्ता को सर्वांग सर्वोत्तम तथा रेनू को बाह्य विषयों में सर्वोत्तम घोषित किया गया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, अनुशासित पुलिसिंग और सुरक्षित समाज निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अमृत भारत एक्सप्रेस के प्रचार हेतु स्कूली प्रतियोगिताओं का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 26 अप्रैल 2026 को बनारस स्टेशन के आसपास स्थित विभिन्न विद्यालयों में 'विकसित भारत' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' विषय पर निबंध, क्विज और चित्रकारी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वाराणसी मंडल के कार्मिक विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 196 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में प्राथमिक और जूनियर हाई स्कूल के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने ज्ञान, रचनात्मकता और टीम भावना का प्रदर्शन किया। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने न केवल सही उत्तर दिए, बल्कि विषयों पर अपनी गहरी समझ भी प्रस्तुत की।

पूर्वोत्तर रेलवे जूनियर हाई स्कूल, छित्तुपुर के 26 विद्यार्थियों में अंजली (प्रथम), विकास कुमार (द्वितीय) और अंकित कुमार (तृतीय) रहे। माधव जूनियर हाईस्कूल, फुलवरिया के 27 प्रतिभागियों में निर्मला सरोज (प्रथम), अंश सिंह (द्वितीय) और आदित्य कुमार (तृतीय) ने स्थान प्राप्त किया। लिटिल मांटेसरी स्कूल, लहरतारा में आयोजित प्रतियोगिताओं में सिमरन, आँचल कुमारी और अनन्य जैसवाल ने निबंध में तथा आर्या पाल, अल्का कुमारी और आंचल कुमारी ने चित्रकारी में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं संत साईं शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज, शिवनगर के जूनियर और सीनियर वर्ग के कुल 88 विद्यार्थियों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसका परिणाम सोमवार को घोषित किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल आयोजन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह, विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ। विजेता विद्यार्थियों को उद्घाटन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा का निरीक्षण

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी मनीष वर्मा और पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश प्रक्रिया और परीक्षार्थियों की जांच व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और परीक्षा पूरी ईमानदारी से कराई जाए। अभ्यर्थियों को भी शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। प्रशासन ने साफ किया कि किसी भी तरह की गड़बड़ी या नकल के प्रयास पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### करेली हत्याकांड का खुलासा

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करेली क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि पिता ने ही अपने बेटे की हत्या कर दी। आरोपी पप्पू जायसवाल को अपनी पत्नी और बेटे के बीच अवैध संबंध होने का शक था। इसी संदेह के चलते उसने इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस घटना ने रिश्तों में अविश्वास और संदेह के खतरनाक परिणाम को उजागर किया है।

### बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जार्जटाउन पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल और एक कटी हुई बजाज एवेंजर बाइक के अलग-अलग पुर्जे बरामद किए हैं। सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज ने बताया कि यह गिरोह शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बाइक चोरी कर उन्हें काटकर पुर्जों में बेच देता था। पुलिस को लंबे समय से इस गिरोह की तलाश थी। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद कई अन्य चोरी की घटनाओं के खुलासे की भी उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।

### बुद्ध के जीवन-दर्शन से रूबरू होंगे दर्शक

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी बुद्ध जयंती के उपलक्ष्य में इलाहाबाद संग्रहालय की पाक्षिक प्रदर्शनी श्रृंखला के अंतर्गत भगवान बुद्ध के जीवन और उपदेशों पर आधारित साइलेंट प्रीचर प्रदर्शनी का अनावरण रविवार को सायं 4 बजे संग्रहालय के केंद्रीय कक्ष में किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन पीएमओ के एडिशनल सेक्रेटरी सुभाशीष पांडा के करकमलों द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी में भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन, उनके संदेशों एवं बौद्ध कला से संबंधित दुर्लभ चित्रों, कलाकृतियों एवं दस्तावेजों को प्रदर्शित किया जाएगा। संग्रहालय प्रशासन के अनुसार यह विशेष प्रदर्शनी बुद्ध जयंती के अवसर पर आयोजित श्रृंखला का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आम जनमानस, विशेषकर युवा पीढ़ी को भगवान बुद्ध के विचारों और शिक्षाओं से परिचित कराना है। प्रदर्शनी के माध्यम से शांति, करुणा और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

### मल्हिया पासी स्मृति द्वार हटाए जाने पर बवाल, संगठनों ने किया राज्य मार्ग जाम



**मलिहाबाद/लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मलिहाबाद के मोहान तिराहे पर स्थापित महाराजा मल्हिया पासी स्मृति द्वार को 22 अप्रैल की देर रात हटाए जाने के विरोध में रविवार को पासी समाज और विभिन्न संगठनों का आक्रोश फूट पड़ा। लाखन पासी, सुहेलदेव आर्मी, पब्लिक अधिकार सोशलिस्ट पार्टी समेत कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और स्मृति द्वार को पुनः उसी स्थान पर स्थापित करने की मांग पर अड़ गए। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित लोगों ने हरदोई-लखनऊ राज्य मार्ग पर बांस-बल्ली डालकर दोपहर करीब एक बजे जाम लगा दिया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाइश देकर करीब आधे घंटे बाद जाम खुलवाया और यातायात बहाल कराया। इस बीच मलिहाबाद के पूर्व सांसद एवं केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर अपनी पत्नी व विधायक जयदेवी कौशल के साथ 25 अप्रैल की शाम से ही मोहान तिराहे के पास धरने (प्रवास) पर बैठे हुए हैं। रविवार को उनके समर्थन में मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत, मोहान विधायक बृजेश रावत तथा दर्ज़ा प्राप्त राज्य मंत्री कमरुद्दीन भी धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। धरने पर बैठे नेताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक स्मृति द्वार को पूर्व स्थान पर पुनः स्थापित नहीं किया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। मौके पर पहुंचे एडीएम राकेश कुमार सिंह, डीसीपी नॉर्थ गोपाल कृष्ण चौधरी और डीसीपी वेस्ट कमलेश दीक्षित सहित अन्य अधिकारियों ने वार्ता कर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल सका। स्थिति को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। मॉल, मलिहाबाद, दुबग्गा, बीकेटी, रहीमाबाद, नाका समेत करीब एक दर्जन थानों की पुलिस और पांच कंपनियां पीएसी तैनात की गईं। इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

## पुल निर्माण एक वर्ष से अधिक समय से अधूरा पड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। महराजगंज तहसील मुख्यालय से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित कैर नईया नाला पर बन रहा पुल पिछले एक वर्ष से अधिक समय से अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य में हो रही लगातार देरी के कारण क्षेत्रीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच निर्माणाधीन पुल के बगल से बनाए गए अस्थायी बाईपास मार्ग पर उड़ती धूल-गर्द ने आमजन का जीवन दूभर कर दिया है।

आपको बता दें कि, स्थानीय लोगों का कहना है कि, बाईपास मार्ग पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जाता, जिससे दिनभर धूल का गुबार बना रहता है। यदि सुबह, दोपहर और शाम के समय पानी का छिड़काव कर दिया जाए तो लोगों को काफी राहत मिल सकती है, लेकिन इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा। दोपहर में जब स्कूलों की छुट्टी होती है, तब स्थिति और भी विकट हो जाती है। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, महावीर स्टडी ईस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज, एसजेएस पब्लिक स्कूल सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने बताया कि, वे रोजाना साइकिल और बाइक से इसी मार्ग से गुजरते हैं। तेज धूल के कारण आंखों में मिट्टी चली जाती है, जिससे देखने में कठिनाई होती है और उनके कपड़े भी गंदे हो जाते हैं। इससे उन्हें घर पर भी परेशानी झेलनी पड़ती है।

कैर गांव के सामाजिक कार्यकर्ता श्रीकांत त्रिपाठी ने बताया कि, पुल निर्माण की धीमी गति को लेकर कई बार क्षेत्रीय लोगों ने आवाज उठाई, लेकिन शासन-प्रशासन और कार्यदायी संस्था 'अंबर कंस्ट्रक्शन' ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उनका आरोप है कि, निर्माण कार्य बेहद सुस्त गति से किया जा रहा है।

मोन गांव निवासी अधिवक्ता शैलेन्द्र सिंह 'सिंपल' ने भी अपनी समस्या साझा करते हुए बताया कि, रोजाना अदालत जाते समय उनकी चार पहिया गाड़ी धूल से भर जाती है, जिसे साफ कराने में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि, यह समस्या केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों की है। क्षेत्र के अधिवक्ता विद्यासागर अवस्थी, ज्योति प्रकाश अवस्थी, भोलू सिंह, सुभंजय सिंह, सोनू शुक्ल, राहुल साहू, करण सिंह, लवलेश पांडेय, हरिहर सिंह, अमित सिंह, राम सूरत, दिलीप सिंह, भोलानाथ तिवारी, अमरेश अवस्थी, डॉ. टी.पी. यादव और अमरेन्द्र सिंह सहित कई लोगों ने शासन-प्रशासन के प्रति रोष व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द पुल निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## जमीन पर विरोधियों का हमला, तार के खंभे उखाड़ने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र में जमीन विवाद का मामला सामने आया है, जिसमें एक पक्ष ने पैमाइश व पत्थरगढ़ी के बाद कब्जे में मिली जमीन पर विरोधियों द्वारा हमला करने और तार के खंभे उखाड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अनिल कुमार पुत्र मानिक लाल, निवासी महराजगंज, ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम अतरेहटा, थाना महराजगंज स्थित गाटा संख्या 990/0.006 हे. व गाटा संख्या 455/0.737 हे. भूमि सरकारी अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है। उक्त भूमि को लेकर उन्होंने धारा 24/30 प्र0 राजस्व संहिता 2006 के तहत वाद दायर किया था।

पीड़ित के अनुसार, 31 अक्टूबर 2023 को राजस्व टीम द्वारा भूमि की पैमाइश की गई थी, जिसकी पुष्टि न्यायालय ने 22 अक्टूबर 2024 को कर दी। इसके बाद 30 मार्च 2026 को राजस्व टीम ने मौके पर पत्थरगढ़ी कराते हुए तार के पोल लगवाए और उन्हें भूमि का कब्जा सौंप दिया गया। अनिल कुमार का आरोप है कि 31 मार्च 2026 को अखिलेश पुत्र हरिकेंद्र व विक्रान्ता पुत्र पेढ़ई, निवासी पूरे मूडू मजरे अतरेहटा, लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए वहां लगे तार के पोल उखाड़ने शुरू कर दिए। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने 1 अप्रैल 2026 को थानाध्यक्ष महराजगंज को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कोरांव तहसील में लाखों खर्च के बाद भी शौचालय बदहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

(कोरांव), प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव तहसील में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। लेखपाल और कानूनगो के तहसील परिसर में न आने से वादकारियों और अधिवक्ताओं के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि वे किसान पंजीकरण के कार्यों में व्यस्त हैं।

तहसील भवन में बने शौचालय क्रियाशील नहीं हैं। इनमें पानी की आपूर्ति नहीं होती, कुछ पर ताले लगे हैं और अधिकतर गंदगी से पटे पड़े हैं। साफ-सफाई और रखरखाव का अभाव है। भीषण गर्मी के बावजूद पीने के ठंडे पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। शौचालय की सुविधा न होने के कारण महिला और पुरुष वादकारियों को शौच के लिए बाजार या अपने घर वापस जाना पड़ता है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद तहसील में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। तहसील कार्यालयों में लगभग आधा दर्जन निजी कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिन्हें कोई वेतन नहीं मिलता। ये कर्मचारी काम कराने आने वाले लोगों से रिश्वत लेकर अपना गुजारा करते हैं। इससे सरकारी कामकाज में पारदर्शिता की कमी आ रही है। जनसुनवाई भी सही ढंग से नहीं हो पा रही है और न्यायालय में सुनवाई होने के बावजूद मामलों का निस्तारण उस अनुपात में नहीं हो पा रहा, जिसकी अपेक्षा की जाती है। अधिकारियों के अपने कार्यालयों में बैठने का समय भी निश्चित नहीं है, जिससे जनता को भटकना पड़ता है। सरकार जहां लोगों को पारदर्शिता से न्याय दिलाना चाहती है, वहीं जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्य को भूलकर निजी स्वार्थों में लगे हैं। क्षेत्र की जनता तहसील की कार्यप्रणाली से खुश नहीं है और इस संबंध में जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकर्षित कराया गया है। चर्चा है कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ओवरलोड वाहनों द्वारा अवैध खनन और परिवहन धड़ल्ले से चल रहा है, जिससे सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं।

## केशरी बने गरीब भाई-बहन का सहारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

(कोरांव), प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव में एक बेसहारा बहन और उसके दिव्यांग भाई को स्थानीय ज्वेलर अजय प्रकाश केशरी उर्फ डब्बू सर्राफ का सहारा मिला है। पति की मृत्यु और घर गिरने के बाद सरकारी योजनाओं से वंचित यह भाई-बहन बेहद मुश्किल परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे थे। रसीदन पुत्री स्वर्गीय पीर मोहम्मद की शादी मिर्ज़ापुर के इमामबाड़ा पानी टंकी सदर में हुई थी। उनके पति जमील का निधन वर्ष 2022 में बीमारी के कारण हो गया था और उनके कोई संतान नहीं है। रसीदन के पांच भाई हैं, लेकिन कोई भी उनका सहारा नहीं बना।

पिछले लगभग ढाई वर्षों से रसीदन अपने दिव्यांग भाई सुबरातती पुत्र स्वर्गीय पीर मोहम्मद के साथ प्रयागराज के गांधी नगर कोरांव में रह रही हैं। वह बीड़ी बनाकर और घरों में मजदूरी करके अपना जीवन चलाती हैं। हाल ही में बारिश के कारण उनका मकान गिर गया, जिससे सुबरातती का राशन कार्ड, आधार कार्ड



डब्बू सर्राफ ने राशन दिया, सरकारी मदद की मांग उठाई

और अन्य सरकारी दस्तावेज नष्ट हो गए। सुबरातती की भी शादी हुई थी, लेकिन उनकी पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई और उनके भी कोई बच्चे नहीं हैं। दिव्यांग होने के बावजूद सुबरातती को विकलांग पेंशन, राशन या किसी अन्य सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। रसीदन भी सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। उनके पास रहने के लिए अपना कोई मकान या जगह नहीं है, और वे दूसरों के यहां किसी तरह गुजारा करते हैं। मेहमान आने पर उन्हें सड़क पर रात बितानी पड़ती है।

पीड़ित रसीदन ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें आधार कार्ड, राशन कार्ड और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभमिले, ताकि वे और उनके दिव्यांग भाई बेसहारा जीवन से मुक्ति पा सकें। बहादुर शाह नगर, कोरांव के अजय प्रकाश केशरी उर्फ डब्बू सर्राफ, जो ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन के जिला महामंत्री भी हैं, को जब इस भाई-बहन की दुर्दशा का पता चला, तो उन्होंने उन्हें अपने घर बुलाया। उन्होंने उन्हें गेहूं, चावल, चीनी, चायपत्ती, तेल, रिफाइंड, आलू, टमाटर, नमक और अन्य सब्जियों सहित आवश्यक घरेलू सामान उपलब्ध कराया। अजय प्रकाश केशरी पहले भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं। वर्ष 2023 में उन्होंने बडोखरा गांव के पवन आदिवासी के बेटे युवराज को तूफान में चोट लगने पर 5100 रुपये की सहायता राशि दी थी। वह ठंड के महीनों में जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित करते हैं। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी ऐसे जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की है।


## कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद-बाराबंकी

पत्रांक : 37 / न0पं0 है0/ ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक 21 अप्रैल 2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग -5 लखनऊ दिनांक-20 सितम्बर 2019 के क्रम में समस्त सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों / फर्मों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हैदरगढ के विभिन्न वार्डों में सडकों, नाले, नालियों आदि की मरम्मत / रिपेयरिंग की प्रस्तावित कार्ययोजना पर के क्रियान्वयन हेतु ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदाएं प्रतिशत दर के आधार पर अधोलिखित नियम एवं शर्तों के अधीन दिनांक 24.04.2026 से दिनांक 15.05.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 16.05.2026 को ई-निविदा पोर्टल पर आनलाइन खोली जायेंगी।

(इन्द्रभान)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी नगर

(आलोक तिवारी)
अध्यक्ष
पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी

# जनहित योजनाओं को मिल रही नई गति : डॉ राजेश्वर सिंह

❒ डॉ. राजेश्वर सिंह के 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम से सरोजनीनगर में त्वरित जनसेवा को मिल रही गति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से चलाया जा रहा 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम लगातार प्रभावी साबित हो रहा है। इसी क्रम में औरंगाबाद खालसा, बिजनौर में आयोजित 165वें शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं, जनसुनवाई और युवा सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सड़क और नाली निर्माण, पुलिस सहायता, पार्क सौंदर्यीकरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आर्थिक सहायता, हैंडपंप, नगर निगम, आयुष्मान कार्ड, स्ट्रीट लाइट और सफाई जैसी समस्याएं शामिल रहीं। इनमें से 4 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर लोगों को तत्काल राहत प्रदान की गई, जबकि शेष मामलों पर कार्रवाई जारी है। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण पहल की गई। शिविर में 53 बुजुर्गों की आंखों की जांच कराई गई, जिनमें से 30 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। वहीं, जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ते हुए तीन लाभार्थियों–शंकर, नारायण और कलावती–के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। कार्यक्रम में शिक्षा को बढ़ावा देते हुए मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अंजली शुक्ला (77.33%) और अभिषेक साहू (83.3%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट में देव वर्मा (70.4%) और संध्या रावत (78.4%) को भी इसी प्रकार प्रोत्साहित किया गया। युवा सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 115वें गर्ल्स यूथ क्लब और 179वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया, जिससे क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने स्वास्थ्य, सहायता और विकास को एक साथ जोड़ते हुए जनहित योजनाओं को नई गति देने का कार्य किया।

# जश्न-ए-इमामे रज़ा का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ रूहानियत और नूर से सजी महफ़िल

❒ अंजुमन दस्ता ए हुसैनी के तत्वाधान में हुआ आयोजन



लखनऊ। रविवार को लखनऊ के मंसूर नगर स्थित मैदान एल.एच. खां की अंजुमन दस्त-ए-हुसैनी और जश्न-ए-इमामे रज़ा कमेटी की जानिब से ़जश्न-ए-इमामे रज़ा (अ.स.)ङ्क का भव्य और रूहानी आयोजन किया गया। इस शानदार महफ़िल में अकीदतमंदों की बड़ी तादाद ने शिरकत कर अपने जज़्बात-ए-अक़ीदत का इज़हार किया। जश्न के कनवीनर जावेद रज़ा ने बताया कि कार्यक्रम की तमाम तैयारियां मुकम्मल थीं और आयोजन को कामयाब बनाने के लिए खास इंतज़ाम किए गए थे। महफ़िल का आयोजन ह़ज़रत कासिम हॉल में हुआ, जहां देश के मुख़्तलिफ हिस्सों से आए उलेमा और शायरों ने अपने कलाम के ज़रिए इमामे रज़ा (अ.स.) की बारगाह में नजराना-ए-अक़ीदत पेश किया।

इस मौके पर मेहमान-ए-ख़ुसूसी डॉ. मौलाना यासूब अब्बास ने अपनी असरदार तकरीर में इमामे रज़ा (अ.स.) की सीरत, इल्म और इंसानियत के पैग़ाम को बयान किया। वहीं मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नक़वी, मौलाना सैय्यद अब्बास इरशाद नक़वी और मौलाना सदफ जौनपुरी, मौलाना सैय्यद मोहम्मद सकलैन आबिदी ने भी अपने खिताब से महफ़िल को रूहानी रंग में रंग दिया। रूहानी व अदबी रंग में रंगी इस महफ़िल में वरिष्ठ शायरों में सरवर नवाब, एजाज़ ज़ैदी, नासिर जरवली, बिलाल काज़मी और नय्यर मजीदी ने अपने शानदार अशआर से समां बांध दिया। वहीं बेरुनी शायरों में सलीम जैदी (टुल्लू), जो मशहूर टीवी सीरियल ़भाभी जी घर पर हैङ्क से अपनी खास पहचान रखते हैं, की मौजूदगी ने महफ़िल की रौनक को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम की निज़ामत के फ़राइज़ खुर्शीद रज़ा फतेहपुरी और गुलरेज़ नक़वी ने बेहतरीन अंदाज़ में अंजाम दिए, जिससे महफ़िल का सिलसिला बेहद सलीके और खूबसूरती के साथ आगे बढ़ता रहा। महफ़िल के आखिर में तबर्रुक का भी इंतज़ाम किया गया। और कुरा अंदाजी के जरिए लोगों को जियारत इराक कुरा निकला गया। आयोजकों ने तमाम मोमिनीन का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उनकी शिरकत ने इस रूहानी और अदबी आयोजन को कामयाबी की बुलंदियों तक पहुंचाया। साथ ही यह भी यकीन दिलाया गया कि आने वाले वक्त में भी ऐसे प्रोग्राम बेहतर इंतज़ामात के साथ आयोजित किए जाते रहेंगे।

# संगोष्ठी में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ (चिनहट)। चिनहट स्थित वाल्मीकि मंदिर में शनिवार, 25 अप्रैल 2026 को परम पूज्य बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जीवन, विचारों और संविधान निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विचार संगोष्ठी एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन अरुण वाल्मीकि (वार्ड अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी एवं शाखा अध्यक्ष, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा) के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उनकी टीम के सदस्य– रिंकू वाल्मीकि, सुनील वाल्मीकि, मनोज वाल्मीकि, लकी कुमार, वीरेंद्र कुमार, अजय वाल्मीकि, आकाश वाल्मीकि, सुधीर वाल्मीकि (सनी), संजय वाल्मीकि, राजीव, मोहित वाल्मीकि, कुणाल वाल्मीकि, राजा वाल्मीकि, रोहित, मयंक, कैलाश वाल्मीकि, कृष्णा, बबलू सहित बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत, महासचिव मोहम्मद शब्बीर खान एवं विजय यादव मौजूद रहे। इसके अलावा देश दीपक वाल्मीकि (राष्ट्रीय संगठन महासचिव, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा), सुरेंद्र वाल्मीकि (पार्षद), उषा सेन (ब्लॉक प्रमुख, चिनहट), अजय महर्षि, अविनाश भारती, कुणाल चौधरी, रविकांचन, जय राम कनोजिया, रिजवान, तौफीद गुर्जर, गोविंद यादव, दीप वाल्मीकि सहित अनेक गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। संगोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के विचारों को आज के समाज के लिए प्रासंगिक बताते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही मेधावी छात्रों को सम्मानित कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया।

# स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई ठंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ फर्जी टीबी बताकर लाखों की वसूली, 'किराए की कोख' वीडियो पर भी सिर्फ नोटिस, कार्रवाई के नाम पर खामोशी







बख्शी का तालाब, लखनऊ। बीकेटी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। दो निजी अस्पतालों पर संगीन आरोप सामने आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। विभागीय रुख ऐसा है मानो नोटिस जारी कर जिम्मेदारी पूरी कर ली गई हो, जबकि आरोप सीधे मरीजों की जिंदगी और कानून व्यवस्था से जुड़े हैं।

सीतापुर रोड स्थित पारसनाथ हॉस्पिटल के खिलाफ सरैया मोड़ निवासी संजय सिंह (49) ने मुख्य चिकित्साधिकारी को शिकायत देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि 7 दिसंबर 2025 को उन्हें टीबी का मरीज बताकर भर्ती किया गया और पांच दिन के इलाज के नाम पर भारी भरकम रकम वसूली गई। बाद में दूसरी जांच में टीबी की पुष्टि न होने पर उन्होंने करीब सात लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया। पीड़ित के अनुसार गलत इलाज के चलते उनकी आंखों की रोशनी तक प्रभावित हुई है–जो पूरे प्रकरण को और गंभीर बना देता है।दूसरी ओर, महोना स्थित सहारा वेलकेयर हॉस्पिटल एक कथित वायरल वीडियो के कारण विवादों में है। वीडियो में 'किराए की कोख' से जुड़े सौदे का दावा किया जा रहा है। हालांकि वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सख्त कार्रवाई की उम्मीद थी। विभाग ने अस्पताल को नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगे, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। इसके बावजूद कार्रवाई पूछताछ तक सीमित रहना कई सवाल खड़े करता है।

## नोटिस तक सीमित सिस्टम

दोनों मामलों में विभागीय कार्रवाई 'नोटिस, दस्तावेज तलब और बयान' से आगे नहीं बढ़ पाई है। न लाइसेंस पर असर, न संचालन पर रोक–ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या नियम सिर्फ कागजों तक सीमित हैं?

## जवाबदेही से बचता तंत्र

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अस्पताल जरूरी दस्तावेज तक नहीं दे पा रहे, तो उन पर तत्काल रोक क्यों नहीं लगाई जा रही। गंभीर आरोपों के बीच विभाग की ढिलाई से आम लोगों का भरोसा लगातार कमजोर हो रहा है।

## जमीन पर सन्नाटा

स्वास्थ्य विभाग हर बार 'जांच जारी' का हवाला दे रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। लंबा खिंचता यह मामला अब सिर्फ जांच नहीं, बल्कि विभागीय जवाबदेही की भी परीक्षा बन गया है।

# द्वितीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शिया महाविद्यालय की जंतु विज्ञान विभाग ने जड़ी-बूटी खोजने वाले जानवर, पौधों पर शोध और सुरक्षित औषधि के विषय पर द्वितीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। उक्त सेमिनार उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश प्रयाग राज द्वारा प्रायोजित था।

इस सेमिनार में प्रोफ़ेसर अब्बास अली मेहदी, कुलपति, एरा मेडिकल विश्विद्यालय, लखनऊ ने हर्ब्स में पाए जाने वाले हानिकारक विषाक्त धातु पर व्याख्यान दिया। प्रोफ़ेसर अमिता कनौजिया, विभाग अध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ने हर्ब्स की उचित प्रयोग पर ज़ोर दिया। इसके अतिरिक्त प्रोफ़ेसर अजय बहादुर, प्रोफ़ेसर सरवत तकी, प्रोफ़ेसर नफीस नकवी, प्रोफ़ेसर तैयब शमशाद नक़वी ने अपनी शोध के निष्कर्ष साझा किया। प्रोफ़ेसर शबीह रज़ा बाक़री, प्राचार्य शिया महाविद्यालय ने हर्ब्स और आयुर्वेद में शोध पर ज़ोर दिया।

इस सेमिनार में कई शोध कर्ताओं ने अपने शोध पत्र पढ़े जिसमे उत्कृष्ट शोध पत्रों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त बेगम ज़िकया तकी हसन अवॉर्ड, नवाब तकी हसन अवॉर्ड और डॉ आग़ा हादी मसीह अवार्ड दिए गए जिसमें तीन शोधार्थी को अलग अलग रुपए 1000/ दिए गए।

इसके अतिरिक्त प्रोफ़ेसर सादिक अब्बास, डॉ अलका यादव अग्रवाल, डॉ सूचित स्वरूप, डॉ गौरव वाजपेई, डॉ शशिकांत, डॉ सुधाकर, डॉ आसिफ जाफरी, डॉ निखिल श्रीवास्तव और डॉ सतीश चंद्रा आदि उपस्थित रहे। इस सेमिनार के समन्वयक प्रोफ़ेसर आग़ा परवेज़ मसीह ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। सेमिनार का समापन राष्ट्रीय गान के बाद हुआ है।

# पुलिस सक्रिय! फिर भी खुलेआम हो जुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ठाकुरगंज पुलिस कितनी मुस्तैदी के साथ अपना काम करती है इसकी तस्वीरें आपको गाहे बगाहे नज़र आ ही जाती होंगी क्योंकि तस्वीर तब खींची जाती है जब पुलिस अपने सक्रिय होने का प्रचार करना चाहती है अगर वास्तव मे पुलिस सक्रियता से अपना काम करती तो उन जुआरियों को पुलिस का खौफ ज़रूर होता जो खुले आम पत्तों के साथ एक का दस करवाने का धंधा चला रहे हैं वो भी चौकी के पास यही कारण है कि कहना पड़ता है कि ठाकुरगंज पुलिस जुआ रोकने में लगातार नाकाम साबित हो रही है। पहले भी कई बार खबर चलने के बावजूद इलाके में जुए का कारोबार थमने का नाम नही ले रहा जिसकी वजह पुलिस की उसके काम के प्रति उदासीनता ही कही जा सकती है।आए दिन लोगों की जुआ खेलते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सूत्रों की मानें तो ठाकुरगंज क्षेत्र की गऊघाट पुलिस चौकी के अंतर्गत खुलेआम जुए का अड्डा चल रहा है। सूत्रों का आरोप है कि ठाकुरगंज पुलिस को इसका हिस्सा पहुंचता है, इसलिए जुए के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया जाता। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि ''जब पुलिस से सेटिंग हो तो फिर डर किसका''।

लगातार शिकायतों और वायरल वीडियो के बाद भी पुलिस की चुप्पी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल इस मामले में पुलिस के आला अधिकारियों का कोई बयान सामने नहीं आया है। अब देखना है कि हमारी खबर के बाद वहां की तस्वीर बदलती है या अगली खबर भी इसी की एक और कड़ी के रूप मे सामने आती है।

## युवक की आत्महत्या मामले में केस दर्ज

**लखनऊ, चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र के मटियारी स्थित आस्था नगर में युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक युवती पर मानसिक उत्पीड़न, आर्थिक दबाव बनाने और आत्महत्या के लिए उकसाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, मृतक युवक मूल रूप से बस्ती जनपद का निवासी था और वर्तमान में मटियारी के आस्था नगर में रह रहा था। परिजनों का आरोप है कि आरोपी युवती युवक को लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही थी। साथ ही उस पर दबाव बनाकर उससे लगभग 1 लाख रुपये का लोन कराके पैसे भी ले लिए थे। परिवार के अनुसार, घटना 21 अप्रैल 2026 की शाम की है, जब युवती ने युवक से विवाद के बाद उसे लगातार फोन कर मानसिक तनाव में डाला। आरोप है कि इसी दबाव में आकर युवक ने आत्महत्या कर ली। परिजनों का यह भी कहना है कि घटना के दौरान युवती वीडियो कॉल पर थी, जिससे उसे पूरी घटना की जानकारी थी। घटना के बाद एक घंटे बाद आस पास रहने वाले लोगों को संदेश भेजकर घटना की जानकारी दी, बाद में परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चिनहट मे प्लॉट दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी

**लखनऊ (चिनहट)लखनऊ, चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट क्षेत्र में प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता विमला देवी, जो मूल रूप से जनपद अयोध्या की निवासी हैं, पीड़िता अपनी पुत्री और दामाद जो चिनहट के किसान पथ स्थित अनोरा कला क्षेत्र में रहते है बताया गया कि पीड़िता अपनी पुत्री के लिए पास में ही एक प्लॉट खरीदना चाहती थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात उमा शंकर मिश्रा नामक व्यक्ति से हुई, जिसने खुद को प्लॉट का जानकार बताते हुए भरोसा दिलाया। आरोपी ने बताया कि पास में स्थित एक प्लॉट उसके परिचित का है, जिसे बेचा जाना है। उसने यह भी कहा कि प्लॉट के मालिक की मृत्यु हो चुकी है और उसकी मां ही एकमात्र वारिस हैं। आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता और उनकी पुत्री और दामाद को विश्वास में लेकर जल्द सौदा करने का दबाव बनाया और 10 लाख रुपये बतौर बयाना जमा कराने को कहा। झांसे में आकर पीड़िता ने तीन किस्तों में उक्त रकम आरोपी द्वारा बताए गए खाते में जमा कर दी। रकम लेने के बाद आरोपी ने न तो प्लॉट की रजिस्ट्री कराई और न ही पैसे वापस किए। जब पीड़िता ने संपर्क करने की कोशिश की, तो आरोपी टालमटोल करने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन कब्जाने वाला शातिर गिरफ्तार,

**मोहनलालगंज, लखनऊ, चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। यह मामला निगोहां क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव स्थित गाटा संख्या-65 की जमीन से जुड़ा है, जहां न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद फर्जीवाड़ा कर जमीन अपने नाम दर्ज करा ली गई थी।पुलिस के अनुसार जनपद उन्नाव निवासी शिवकुमार द्वारा मोहनलालगंज कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि कुछ लोगों ने मिलकर फर्जी पारिवारिक रजिस्टर तैयार किया और जमीन पर कब्जा कर लिया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि उक्त भूमि विवाद पहले से ही न्यायालय में विचाराधीन था और कोर्ट द्वारा स्पष्ट रूप से स्थगन आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद आरोपियों ने तथ्यों को छुपाकर न्यायिक तहसीलदार से एकपक्षीय आदेश प्राप्त कर लिया और जमीन की वरासत अपने नाम दर्ज करा ली।विवेचना के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि आरोपियों ने दस्तावेजों में हेरफ़ेर कर पारिवारिक रजिस्टर में गलत नाम दर्ज कराए और उसी आधार पर जमीन की वरासत दर्ज कराई गई। इतना ही नहीं, आरोपियों द्वारा उक्त जमीन का एग्रीमेंट कर आर्थिक लाभ लेने का प्रयास भी किया गया।रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 26 वर्षीय दशरथ रावत निवासी नेवलखेड़ा मोहनलालगंज को ज्योतिनगर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। जबकि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले में धोखाधड़ी और जालसाजी की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। किसी भी कीमत पर इस तरह के फर्जीवाड़े को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं पीड़ित पक्ष ने कार्रवाई पर संतोष जताया है।

## भारत अकादमी ने आर्ट, क्रॉफ्ट एवं साइंस प्रदर्शनी का किया आयोजन

**लखनऊ, चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भारत अकादमी की ओर से नौबस्ता में वार्षिक मेला, आर्ट, क्रॉफ्ट एवं साइंस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारत अकादमी के निदेशक एवं अशोक मेमोरियल फाउंडेशन के सदस्यों ने कबूतर और तिरंगा गुब्बारे आकाश में छोड़कर किया गया। यह जानकारी अकादमी के मोहम्मद शमीम अख्तर नदवी ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आर्ट, क्रॉफ्ट और साइंस के क्षेत्र में अपनी रचनात्मक प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जिसे वहां उपस्थित शिक्षकों और प्रबंधन ने खूब सराहा। प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए मॉडल और कलाकृतियों ने उपस्थित लोगों को काफी प्रभावित किया। छात्रों के अभिभावकों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया तथा छात्रों की मेहनत की सराहना की गई।

## रेखा वर्मा की अगुवाई में पदयात्रा, गूंजे नारे



**लखनऊ, चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** परवर पश्चिम स्थित पधराव वाटिका मैरिज लॉन में 'जिला जन आक्रोश महिला पदयात्रा' का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों महिलाओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रेखा वर्मा रहीं, जबकि आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। पदयात्रा के दौरान महिलाओं ने विपक्ष की कथित नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेखा वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, जिससे संसद और विधानसभाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह, जिला महामंत्री धीरू पांडे, अंकित गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष हंसराज रावत, गौरव सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष व संयोजक राजकुमार पटेल, जिला मंत्री संजीव मिश्रा, मुकेश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह व रोहित तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग को बंद करने के विरोध में प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। आलमनगर वार्ड स्थित जलालपुर रेलवे क्रासिंग को रिपेयर करने के नाम पर बंद कर दिया गया था। जिसे खुलवाने के लिए रविवार को पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह एवं पार्षद रेखा सिंह के आवास के सामने भारी संख्या में एकत्रित हुए नागरिकों ने पार्षद से अनुरोध किया कि रेलवे प्रशासन से बात कर इस क्रॉसिंग को तुरंत खुलवाया जाए।

जनता की समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय पार्षद रेखा नागेंद्र सिंह ने स्वतः रेलवे के उच्च अधिकारी से बात की एवं अधिकारी रोहित सिंह स्वयं स्थल (रेलवे क्रॉसिंग) पर आए और समस्या के बारे में अपने उच्च अधिकारी को अवगत कराया और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ओएसडी के पी सिंह ने भी रेलवे के उच्च अधिकारी से बात कर आश्वासन दिया कि जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग को जल्द से जल्द खोला जाएगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रकाश मिश्रा ,मंडल अध्यक्ष सोमेंद्र पांडे ,महामंत्री प्रमोद कुमार सेक्टर संयोजक अरविंद सिंह और संजीव सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# पुल तैयार पर राह दुश्वार

❒ हरकंशगढ़ी में छह माह से अधर में आवागमन राहगीरों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज के हरकंशगढ़ी में सरकारी तंत्र की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहाँ जर्जर पुल की जगह नया पुल तो खड़ा कर दिया गया, लेकिन उस तक पहुँचने के लिए रास्ता एप्रोच मार्ग बनाना विभाग भूल गया। पिछले छह महीने से पुल 'सफ़ेद हाथी' साबित हो रहा है और हजारों की आबादी वैकल्पिक रास्तों के अभाव में मुसीबतें झेल रही है।

किसान पथ से सटे इस इलाके में बसी दर्जनों कॉलोनियों और हरकंशगढ़ी व डालौना गांव के ग्रामीणों के लिए यह पुल लाइफलाइन था। स्थानीय निवासी राजेश, शत्रोहन, संतोष और संजीवन ने बताया कि रास्ता न होने के कारण लोग मजबूरी में हाईवे पर पुलिस चौकी के पास से उल्टी दिशा रॉन्ग साइड में वाहन चलाने को मजबूर हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

पुल के पास ही एक निजी इंटर कॉलेज और सरकारी स्कूल स्थित है। रास्ता बंद होने से नन्हे-मुन्ने बच्चों को कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि हाईवे पर भारी वाहनों के बीच बच्चों का सफर हर वक्त जान जोखिम में डालने जैसा है।ग्रामीणों ने कहा कई बार अधिकारियों को लिखित शिकायत दी, लेकिन फाइलें दफ्तरों में धूल फांक रही हैं। अगर जल्द रास्ता नहीं बना, तो हम सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे। हैरानी की बात यह है कि इस अव्यवस्था से खाकी भी अछूती नहीं है। किसी भी आपातकालीन सूचना या गश्त के लिए पुलिस की गाड़ियों को गोपालखेड़ा या किसान पथ से लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ता है।

इससे मौके पर पहुँचने में देरी हो रही है। प्रशासनिक उदासीनता से त्रस्त लोगों का सब्र रविवार को टूट गया। ग्रामीणों ने पुल और अधूरे रास्ते की तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। स्थानीय निवासियों ने जिम्मेदार अधिकारियों को खूब खरी-खोटी सुनाई और इसे सरकारी धन का दुरुपयोग बताया।

# सीतापुर पुलिस की बड़ी सफलता : फिरौती देकर हत्या का षडयंत्र बनाने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सघन चेकिंग के निर्देश दिये गये हैं । उक्त दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार के नेतृत्त्व में थाना को.नगर व व स्वाट टीम के संयुक्त अभियान के दौरान मातृ वाटिका के सामने कनवा खेडा सर्विस लेन कट के पास खैराबाद की ओर से आ रही एक कार टोयोटा ग्लैन्जा में 04 अभियुक्त गण 1.गौरव गुप्ता पुत्र खुशी राम गुप्ता निवासी निकट ईदगाह गुप्ता कालोनी तरीनपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर उम्र 42 वर्ष 2. राजू पुत्र सतगुरू यादव निवासी नारदपुर थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी उम्र 37 वर्ष 3. अमरजीत यादव पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम बेलवा टिकैतपुर थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी उम्र 33 वर्ष 4. गुड्डू पुत्र राम दयाल पासी निवासी जमौलिया थाना घुँघटेर जनपद बाराबंकी उम्र 57 वर्ष को एक अदद तमंचा 315 बोर व 3 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर , व एक अदद तमचा 12 बोर व 2 अदद कारतूस 12 बोर , 5 अदद मोबाइल फोन व एक अदद चार पहिया वाहन कार व कूटरचित नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर में इस सम्बन्ध में मु0अ0सं0 104/26 धारा 318(4),338, 336(3), 340(2),61(2) बीएनएस व 25-1(बी) आयुध अधि0 पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त गणों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है । अपराध का तरीकाः- अभियुक्त गौरव गुप्ता का मुकेश गुप्ता निवासी गुप्ता कालोनी तरीनपुर कोतवाली नगर सीतापुर के साथ रुपयों के लेन देन की रंजिश चली आ रही थी जिसके कारण गौरव गुप्ता द्वारा अपने अन्य साथियों राजू , अमरजीत , गुड्डू को फिरौती की रकम ढाई लाख रुपये देकर जान से मारने का षडयंत्र बनाया तथा काम को अंजाम देने के लिये सीतापुर अपनी कार में आये थे, अभियुक्त गणों द्वारा घटना में प्रयुक्त कार की नम्बर अभियुक्तों द्वारा कूटरचित ढंग से तैयार की गयी । बरामदगीः- एक अदद तमंचा 315 बोर व 3 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर , व एक अदद तमचा 12 बोर व 2 अदद कारतूस 12 बोर , 5 अदद मोबाइल फोन व एक अदद चार पहिया वाहन कार (Toyota glanza) व कूटरचित नम्बर प्लेट।

# बदहाल जल निकासी व्यवस्था, गंदे पानी के जलभराव से जनता त्रस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। कुकरा ग्राम पंचायत के मुख्य चौराहे से जटपुरा जाने वाले प्रमुख मार्ग पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हालात दिन-प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं। नालियों की नियमित सफाई और रखरखाव के अभाव में वे पूरी तरह चोक हो चुकी हैं, जिससे गंदा, बदबूदार और प्रदूषित पानी सड़कों पर भर गया है। इस जलभराव के कारण न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों और क्षेत्रवासियों को मजबूरी में इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक रोगों का खतरा मंडरा रहा है। क्षेत्र की जनता भय और असुविधा के बीच जीवन यापन करने को मजबूर है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की इस लापरवाही से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

मांगःक्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से नालियों की सफाई,जल निकासी की उचित व्यवस्था और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके और क्षेत्र को संभावित स्वास्थ्य संकट से बचाया जा सके।

## सीयूईटी (पीजी) परीक्षा में बाँकेगंज के मनप्रियम का कमाल, हासिल की चतुर्थ ऑल इंडिया रैंक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। क्षेत्र के ग्राम स्टेशनपुरवा निवासी और लखनऊ विश्विद्यालय के छात्र मनप्रियम एक बार फिर अपनी मेधा का परचम फहराते हुए जनपद का मान बढ़ाया है। उन्होंने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (पीजी) में चतुर्थ आल इंडिया रैंक हासिल की है। इससे पूर्व गत माह मनप्रियम ने आइआइटी जैम (ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फार मास्टर्स) परीक्षा में 45वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की थी। मेधावी छात्र मनप्रियम लखनऊ विश्वविद्यालय में बी.एससी. छठे सेमेस्टर के छात्र हैं। मनप्रियम ने गणित विषय में सीयूईटी (पीजी) की परीक्षा दी थी। शुक्रवार को देर शाम को सीयूईटी (पीजी) का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें उन्होंने 300 में 259 अंक अर्जित कर चौथी आल इंडिया रैंक हासिल की है। एनटीए द्वारा जारी टॉप फाइव की सूची में चौथे स्थान पर उनका नाम है। उल्लेखनीय है कि सीयूईटी परीक्षा के ज़रिए देश के प्रतिष्ठित व केंद्रीय विश्वविद्यालयों के मास्टर्स पाठ्यक्रमों प्रवेश प्रदान किया जाता है। मनप्रियम का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर की दोनों ही परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता के बाद गणित की उत्कृष्ट उच्च शिक्षा और शोध के लिए देश के शीर्ष शिक्षा संस्थानों में दाखिले का अवसर मिला है। गौरतलब है कि मनप्रियम में स्व-अध्ययन से यह सफलताएँ प्राप्त की हैं। मनप्रियम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दिया है। लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ रहे मनप्रियम स्व. प्रताप सिंह राठौर के पौत्र है। उनकी माता पंखुड़ी सिंह गृहिणी और पिता यदुनाथ सिंह मुरारी किसान और रचनाधर्मी हैं। इस उपलब्धि पर मनप्रियम को समाज के गणमान्यजनों सहित शिक्षकों एवं सहपाठियों ने बधाई दी है।

# शक्ति और अनुशासन का संगमः आरटीसी सीतापुर में रिक्रूट महिला आरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह संपन्न



सीतापुर। सीतापुर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन (आरटीसी ) के प्रांगण में 'रिक्रूट महिला आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह 2025-26' अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और भव्यता के साथ मुख्य अतिथि डा0 के0एस0 प्रताप कुमार पुलिस महानिदेशक, पुलिस आवास निगम उ0प्र0 लखनऊ महोदय व पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। महीनों के कठिन प्रशिक्षण और अटूट अनुशासन के बाद, आज महिला आरक्षियों की एक नई खेप उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार का अभिन्न हिस्सा बनी। यह अवसर उन महिला आरक्षियों के कठिन परिश्रम की पराकाष्ठा का गवाह बना, जिन्होंने अपने कड़े प्रशिक्षण के बाद आज मुख्यधारा की पुलिस सेवा में कदम रखा।

परेड और सलामी का भव्य प्रदर्शन समारोह का मुख्य आकर्षण दीक्षांत परेड रही, जहाँ महिला रिक्रूट्स ने अपने उत्कृष्ट तालमेल और कदमताल से उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का मन मोह लिया। परेड की टुकड़ियों ने अनुशासित रूप से मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि डा0 के0एस0 प्रताप कुमार पुलिस महानिदेशक, पुलिस आवास निगम उ0प्र0 लखनऊ महोदय को मान प्रणाम (सलामी) अर्पित किया। उनके चेहरे पर झलकता आत्मविश्वास उनके कठिन परिश्रम और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की गवाही दे रहा था।

मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण-समारोह के मुख्य अतिथि डा0 के0एस0 प्रताप कुमार पुलिस महानिदेशक, पुलिस आवास निगम उ0प्र0 लखनऊ महोदय रहे। परेड कमांडर के नेतृत्व में महिला आरक्षियों ने शानदार मार्च पास्ट किया और मुख्य अतिथि को 'मान प्रणाम' (सलामी) दी। बैंड की धुनों पर थिरकते कदमों और नारों की गूँज ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि तथा पुलिस अधीक्षक सीतापुर द्वारा वाहन पर सवार होकर परेड का सूक्ष्म निरीक्षण किया और रिक्रूट्स के टर्न-आउट व अनुशासन की सराहना की। योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। रिक्रूट महिला आरक्षियों ने मुख्यमंत्री जी के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना, जिसमें उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त होने का आह्वान किया।

शपथ ग्रहणः सभी महिला आरक्षियों ने पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ देश व जनसेवा की शपथ ली।

संबोधनः पुलिस महानिदेशक, पुलिस आवास निगम उ0प्र0 लखनऊ महोदय द्वारा अपने संबोधन में महिला आरक्षियों को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस बल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज के लिए सुरक्षा और संवेदनशीलता का नया मानक स्थापित करेगी। गरिमामय उपस्थितिः कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षक और रिक्रूट आरक्षियों के गौरवान्वित परिजन भी मौजूद रहे।

# कलुआपुर अग्निकांडः जब सब जल गया, तब सहारा बनकर पहुंचे डॉ. कौशल वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। ग्राम कलुआपुर में लगी भयावह आग ने कई परिवारों की दुनिया उजाड़ दी। कुछ ही पलों में घर, सामान और वर्षों की मेहनत राख में बदल गई। हर चेहरे पर दर्द, आंखों में आंसू और भविष्य को लेकर चिंता साफ नजर आ रही थी। ऐसे कठिन समय में डॉ. कौशल वर्मा ने आगे बढ़कर मानवता का हाथ थामा। उनके नेतृत्व में सनशाइन हॉस्पिटल टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई। साथ ही घायलों व जरूरतमंदों के लिए मेडिकल सहायता सुनिश्चित की गई। डॉ. वर्मा ने पीड़ितों के बीच पहुंचकर उनका दर्द सुना, उन्हें ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि इस मुश्किल घड़ी में वे अकेले नहीं हैं। प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर हर संभव सहायता दिलाने की प्रक्रिया भी जारी है। जब हालात ने सब कुछ छीन लिया, तब इंसानियत ने अपना फर्ज निभाया३ और यही कलुआपुर में देखने को मिला।

## पोखरे में मिला युवक का शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

देवरिया। उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया के बरियारपुर थाना क्षेत्र के भरौली-सुरौली गांव में रविवार को एक युवक का शव पोखरे में मिला । मृतक की पहचान योगेंद्र विश्वकर्मा (33 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय सुखदेव निवासी भरौली-सुरौली के रूप में हुई है। युवक पेशे से मजदूर था परिजनों के अनुसार योगेंद्र सुबह शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजन और ग्रामीण तलाश में जुट गए। इसी दौरान गांव के दक्षिण दिशा स्थित पोखरे में उनका शव उतराता हुआ दिखाई दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानेदार अबिनाश मौर्य का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## जौनपुर में खाद्यान्न की कालाबाजारी करने वाले कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच में मिली गड़बड़ी

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़उर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कोटेदार के खिलाफ कालाबाजारी और अनियमितता का गंभीर मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर जांच में गड़बड़ियां उजागर होने के बाद संबंधित कोटेदार के विरुद्ध जिले के सरायख्वाजा थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ग्राम निवासी भानपती पत्नी जयप्रकाश ने आरोप लगाया कि अप्रैल माह का राशन अंगूठा लगवाने के बावजूद वितरित नहीं किया गया। शिकायत पर जिला पूर्ति विभाग हरकत में आया और उपजिलाधिकारी शाहगंज के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अमिता द्विवेदी, पूर्ति निरीक्षक शिवशंकर यादव एवं आशुतोष सिंह की टीम ने जांच की। जांच के दौरान टीम ने दुकान और गोदाम का निरीक्षण किया, जहां गेहूं, चावल और चीनी का कोई स्टॉक नहीं मिला, जबकि अभिलेखों के अनुसार पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध होना चाहिए था। अधिकारियों द्वारा स्टॉक और वितरण रजिस्टर मांगे जाने पर कोटेदार कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसका गोदाम नहीं है और खाद्यान्न अन्य स्थान पर रखा जाता है, जो नियमों के विरुद्ध है।

जांच रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि मार्च और अप्रैल माह का आवंटित खाद्यान्न लाभार्थियों में वितरित नहीं किया गया। कई लाभार्थियों—रामराज, सुनील, अनारकली, दीपा, फातमा, रमा, श्रीपति सहित अन्य ने बयान दिया कि उनसे अंगूठा लगवाया गया, लेकिन राशन नहीं मिला। इससे स्पष्ट हुआ कि खाद्यान्न की कालाबाजारी की गई है। अधिकारियों ने पाया कि कोटेदार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 का उल्लंघन किया है। उपजिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद सरायख्वाजा थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने रविवार को बताया कि पीडीएस में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस को मामले की जांच करनी है जो भी तथ्य सामने आयेगा उसपर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मुरादाबाद : दूसरे दिन 5599 परीक्षार्थियों ने छोड़ी होमगार्ड लिखित भर्ती परीक्षा

मुरादाबाद। मुरादाबाद जनपद में रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच लगातार दूसरे दिन 28 परीक्षा केंद्रों पर पहली व दूसरी पाली की होमगार्ड लिखित परीक्षा हुई। जिसमें दोनों पालियों में 5599 परीक्षार्थियों ने होमगार्ड लिखित भर्ती परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में 2806 और दूसरी पाली में 2793 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा 27 अप्रैल को भी संपन्न होगी। पहले दिन शनिवार को दोनों पालियों में कुल 5702 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे थे। मुरादाबाद के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अनुसार जनपद में होमगार्ड परीक्षा दूसरे दिन रविवार को 28 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई। जिले में आज दोनों पालियों में 24,864 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। जिसमें पहली पारी में 12432 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 9626 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 2806 छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी पाली में 12432 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 9639 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 2793 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी।

जिले में अमरोहा, बरेली, बदायूं, बिजनौर, कासगंज, मेरठ, पीलीभीत, रामपुर, संभल और शाहजहांपुर समेत 11 जिलों के अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। पेपर पर परीक्षार्थियों की मिली जुली प्रतिक्रिया सुनने को मिली। केंद्रों के बाहर अभ्यर्थी पेपर को लेकर आपस में चर्चा करते नजर आए।

## छोटी गंडक नदी में नहा रहे दो किशोरों की डूबने से मौत

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के थाना भाटपार रानी क्षेत्र में चनकी घाट छोटी गण्डक में रविवार को दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों लड़के छोटी गंडक नदी में नहा रहे थे, इसी दौरान अचानक वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। मृतकों की पहचान बनकटा थाना क्षेत्र के कोठीलवा के रहने वाले अतुल कुशवाहा (लगभग 14 वर्ष) पुत्र राम सेवक और किशन गुप्ता (लगभग 12 वर्ष) पुत्र रजित के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों शवों को नदी से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

घटना के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह एक दुर्घटना प्रतीत हो रही है। उन्होंने कहा कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## चुनार व समसपुर में दीक्षांत परेडः 670 आरक्षियों ने ली देश सेवा की शपथ



मीरजापुर। सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केंद्र चुनार किला व समसपुर में रविवार को दीक्षांत परेड समारोह का भव्य आयोजन किया गया। आरक्षी नागरिक पुलिस बैच 2025-26 के तहत नौ माह के कठोर आंतरिक एवं बाह्य प्रशिक्षण को पूरा कर कुल 670 आरक्षियों ने देश सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की शपथ ली। देशभक्ति गीतों और पीएसी बैंड की मधुर धुनों के बीच चुनार दुर्ग परेड ग्राउंड में 354 तथा समसपुर परिसर में 316 प्रशिक्षुओं ने शानदार मार्च पास्ट किया। परेड कमांडर रुद्र प्रताप सिंह, विकास यादव और अंकित यादव के नेतृत्व में टोलियों ने मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि नौ माह के प्रशिक्षण में विधि, मानवाधिकार और अपराध विवेचना जैसे आंतरिक विषयों के साथ शारीरिक दक्षता, परेड और शस्त्र संचालन जैसे बाह्य विषयों का गहन अभ्यास कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण आरक्षियों को हर चुनौती के लिए तैयार करता है। साथ ही उन्होंने टीम भावना, अनुशासन और साइबर व आर्थिक अपराधों जैसी आधुनिक चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर सीखते रहने पर जोर दिया। पुलिस उपाधीक्षक डॉ. गणेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जून 2025 से शुरू हुए प्रशिक्षण में 694 में से 670 प्रशिक्षुओं ने अंतिम परीक्षा दी और सभी सफल घोषित हुए। प्रशिक्षुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहा। उन्होंने कहा कि अनुशासन, कठिन अभ्यास और टीम भावना ने उन्हें हर परिस्थिति के लिए तैयार किया। समारोह का संचालन सूबेदार मेजर रामदास यादव ने किया, जबकि सूबेदार मेजर रामआसरे यादव की देख-रेख में परेड सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर आरआई जर्नादन प्रसाद सिंह, एसपीओ दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और प्रशिक्षुओं के परिजन उपस्थित रहे।

# लखीमपुर खीरी में डीएसओ के दावे फ़ेलः तहसीलों में सूखे पड़े पेट्रोल पंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता


गांवों में 200/लीटर बिक रहा डीजल-पेट्रोल

लखीमपुर खीरी। जिला पू र्ति अधिकारी के ''जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं'' वाले बयान की हवा बनिकल गई है। जिले की कई तहसीलों में हालात बदतर हैं। दर्जनों पेट्रोल पंपों पर ताले लटके हैं और जहां मिल रहा है वहां लंबी कतारें हैं। सबसे गंभीर स्थिति गांवों की है। आरोप है कि पंप बंद कर अधिकारी और पेट्रोल पंप संचालक मिलीभगत से कालाबाजारी करा रहे हैं। 卐गांवों में खुलेआम पेट्रोल ?160 से ?200 प्रति लीटर और डीजल ?150 से ?180 प्रति लीटर बिक रहा है। किसान और आम लोग मजबूरन ब्लैक में खरीद रहे हैं। स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब पंप बंद हैं तो गांवों तक ये तेल पहुंच कैसे रहा है? टैंकरों से सीधे गांवों में सप्लाई की आशंका जताई जा रही है। सवाल ये भी कि जब जिलेभर में हाहाकार मचा है तो जिला प्रशासन और पूर्ति विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा? पंप संचालकों पर जुर्माना या लाइसेंस रद्द जैसी सख्त कार्रवाई न होना मिलीभगत की तरफ इशारा कर रहा है।अधिकारी जांच की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं, जबकि जमीन पर जनता परेशान है। खेती-किसानी का सीजन है और डीजल न मिलने से किसान बेहाल हैं।

# पासिंग आउट परेड के बाद 498 रिक्रूट बने सिपाही डीआईजी, अजय कुमार साहनी ने ली सलामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को 498 रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने परेड की सलामी ली। उन्होंने आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को 498 रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) बरेली परिक्षेत्र, अजय कुमार साहनी ने परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। प्रशिक्षु आरक्षियों ने अपने प्रशिक्षण के बाद अनुशासन और दक्षता का प्रदर्शन किया। डीआईजी ने सिपाहियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह नई ऊर्जा उत्तर प्रदेश पुलिस की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त बनने पर जोर दिया। एसएसपी अंकिता शर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। उन्होंने सिपाहियों के प्रशिक्षण का विवरण प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सिपाहियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में सभी रिक्रूट सिपाहियों को देश सेवा और संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद टोलियों ने अनुशासित ढंग से प्रस्थान किया। कार्यक्रम के अंत में एसएसपी ने मुख्य अतिथि डीआईजी अजय कुमार साहनी को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर (एएसपी) ग्रामीण हृदेश कठेरिया और अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक सिंह भी मौजूद रहे। समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी समारोह में उपस्थित थे।

## गोमती मित्रों ने नदी से निकाला कचरा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। गोमती मित्र मंडल ने रविवार 26 अप्रैल का साप्ताहिक श्रमदान परिसर की सफाई के साथ-साथ मुख्य रूप से नदी के अंदर से कचरा निकालने के लिए किया। इस प्रक्रिया में पांच छः गोमती मित्रों के पैरों में और हाथों में कांच के टुकड़े, लोहे की कील, कलश के टुकड़े धंसने से गंभीर चोटे भी आईं लेकिन हिम्मत न हारते हुये ढाई घंटे तक लगातार प्रयास करके लगभग ढाई कुंतल कचरा नदी से निकाला जिसमें पुरानी टूटी-फूटी मूर्तियां, कलश, कांच के टुकड़े, फोटो फ्रेम, पुराने कपड़े निकले। लोगों ने नदी को कूड़ा घर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है सारा कबाड़ बस नदी में डालो, जीवन दायिनी का जीवन खुद संकट में है। गोमती मित्र अपील ही कर सकते हैं झगड़ा नहीं कुछ प्रशासनिक अदूरदर्शिता भी है। श्रमदान प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, दाऊ जी,मुन्ना पाठक, राकेश सिंह दद्दू, राकेश मिश्रा, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह, रुद्रा विश्व दीप, ओम प्रकाश पांडे, अरुण गुप्ता, आलोक तिवारी, अभय मिश्रा, आयुष सोनी, रामू सोनी, तुषार अग्रहरि आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# युवती की हत्या कर सड़क किनारे फेंका शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। कादरचौक थाना क्षेत्र में एक 21 वर्षीय युवती की हत्या कर उसका शव सड़क किनारे फेंक दिया गया। इस सनसनीखेज वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है। शनिवार सुबह मामले की जानकारी पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है और युवती की पहचान कराने के प्रयास तेज कर दिए हैं। गले पर मिले निशान से गला दबाकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। कादरचौक थाना क्षेत्र के सिसैया नगला गांव के पास बदायूं-कादरचौक मार्ग पर पश्चिम दिशा की ओर करीब 21 वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल शव को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की बारीकी से जांच कराई गई। मृतका शादीशुदा प्रतीत हो रही है। शव की स्थिति देखकर पुलिस ने आशंका जताई है कि युवती की हत्या कहीं और करने के बाद उसे यहां लाकर फेंका गया है। उसके घुटनों पर रेत लगी होने से भी यह अनुमान लगाया जा रहा है कि शव को कहीं और से लाकर यहां डाला गया है। मृतका प्लाजो और सूट पहने हुए थी, उसके दाहिने पैर में काला धागा बंधा हुआ था। पुलिस ने शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ भी की है। थाना प्रभारी बिक्रम सिंह ने बताया कि युवती की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी की रिपोर्टों का भी मिलान कर रही है। इसका उद्देश्य मृतका की पहचान करना और मामले का खुलासा करना है। पुलिस टीम विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। युवती के गले पर स्पष्ट चोट और दबाव के निशान मिले हैं, जिससे गला दबाकर हत्या किए जाने की संभावना जताई जा रही है। घटनास्थल से पुलिस को एक अहम सुराग भी मिला है। शव के पास से दूसरी महिला की चप्पल बरामद हुई है। इससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वारदात में किसी अन्य महिला की भी मौजूदगी रही होगी। संभवतः वह जल्दबाजी में अपनी चप्पल वहीं छोड़ गई।

# युवाओं और वैज्ञानिकों की मेहनत से देश को मिल रही नई दिशा : राजीव कुमार गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को समरेर मंडल के बूथ संख्या-69 पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ सुना। तथा पार्टी जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जनपद के विभिन्न बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को सुना।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से हमें यह जानने का अवसर मिला कि किस प्रकार देश के वैज्ञानिक सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम को आगे बढ़ा रहे हैं, जो राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



ऊर्जा, उद्योग, स्वास्थ्य एवं कृषि जैसे क्षेत्रों में इसके सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर द्वारा 'क्रिटिकलिटी' हासिल करना भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में पवन ऊर्जा की बढ़ती ताकत का भी उल्लेख किया, जो भारत के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। आज भारत विंड एनर्जी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बना रहा है, जो हमारे युवाओं और इंजीनियरों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा आगामी जनगणना 2027 को डिजिटल स्वरूप में आयोजित किया जाना एक सराहनीय पहल है, जिससे आम नागरिकों की भागीदारी और अधिक आसान, पारदर्शी एवं प्रभावी होगी। अंत में उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश 'विकसित भारत' के संकल्प को तेजी से साकार करने की दिशा में अग्रसर हैं, और इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक श्याम सिंह, बूथ अध्यक्ष पिंटू श्रीवास्तव, संजय सिंह, श्याम बहादुर, अमित यादव, रवि सिंह, पवन कुमार, नत्थू कश्यप, विपिन कुमार, राम रहीस, शिव कुमार कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त पति गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शुक्रवार रात थाना पुवायां क्षेत्र के गांव चौसेड़ा निवासी अनुज उर्फ मोहित की पत्नी 24 वर्षीय नैना देवी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका की मां ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए दामाद, ससुर और सास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। जनपद पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव किशनपुर हरीपुर मजरा तारकोठी निवासी रामरतन की पत्नी संगीता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हैसियत के अनुसार, करीब चार वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री नैना की शादी अनुज उर्फ मोहित से की थी। इसके बाद भी नैना के ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में सोने की चैन और मोटर साइकिल की मांग करते थे। मांग पूरी न होने पर नैना का उत्पीड़न किया जाता था। जिसके चलते ससुराल वालों ने नैना को जहर दे दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संगीता देवी की तहरीर पर दामाद मोहित, ससुर सुरेश और सास जयदेवी पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त पति अनुज उर्फ मोहित को मोहम्मदी रोड पर हाईवे पुल से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मोहित को जेल भेज दिया है और अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के एसआई गौरव कुमार के साथ कांस्टेबल अक्षय कुमार मौजूद रहे।

# रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह का हुआ भव्य आयोजन

### 497 महिला रिक्रूट आरक्षियों ने प्रशिक्षण पूरा कर देश सेवा की शपथ ली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 का भव्य आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चैधरी ने परेड की सलामी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया और पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने आरक्षियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिसमें 497 महिला रिक्रूट आरक्षियों ने अपना कठोर प्रशिक्षण पूरा कर देश सेवा की शपथ ली। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चैधरी ने रिक्रूट आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल को व्यवहार में लाकर समाज की



सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान प्रशिक्षण अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली रिक्रूट आरक्षियों को विभिन्न विषयों में सम्मानित किया गया। इसमें दीपिका दीक्षित को समस्त प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ घोषित कर विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधीक्षक ने मुख्य अतिथि मंडलायुक्त को स्मृति चिन्ह देकर उनका आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक ने किया। इस अवसर पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण, क्षेत्राधिकारी तिलहर, आरटीसी प्रभारी, पीटीआई, आईटीआई सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, रिक्रूट आरक्षियों के परिजन आदि मौजूद रहे।

## होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की तीन दिवसीय परीक्षा सकुशल संपन्न

संभल (बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की तीन दिवसीय परीक्षा ( 25 अप्रैल एवं 26 तथा 27 अप्रैल 2026) को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के द्वारा द्वितीय दिवस की परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय सम्भल का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्यूबवेल पर मिला किसान का शव, हत्या-आत्महत्या में उलझी पुलिस

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । गांव वजीरपुर निवासी राजेश (28) पुत्र रामनिवास का शुक्रवार रात शव ट्यूबवेल के पास पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजन ने बताया कि वह शुक्रवार शाम भूसा भरने के लिए पैदल खेत पर जा रहा था। रास्ते में वह साथियों से अलग हो गया। रात करीब 11 बजे उसके ही ट्यूबवेल को चला रहे पड़ोसी किसान ने राजेश को मृत अवस्था में पास में पड़ा देखा। परिवार वालों ने पीआरबी को हत्या की आशंका जताते हुए सूचना दी। परिजनों ने मौखिक रूप से पुलिस को बताया कि दो दिन पहले परिवार के ही सदस्य से रुपये को लेकर राजेश का विवाद हुआ था। आरोप लगाया कि इसी विवाद के चलते इन लोगों ने ही राजेश को मौत के घाट उतार दिया। इधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने से मामला उलझ गया है। पुलिस को अब सूचना देने वालों पर शक है। चर्चा है कि मृतक के परिवार में ट्रैक्टर खरीदने को लेकर रुपये के लेनदेन का विवाद चल रहा था। थानाध्यक्ष सुमित शर्मा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने के बाद मामला हत्या से जुड़ा प्रतीत नहीं होता, फिर भी पुलिस हर बिंदु पर सघन जांच कर रही है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की भी जांच कर रही है। परिवार वाले इसे हत्या का रूप क्यों देना चाह रहे थे, इस सवाल को भी पुलिस सुलझाने में लगी है। फिलहाल परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस अपने स्तर से जांच में जुटी है।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर पेड़ के नीचे मिला बुजुर्ग का शव

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के करनपुर और गदगांव के बीच गंगा एक्सप्रेसवे पर एक अज्ञात बुजुर्ग का शव पेड़ के नीचे मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। शनिवार शाम करीब चार बजे ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मृतक की उम्र करीब 75 वर्ष बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। देर शाम तक पुलिस शव की शिनाख्त नहीं कर पाई थी। पुलिस का अनुमान है कि अधिक धूप के कारण बुजुर्ग पेड़ के नीचे बैठे होंगे और इसी दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चोरी की स्कूटी समेत 02 अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना कोतवाली पुलिस टीम ने चोरी की गई एक्टिवा स्कूटी के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। शनिवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी राहुल बाजपेई ने अपनी एक्टिवा स्कूटी चोरी होने के संबंध में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी क्रम में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा करते हुए मुखबिर की सूचना पर नई गौशाला से लगभग 50 मीटर आगे खेतों के बीच बनी पगडंडी से दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने चोरी की गई उक्त एक्टिवा स्कूटी बरामद की। पकड़े गए अभियुक्त मोहल्ला बिजलीपुरा में अंटा चौराहा पानी की टंकी के सामने रहने वाले फैसल पुत्र मोहम्मद आरिफ और थाना आरसी मिशन क्षेत्र के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी गुफरान पुत्र लतीफ हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक विवेक कुमार, हेड कांस्टेबल नदीम, कांस्टेबल हिमांशु और नरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# 7.73 लाख की लागत से सीसी सड़क, इण्टरलांकिंग सड़क का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। नगर में विकास कार्यों को गति देते हुए पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने दो वार्डों में लगभग 7 लाख 73 हजार रुपये की लागत से बने सीसी सड़क और इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों में खुशी का माहौल देखने को मिला और लोगों ने इन कार्यों को क्षेत्र के लिए बेहद उपयोगी बताया। पालिकाध्यक्ष ने वार्ड संख्या 25 में पप्पू के मकान से रफी टीवीएस वाले स्थान तक इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस कार्य पर लगभग तीन लाख रुपये की लागत आई है। इस निर्माण से क्षेत्र में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन भी सुगम होगा। इसके अलावा वार्ड संख्या 13 के सराय फकीर क्षेत्र में भी विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया।



यहां रवि साहू के मकान से हरी सिंह के मकान तक सीसी रोड का निर्माण लगभग तीन लाख 32 हजार रुपये की लागत से कराया गया है। इसी वार्ड में शेखर से बन्टी के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य भी कराया गया है, जिस पर करीब एक लाख 40 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। यह सड़क निर्माण भी क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है और लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ है। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि हर गली और मोहल्ले में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे ही विकास कार्य जारी रहेंगे और शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय सभासद भूरे पीर, श्याम बाबू साहू, लक्ष्मी देवी, प्रेमवती, सरोज साहू, डॉ. सालिम, नईम पीर, सलीम खां, शरीक समेत कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, लिपिक नवैद इकबाल गनी आदि सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## दूल्हा और बारातियों से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज, 03 गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना कटरा पुलिस ने दूल्हा और बारातियों से मारपीट करने के मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जनपद बरेली के थाना भुता क्षेत्र के गांव पऊनगला निवासी मनोज कुमार वाल्मीकि ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 अप्रैल को उसके पुत्र सौरभ की बारात थाना कटरा क्षेत्र के गांव लाइखेड़ा पहुंची। इस दौरान सौरभ की बारात की चढ़ाई के समय जब ग्राम लाइखेड़ा में राजपाल पुत्र रामसिंह यादव के घर के सामने पहुंची, तभी राजपाल, सुमित, अमित, सोवेन्द्र, अवधेश आदि ने दूल्हे की बग्गी को रोक लिया और दूल्हे को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया। उसने और बारातियों ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो उक्त लोगों ने दूल्हा सौरभ, दूल्हे के भाई सचिन, उसके और उसके भाई विनोद के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की। यही नहीं, उसके पुत्र दूल्हा सौरभ को बग्गी से उतारकर भैंस की शाकर से गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मनोज वाल्मीकि की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास और एससी-एसटी एक्ट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

# सफाई कर्मी को प्राइवेट स्कूल में पढ़ना पड़ा भारी, डीपीआरओ ने किया निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में एक सरकारी सफाई कर्मचारी को अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित रहकर निजी स्कूल में पढ़ाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) लालजी दुबे ने संगीता श्रीवास्तव नामक इस कर्म चारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।संगीता श्रीवास्तव कटरा बाजार ब्लॉक की ग्राम पंचायत जमथरा में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात थीं। उन्हें गांव की साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई थी।हालांकि, वह लंबे समय से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हो रही थीं।

## अनुपस्थित होने के बावजूद उठा रही थी सैलरी

कार्यस्थल पर अनुपस्थित रहने के बावजूद उन्हें नियमित रूप से सरकारी वेतन का भुगतान किया जा रहा था। यह मामला तब सामने आया जब 'ब्लॉक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जमथरा ग्राम पंचायत में एक चौपाल का आयोजन किया गया।इस दौरान अपर जिला पंचायत राज अधिका री (एडीपीआरओ)जीडी जैन गांव पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्हें गांव और स्कूल परिसर में भारी गंद गी और अव्यवस्था मिली।ग्रामीणों से सफाई कर्म चारी के बारे में पूछताछ करने पर चौंकाने वाला खुलासा हुआ।वही लोगो ने बताया कि संगीता श्री वास्तव गांव में नहीं आतीं,बल्कि गोंडा शहर में रह ती हैं और एक निजी स्कूल में बच्चों को पढ़ाती हैं। गांव में फैली गंदगी और कर्मचारी की इस लापरवा ही को देखते




हुए एडीपीआरओ ने तुरंत मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी।इस रिपोर्ट के आ धार पर डीपीआरओ लालजी दुबे ने त्वरित कार्र वाई करते हुए संगीता श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया।निलंबन की अवधि के दौरान उन्हें कटरा बा जार ब्लॉक के एडीओ पंचायत कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

## विभागीय जांच के आदेश दिए गए

मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं,जिसकी जिम्मेदारी एडी ओ पंचायत पंडरीकृपाल को सौंपी गई है।यह माम ला सरकारी तंत्र में व्याप्त लापरवाही और संसाध नों के दुरुपयोग का एक बड़ा उदाहरण है,जहां ए क कर्मचारी सेवा शर्तों का उल्लंघन कर निजी लाभ के लिए अपनी मूल जिम्मेदारियों को पूरी तरह दरकिनार कर रही थी। अब विभागीय जांच में यह भी देखा जाएगा कि बिना काम किए वेतन का भुगतान किन परिस्थितियों में होता रहा।यह मामला सरकारी तंत्र में व्याप्त लापरवाही और संसाधनों के दुरुपयोग का एक बड़ा उदाहरण है, जहां एक कर्मचारी सेवा शर्तों का उल्लंघन कर निजी लाभ के लिए अपनी मूल जिम्मेदारियों को पूरी तरह दरकिनार कर रही थी। अब विभागीय जांच में यह भी देखा जाएगा कि बिना काम किए वेतन का भुगतान किन परिस्थितियों में होता रहा।

# जनगणना प्रशिक्षण में बदइंतजामी उजागर दोपहर डेढ़ बजे के बाद जला चूल्हा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । मनकापुर तहसील क्षेत्र में आयोजित जनगण ना प्रशिक्षण कार्यक्रम उस समय विवादों के घेरे में आ गया।जब प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों और क र्मचारियों के लिए इस भीषण गर्मी में दोपहर डेढ़ बजे तक भोजन की कोई व्यवस्था नहीं थी,भीषण गर्मी में तहसील मनकापुर के जनगणना प्रशिक्षण में भूख से बिलबिलाये हुए थे जिसका एक वीडियो

अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो की कैनविज टाइम्स पुष्टि नहीं करता है इस घटना ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों के बीच भारी आक्रोश पैदा कर दिया और प्रशिक्षुओं ने इसे अपनी गरिमा के खिलाफ बताते हुए कड़ा विरोध जताया।बता दें कि जनगणना कार्य के लिए आयो जित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ीसंख्या में शिक्ष क व कर्मचारी बतौर प्रशिक्षु शामिल थे। प्रशासन के द्वारा भोजन



की व्यवस्था की गई थी।लेकिन ज ब दोपहर डेढ़ बजे तक प्रशिक्षण स्थल पर भोजन की समय पर कोई व्यवस्था नहीं की गई थी।इस लापरवाही व घोर मनमानी के पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं ।

# एसपी ने सीसीटीवी कंट्रोल रुम का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । पुलिस अधीक्षक ने होमगार्ड परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस कार्यालय गौरीगंज में स्थापित सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। बताते चलें कि जनपद में पच्चीस छब्बीस एवं सत्ताइस अप्रैल को जनपद में प्रस्तावित होमग़ॉर्ड परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा होमगार्ड परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिये परीक्षा की निगरानी हेतु पुलिस कार्यालय गौरीगंज में स्थापित किये गये इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम



का रविवार को निरीक्षण किया गया तथा कन्ट्रोल रूम निगरानी में तैनात अधिकारियो कर्मचारियों को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्रों को जिलाधिकारी ने परखा

**नकलविहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के निर्देश**

**परीक्षार्थियों के लिए पेयजल व सुरक्षा का लिया जायजा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती - परीक्षा 2025 की लिखित परीक्षा को सकुशलए नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने रविवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्ष ण किया इस दौरान उन्होंने श्रीलाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय सहित अन्य केंद्रों पर पहुं चकर व्यव स्थाओं का गहन निरीक्षण किया।निरी क्षण के दौरान डीएम ने



परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यू टी करने के निर्देश दिए।उन्होंने केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की और निगरानी व्यवस्था को लगातार सक्रिय रखने पर जोर दिया।डीएम ने कहा कि परीक्षा की पारदर्शि ता एवं निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।भीषण गर्मी को देखते हुए डीएम ने परी क्षार्थियों के लिए शीतल एवं स्वच्छ पेयजल,बैठने की समु चित व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधा ओं की भी जानकारी ली।उन्होंने संबंधित अधिका रियों को निर्देशित किया कि अभ्यर्थियों को किसी प्रका र की परेशानी न होने पाए और केंद्रों पर अनुशा सन के साथ सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचा लित रहें।डीएम ने बताया कि जनपद में यह परी क्षा कुल 14 केंद्रों पर सुव्यवस्थित ढंग से आयोजि त की जा रही है।

# गोंडा पुलिस लाइन में दीक्षांत परेड का भव्य आयोजन, 498 प्रशिक्षु आरक्षी हुए पास आउट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को रिक्रूट आ रक्षी दीक्षांत परेड समारोह का भव्य आयोजन कि या गया।इस मौके पर रिक्रूटों ने कदम से कदम मि लाकर लयबद्ध परेड का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक,देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा परेड की सलामी ली, प्रशिक्षण के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले रिक्रू ट आरक्षियों को इस मौके पर प्रशस्ति पत्र देकर स म्मानित किया गया।पुलिस लाइन गोंडा में आयो जि त दीक्षांत परेड समारोह में यहां प्रशिक्षण ले रहे 498 रिक्रूट आरक्षियों ने भव्यपरेड का प्रदर्शन किया।इसमें प्रथम परेड कमांडर सौभाग्य द्वितीय परेड कमांडर अभय यादव एवं तृतीय परेड कमांड र अभय प्रताप सिंह ने दक्षता के साथ अपने दायि त्वों का निर्वहन किया।पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रशिक्षण सत्र में योगदान देने वाले समस्त इण्डोर एवं आउटडोर प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं पेशेवर दक्षता की सराहना की गई।उनके कुश ल मार्गदर्शन एवं



सतत प्रेरणा के फलस्वरूप रिक्रू ट आरक्षियों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।इस अवसर पर आईटीआई अनिल कुमार या दव,पीटीआई सेराज अहमद तथा कम्प्यूटर ऑपरे टर के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इन्द्रेश कुमार गुप्ता एवं प्रवीण पाण्डेय को भी पुरस्कृत कर स म्मानित किया गया।समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों,गणमान्य व्यक्तियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा नवप्रशिक्षित आरक्षियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर सहायक पुलि स अधीक्षक अभिषेक दवाच्यॉ,ट्रेनी आईपीएस प्रदीप कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधे श्याम राय,अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कु मार रजक सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# मतीउल्ला खान दूसरी बार अध्यक्ष व शहाब बने महामंत्री

**दि बस आपरेटर्स एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। दि बस आपरेटर्स एसोसिएशन बहराइच का चुनाव रविवार को झिंगहाघाट स्थित बस स्टैंड पर हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी कमलेश्वर सिंह, चुनाव अधिकारी राकेश त्रिपाठी,मुहम्मद हफीजउल्ला व अभिनव अग्रवाल ने एसोसिएशन का चुनाव निष्पक्षता से कराया।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार मतीउल्ला खान को



निर्विरोध चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर प्यारे मियां,शहाब जैदी को महामंत्री व इमरान खान को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि सिसैया मार्ग के लिए अली महमूद हसन, रुपइडीहा मार्ग के लिए मेराज अहमद,कतर्निया मार्ग के लिए मकसूद अहमद, रामपुर मार्ग के लिए शहनवाज उर्फ शेबू, नवाबगंज मार्ग के लिए अवनीश वर्मा, शिवपुर मार्ग के लिए मोहम्मद कफील खान को सचिव चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली।मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि दि बस आपरेटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी आपसी तालमेल रखकर कार्य करें।


# बहराइच का 'हिडन जेम' बनेगा टूरिज्म आइकन चित्तौरा झील होगा 'नेचर-हिस्ट्री' डेस्टिनेशन

**बहराइच के चित्तौरा झील का होगा कायाकल्प, 4.10 करोड़ की धनराशि से परियोजना को मिलेगी रफ्तार**

बहराइच । उत्तर प्रदेश में ईको-टूरिज्म को विशिष्ट पहचान देने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए बहराइच जनपद स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक के समीप चित्तौरा झील को पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 4.10 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 50 लाख रुपए जारी कर दिए हैं। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्अवमुक्त राशि से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को तेजी मिलेगी। महाराजा सुहेलदेव की कर्मस्थली को यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महाराजा सुहेलदेव स्मारक के निकट स्थित चित्तौरा झील को इको-पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह स्थल न केवल प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है, बल्कि इसका ऐतिहासिक महत्व भी अत्यंत समृद्ध है। यह क्षेत्र महान योद्धा महाराजा सुहेलदेव के पराक्रम का साक्षी रहा है। विकास परियोजना के माध्यम से झील क्षेत्र को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए इसकी ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित और प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि आगंतुक यहां प्रकृति के साथ-साथ प्रदेश के गौरवशाली इतिहास का भी अनुभव कर सकेंगे।श उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में 34 लाख से अधिक पर्यटकों ने बहराइच का भ्रमण किया।

**आधारभूत संरचना विकास पर करोड़ों रुपए होंगे खर्च**

परियोजना के तहत विभिन्न



इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसमें कैफ़ेटेरिया ब्लॉक पर सबसे अधिक 158.83 लाख रुपए की लागत प्रस्तावित है, जबकि डेक और बोट जेट्टी के निर्माण पर 56.41 लाख रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा टिकट काउंटर ब्लॉक, शौचालय, बोरिंग एवं सबमर्सिबल पंप और सेप्टिक टैंक जैसे आवश्यक सुविधाओं के विकास पर भी अलग-अलग मदों में धनराशि निर्धारित की गई है। परियोजना में सीसी इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, जलापूर्ति एवं सीवरेज, वर्षा जल संचयन, ड्रेनेज और विद्युत कार्यों को भी शामिल किया गया है। साथ ही सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के तहत सीसीटीवी सिस्टम, बायो फेंसिंग, उद्यानिकी कार्य और बैठने की व्यवस्था आदि विकसित की जाएगी। परियोजना में एमबैंकमेंट वर्क और ड्राई स्टोन पिचिंग पर भी विशेष जोर दिया गया है।

**चित्तौरा झील का ऐतिहासिक-पौराणिक महत्व**

बहराइच की ऐतिहासिक चित्तौरा झील आकर्षक पर्यटन स्थल के साथ-साथ वीरता और पराक्रम की गाथा समेटे हुए है। 11वीं शताब्दी में यहीं सबसे भीषण युद्ध लड़ा गया। महाराजा सुहेलदेव की सेना ने महमूद गजनवी के भांजे सैयद सालार मसूद गाजी को परास्त किया था। वहीं, इस झील का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि त्रेता युग में यह टेढ़ी नदी के रूप में जानी जाती थी। राजा जनक के गुरु मुनि अष्टावक्र का इसी झील के तट पर आश्रम था। मुनि अष्टावक्र का शरीर जिस प्रकार आठ जगहों से मुड़ा हुआ था, उसी प्रकार यह टेढ़ी नदी भी अपने आकार के लिए विख्यात है। कालांतर में यह चित्तौरा झील के रूप में लोकप्रिय हुई।

**इको टूरिज्म की मिसाल बन रहा बहराइच- अपर मुख्य सचिव**

अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि 'चित्तौरा झील के समग्र विकास की यह परियोजना उत्तर प्रदेश में ईको-टूरिज्म को नई दिशा देने वाली साबित होगी। उन्होंने कहा कि बहराइच जिला पहले से ही कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य के लिए देश-विदेश में अपनी पहचान बना चुका है। खास बात यह है कि जिले के कारीकोट गांव को श्शांति और समावेशिताश श्रेणी में प्रतिष्ठित इंडियन सबकॉन्टिनेंट रिस्पांसिबल टूरिज्म अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है, जो यहां के सामुदायिक प्रयासों की बड़ी उपलब्धि है। नेपाल सीमा से सटे इस क्षेत्र के ग्रामीण इलाके सामुदायिक एकता, समृद्ध थारू संस्कृति और तेजी से विकसित हो रहे ग्रामीण होम-स्टे मॉडल के जरिए पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं। इसके साथ ही बिछिया से मैलानी तक चलने वाले विस्टाडोम कोच के जरिए पर्यटक घने जंगलों, हरियाली और मनमोहक प्राकृतिक दृश्यों का अनूठा अनुभव भी ले सकते हैं, जो इस पूरे क्षेत्र को इको-टूरिज्म के लिहाज से और अधिक आकर्षक बनाता है।

# इटियाथोक ब्लॉक के गांवों में मनरेगा में फर्जी मस्टररोल का खेल जारी

**एपीओ व तकनीकी सहायक की मिलीभगत से सिर्फ कागजों में ही निपटा दिए जाते हैं मजदूर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । मनरेगा में फर्जी मास्टररोल और फर्जी क़े मामले में रुपईडीह,इटियाथोक,करनैलगंज ब्लॉक का नाम सबसे पहले सामने आता था।लेकिन एक कहावत गांव में कही जाती है कि तरबूज को देख कर खरबूज भी रंग बदलता है।वही ठीक उसी तर ह इटियाथोक ब्लॉक भी उन ब्लॉकों की तरह मनरे गा कार्यों में फर्जी मास्टर रोल और उनके भुगतान में सभी ब्लाकों को पीछे छोड़ अव्वल नंबर पर अ पनी जड़े जमाने में जुटा है।हम बात कर रहे हैं म हात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की।जिसके तहत सरकार तमाम निचले स्तर के गरीबों और असहाय मजदूरों को वर्ष में मनरेगा योजना के तहत सौ दिन का कार्य देने के लिए कटिबद्ध है।परंतु देखा जा रहा है कि जनपद मु ख्यालय 20 किलोमीटर कि दूरी पर स्थित का ब्ला क इटियाथोक के एओपी व तकनीकी सहायक और ग्राम प्रधानो के भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है।केंद्र सरकार की महत्व




कांक्षी योजना मनरे गा के नियमों को ताक कर रख कर खुद की खाऊ कमाऊ नीति से उसकी गाइडलाइन के विपरीत फर्जी मस्टरोल का सहा रा लेकर फर्जी भुगतान कराने में लगे हैं।जान कारों की माने तो इस उमश भरी गर्मी और तेज धूप जो सुबह से ही शरीर को पसीने से भोगो देने वाली रही और सभी लोग अ पने अपने घरों में दुबक कर बैठे रहने को मजबूर थे तो ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिव भी बा हर निकलने के लिए सोचते होंगे लेकिन इस भी षण गर्मी में भी ग्राम प्रधान और सचिव गांवों में मनरेगा के मस्टरोल से खेल करने में जुटे थे।ब्लॉक कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर लाखों का वायरा न्यारा कर रहे थे।

**इन गांवों में चल रहा,फर्जी मस्टर रोल का खेल**

कड़ाके की धूप गर्मी में इन गांव में फर्जी तरीके से चल रहे मास्टरोल।बगाही में 24,हरदाइ भटपुरवा में 44,जहदारिया में 20,रमवापुर नायक में 75,औ र सिसई बहलोलपुर में 42 मजदूर अदृश्य तरीके से काम कर रहे है।यह तो महज एक बानगी है। तमाम अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजना में यही खेल जारी है।गांवों में फर्जी तरीके से मस्टररो ल चालू कर ब्लॉक अधिकारियों के साथ मिलीभ गत कर मनरेगा मजदूर अदृश्य होकर जॉब कार्डों में अपनी हाजिरी लगा कर प्रतिदिन तकरीबन ला खो रुपए केंद्र सरकार को चपत लगा कर भुगतान कराने में लगे हैं।

## टीम गठित कर कराई जाएगी जांच:डीएम

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में जब जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टी म गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।जब मिडिया की टीम ने इन गांवों में जाकर कार्यों का सत्या पन किया तो इक्का दुक्का कार्यों को छोड़ मजदूर तो मजदूर गांव में कहीं कोई काम होता धरातल पर नहीं दि खा।

## ईमानदारी से जांच हो तो नपेंगे कई जिम्मेदार

अगर जिले के जिम्मेदार अधिकारी इन मामलों को संज्ञान में लेकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तो सरकार के करोड़ों रुपए गबन होने से बच जाएं गे और शायद इटियाथोक ब्लॉक भी सीबीआई जां च की जद में आने से बच जाएगा ईमानदारी पूर्वक जांच हुई तो तमाम जिम्मेदारों की गर्दनें फंस सक ती हैं।

# अभिमन्यु गंगवार बने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं दीपक सोनकर सिंह जिला मीडिया प्रभारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी,प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य की संस्तुति के उपरांत जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने जिला कार्यकारणी में रिक्त शेष 8 पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की हैं।जिसमें अभिमन्यु गंगवार को जिला मीडिया प्रभारी , दीपक सोनकर को जिला सह मीडिया प्रभारी,अभिनीत पाण्डेय को जिला सोशल मीडिया संयोजक , विजय सरकार को जिला सह सोशल मीडिया संयोजक , हरिओम शर्मा को जिला आईटी संयोजक , पंकज प्रजापति को जिला सह आईटी संयोजक , पुष्पा शुक्ला को जिला कार्यालय मंत्री , राम चरण लाल राठौर को जिला सह कार्यालय मंत्री बनाया गया है ऋजिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य , केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद , राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार , बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा समेत तमाम जनप्रतिनिधियों व पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर भरोसा जताया है।वो संगठन के निर्देशानुसार पार्टी के सभी अभियानों व कार्यक्रमों में जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे और प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान उनकी पहली प्राथमिकता रहेगा।अभिमन्यु गंगवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भूतपूर्व जिला प्रचारक दुर्गा प्रसाद गंगवार के पुत्र हैं और बाल्यकाल से संघ के स्वयंसेवक हैं और पूर्व में जिला आईटी संयोजक , जिला सोशल मीडिया संयोजक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं ।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का पूर्व जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।जनपद बरेली पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का पूर्व जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा समाजवादी पार्टी पीलीभीत के हाजी रियाजत नूर खान ने अपनी टीम के साथ बरेली पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया साथ ही जनपद पीलीभीत की चारों विधानसभाओं की 2027 के लिए पीलीभीत की चारों विधानसभा सीट जीतने के लिए गंभीरता से गुप्तगू कर चर्चा की टीम में उपस्थित समाजवादी पार्टी के नेतागढ़ एवं कार्यकर्ताओं में बरेली के जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव,डॉक्टर अनीश बैग,हाजी रियाजत नूर खान, खुसरो,मिर्ज़ा इमरान खान, आरिफ खान, ताजिम यार खान ,आरिश रजा,अदनान रजा खान, आबाद खान,फहीम मंसूरी, साजिद खान नूरी ,कामरान खान सहित जनपद पीलीभीत एवं बरेली के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।



# पूरनपुर में जाम का विकराल रूप: मैन मार्केट से गलियों तक थमी रफ्तार बैठकों के बावजूद नहीं निकला समाधान तपती धूप में तड़पती जनता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भीषण गर्मी,40 डिग्री से ऊपर जाता पारा और जाम में जकड़ी ज़िंदगी– पूरनपुर इन दिनों एक गंभीर यातायात संकट से गुजर रहा है शहर की मुख्य सड़कें ही नहीं, बल्कि मैन मार्केट और अब छोटी-छोटी गलियां भी जाम की चपेट में आ चुकी हैं हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि लोगों का रोजमर्रा का जीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार तंत्र अब भी निष्क्रिय नजर आ रहा है पूरनपुर का मैन मार्केट, जो कभी शहर की आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र था, आज जाम का सबसे बड़ा हॉटस्पॉट बन चुका है स्टेशन रोड से कोतवाली रोड तक माधोटांडा क्रॉसिंग से पकड़िया चौराहा तक,बैंड वाली गली, सीमेंट रोड,आसपास का क्षेत्र और पुलिस चौकी तक वाहनों की लंबी कतारें दिनभर लगी रहती हैं दुकानों के बाहर अतिक्रमण, सड़क पर खड़े वाहन और ई-रिक्शाओं की अनियंत्रित आवाजाही ने हालात को बेहद खराब कर दिया है ग्राहकों और राहगीरों के लिए यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है मुख्य चौराहा पर चोक होने से जाम की लम्बी कतारें लग जाती है जैसे स्टेट बैंक के सामने, रामकृपाल की दुकान के सामने, पकड़िया चौराहा मोड़, नगर पालिका के सामने, तहसील मोड़ के सामने, ब्लॉक मोड़ के सामने, और भी कई ऐसे मोड है जहां जाम लगने के मुख्य स्थान है अगर इन स्थानों पर जाम से निपटने के ट्रैफिक पुलिस या अन्य इंतजाम कर दिये जाए तो कही न कही जाम पर काबू पाया जा सकता है शहर के प्रमुख मार्ग–तहसील परिसर, पूरनपुर कोतवाली, सरकारी अस्पताल और नगर पालिका चौराहे तक ट्रैफिक की स्थिति पूरी तरह चरमरा चुकी है नगर पालिका चौराहे से बिजली घर और ब्लॉक चौराहे तक अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण सड़कें संकरी हो गई हैं, जिससे जाम स्थायी समस्या बन चुका है इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासनिक स्तर पर बैठकें हो चुकी हैं उपजिलाधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष, ईओ और अधिशासी अभियंता तक इस पर चर्चा कर चुके हैं व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान पर भी कई दौर की वार्ताएं हुईं इसके बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस बदलाव नहीं दिखा यही वजह है कि अब लोगों में सवाल उठ रहा है–क्या ये बैठकें सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई हैं पहले जाम सिर्फ मुख्य बाजार तक सीमित था, लेकिन अब यह शहर की संकरी गलियों में भी फैल चुका है छोटे-छोटे रास्तों पर भी वाहनों का दबाव बढ़ने से स्थिति और जटिल हो गई है। शहर का कोई इलाका अब इस समस्या से अछूता नहीं है स्थानीय नागरिकों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि ई-रिक्शा (टुकटुक) यूनियन का दबाव प्रशासन पर है, जिसके चलते सख्त कार्रवाई नहीं हो पा रही ई-रिक्शाओं की बढ़ती संख्या, बिना रूट निर्धारण के संचालन और मनमानी पार्किंग जाम का बड़ा कारण बन चुके हैं, लेकिन नियंत्रण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया दोपहर के समय जब तापमान अपने चरम पर होता है, तब जाम में फंसे लोगों की स्थिति बेहद दयनीय हो जाती है दोपहिया चालक, बुजुर्ग और पैदल यात्री पसीने से लथपथ होकर घंटों जाम में फंसे रहते हैं न छांव मिलती है, न राहत जाम का सबसे दर्दनाक असर स्कूल के बच्चों पर देखने को मिलता है दोपहर में स्कूल छुट्टी के समय ई-रिक्शा और बसों में बैठे छोटे-छोटे बच्चे तेज गर्मी और उमस में घंटों फंसे रहते हैं कई बार बच्चे घबराहट और थकान से परेशान हो जाते है।

# समाज की सुरक्षा और न्याय करना आरक्षियों का दायित्व : अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में नव प्रशिक्षित आरक्षियों का दीक्षान्त परेड समारोह आयोजित किया गया।पुलिस महानिरीक्षक इंटेलीजेंस उपेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा आरक्षियों को सेवा और कर्तव्यनिष्ठता की शपथ दिलाई गई।नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज के परेड ग्राउंड में रविवार को नव प्रशिक्षित आरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह सम्पन्न हुआ।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक इंटेलीजेंस उपेन्द्र कुमार अग्रवाल रहे। मुख्य अतिथि द्वारा दीक्षान्त परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इसके बाद विभिन्न टोलियों में नव प्रशिक्षित आरक्षियों द्वारा बैंड की मधुर धुन पर कदम से कदम मिलाते हुये शानदार मार्च पास्ट किया गया और मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी।परेड कमाण्डर प्रथम अंकुल यादव तथा इनके सहयोगार्थ परेड कमाण्डर द्वितीय आकाश यादव व परेड कमाण्डर तृतीय दिलीप कुमार द्वारा परेड का नेतृत्व किया गया।समारोह में सम्मलित सभी लोगों द्वारा मुख्यालय लखनऊ से मुख्यमंत्री व पुलिस महानिदेशक के अभिभाषण का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री के उदबोधन में नव आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुये उनके उत्तरदायित्वों का बोध कराया।कार्यक्रम की अग्रिम कार्यवाही के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नव प्रशिक्षित आरक्षियों को सम्बोधित करते हुये उनका मनोबल बढ़ाया गया तथा उन्हें बताया गया कि आरक्षियों का दायित्व अब और बढ़ गया है।समाज की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना उनका उत्तरदायित्व है। प्राप्त कठिन प्रशिक्षण आरक्षियों के भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा।आरटीसी प्रशिक्षकों की भी सराहना की जिन्होंने इन आरक्षियों को एक कुशल अनुशासित सैनिक के रूप में ढालने में कड़ी मेहनत की है।अभिभाषण के उपरान्त विभिन्न बाह्य व अन्तर्विषयों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी प्रशिक्षुओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया।समस्त अन्तः विषयों में सर्वोत्तम आनन्द विश्वकर्मा,समस्त बाह्य विषयों में सर्वोत्तम दिलीप कुमार,सर्वांग सर्वोत्तम (अन्तः व बाह्य) - आनन्द विश्वकर्मा रहे।मंच के दाहिने-बायें दो डिवीजनों के फार्मेशन में समस्त आरक्षियों को संविधान के प्रति निष्ठा और बिना किसी भेदभाव के ईमानदारी से जनसेवा करने की शपथ दिलाते हुये औपचारिक रूप से आरक्षियों को पुलिस बल की मुख्यधारा में शामिल कर लिया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी., मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, आरटीसी प्रभारी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## पूरनपुर में दिनदहाड़े बाइक चोरी, तीसरी आंख में कैद हुई वारदात

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं ताजा मामला पूरनपुर देहात के मोहल्ला खानकाह का सामने आया है, जहां दिनदहाड़े अज्ञात चोर एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला खानकाह निवासी आबिद खां के पुत्र आरिफ खान 16 अप्रैल 2026 को अरबन कॉलोनी, आसाम रोड स्थित तफरी कै.फ़े के पास एक मकान की ऊपरी मंजिल पर पेंट का काम कर रहे थे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस (नंबर ठ्य26इठ्2809, मॉडल 2024) कॉलोनी गेट के पास लॉक करके खड़ी की थी शाम करीब 5 बजे दो अज्ञात युवक पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे और लॉक तोड़कर बाइक चोरी कर ले गए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है पीड़ित आबिद खां ने बताया कि वह अपने स्तर पर चोरों का पता लगाने का प्रयास करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर अब कोतवाली पूरनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है;पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और बाइक बरामदगी की मांग की गई है पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है ।

# जागरूकता से ही हो सकता है साइबर ठगो से बचाव : बीके सिंह

**दीक्षांत समारोह में ली परेड की सलामी दिलाया सुरक्षा और सेवा का संकल्प**

**पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में हुआ दीक्षांत परेड समारोह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में रविवार को एक और सुनहरा पन्ना जुड़ा। प्रदेश के 112 सेंटर पर लगभग 55000 आरक्षियो ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया अब दीक्षांत परेड समारोहों में पुलिस के जवानों ने परेड में भाग लेकर अपने उच्च कुशल का प्रदर्शन किया। सुल्तानपुर जिले के पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में पहुंचे पुलिस महानिदेशक सीआईडी, साइबर क्राइम विनोद कुमार सिंह ने मंच से परेड की सलामी ली सिपाहियों का हौसला बढ़ाया साइबर अपराध को लेकर जानकारियां साझा की । यहां प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ व डीजीपी राजीव कृष्ण के वर्चुअल संबोधन को सुना गया। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट योगदान करने वाले अधिकारियों व कर्मियों के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन पर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

बताते चलें सुल्तानपुर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में 653 प्रशिक्षुओं ने अपनी ट्रेनिंग पूरी की वरिष्ठ आईपीएस बृजेश कुमार मिश्रा के निर्देश व एसपी पीटीएस मायाराम वर्मा के संयोजन में पुलिस के इन जवानों को कानूनी पढ़ाई फॉरेंसिक जांच साइबर क्राइम समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर ट्रेनिंग दी गई। प्रशिक्षण के उपरांत दीक्षांत परेड में मुख्य अतिथि द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली गई । यहां मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पुलिस महानिदेशक बीके सिंह ने मौजूद जन समूह को संबोधित करते हुए अपने विचार रखें । यहां उन्होंने कहा आज दीक्षांत समारोह में मौजूद आराछियों को सेवा व सुरक्षा का संकल्प दिलाया गया अपराध से जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है लालच से दूर रहे किसी भी अवस्था में डरे नहीं जल्द से जल्द पुलिस व साइबर टीम की सहायता ले पुलिस परिवार के बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त संसाधन है बाकी केंद्रीय टीम के निर्णय का विषय है सरकार और सरकारी विद्यालय में भी गुणवत्ता बढ़ी है साइबर क्राइम और साइबर सिक्योरिटी को लेकर भी इन जवानों को विधिवत प्रशिक्षण दिया गया है। समारोह के बाद उन्होंने पुलिस के जवानों के साथ फोटो खींचे और समझ में मौजूद विशिष्ट अतिथियों सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल सरदार बलदेव सिंह डॉ राजीव श्रीवास्तव राजकुमार तिवारी रविंद्र त्रिपाठी सौरभ त्रिपाठी हनुमान सीआरपीएफ के डीआईजी मदन कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष सीता शरण त्रिपाठी डॉ डीएस मिश्रा समेत सैकड़ो अतिथियों के साथ मुलाकात का परिचय प्राप्त किया।

## कलीनगर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष का चुनाव हुआ रोचक, अधिवक्ता साथियों से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पूर्णेन्द्र शर्मा ने मांगे वोट

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद का चुनाव इस बार काफी रोचक होता नजर आ रहा है। चुनाव की तारीख नजदीक आते ही प्रत्याशियों ने अधिवक्ता साथियों से संपर्क तेज कर दिया है। मौजूदा महासचिव एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद प्रत्याशी पूर्णेन्द्र शर्मा एडवोकेट ने भी अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों को गिनाते हुए अधिवक्ताओं से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में बार की गरिमा बढ़ाने, जूनियर अधिवक्ताओं को सुविधा दिलाने और न्यायालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास किए गए। चैंबर आवंटन और अधिवक्ता कल्याण योजनाओं को आगे बढ़ाने का भरोसा भी दिया।वहीं अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने–अपने एजेंडे के साथ प्रचार शुरू कर दिया है। चाय की चुस्कियों के बीच तहसील परिसर में चुनावी चर्चा जोरों पर है। अधिवक्ता साथी भी प्रत्याशियों के दावों और वादों का आकलन कर रहे हैं।चुनाव में इस बार युवा अधिवक्ताओं की भूमिका अहम मानी जा रही है।अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पूर्णेन्द्र शर्मा एडवोकेट घर–घर जाकर, व्यक्तिगत मुलाकात कर वोट मांग रहे हैं। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और मतदान 5 मई को कराया जाएगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि वे ऐसे प्रत्याशी को चुनेंगे जो बार के हित में काम करे और सभी को साथ लेकर चले। चुनाव को लेकर कलीनगर बार में सरगर्मी बढ़ गई है।

## पूरनपुर में विकसित संजय गांधी पार्क का आज लोकार्पण, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद रहेंगे मुख्य अतिथि

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा नगर के सौंदर्यीकरण और नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए संजय गांधी पार्क (अशोक कॉलोनी) का आज 27 अप्रैल 2026 (सोमवार) को भव्य लोकार्पण किया जाएगा कार्यक्रम दोपहर 12 बजे आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के शामिल होने की संभावना है इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के सांसद जितिन प्रसाद होंगे, जो पार्क का विधिवत उद्घाटन करेंगे उनके साथ मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता तथा पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बाबूराम पासवान भी मौजूद रहेंगे आयोजन की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा की जाएगी नगर पालिका परिषद के अधिकारियों के अनुसार, यह पार्क आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें हरी–भरी हरियाली, बैठने की समुचित व्यवस्था, बच्चों के खेलने के उपकरण और सुबह–शाम टहलने के लिए पाथवे तैयार किए गए हैं इस पार्क के निर्माण से न केवल क्षेत्र का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण भी मिलेगा नगर पालिका परिषद ने इसे नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है स्थानीय नागरिकों में भी पार्क के उद्घाटन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि इस तरह की सुविधाएं शहर के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने समस्त नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर इस जनहितकारी पहल के साक्षी बनें और आयोजन की गरिमा बढ़ाएं ।

## कागज़ी जंगल, सूखी ज़मीन, सुल्तानपुर में हरियाली का हिसाब सिर्फ फाइलों में हरा–भरा

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में एक अजीब किस्म का विकास देखने को मिल रहा है जहाँ पेड़ कागज़ों पर उगते हैं, गड्ढे फाइलों में खुदते हैं और ज़मीन पर बस सूखा सच पसरा रहता है। वृक्षारोपण योजना के नाम पर लाखों रुपये खर्च दिखाए गए लेकिन जब हकीकत की धूप पड़ी तो हरियाली का रंग उड़ गया। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति की खूब चर्चा होती है लेकिन सुल्तानपुर का यह मामला जैसे उस नीति को भी कागज़ों तक सीमित कर देने का उदाहरण बनता दिख रहा है। सवाल यह नहीं कि पैसा खर्च हुआ या नहीं। सवाल ये है कि पेड़ आखिर गए कहाँ? शिकायतकर्ता संतराम की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है। एक तरफ वो भ्रष्टाचार की परतें खोलने की कोशिश कर रहे हैं दूसरी तरफ उन पर शिकायत वापस लेने का सॉफ्ट प्रेशर डाला जा रहा है। यानी सच बोलना यहाँ भी आसान नहीं है खासतौर पर तब जब सच किसी की जेब तक पहुँचता हो। दावे बड़े–बड़े हजारों गड्ढे, हेक्टेयर के हिसाब से पौधारोपण, मजदूरों की लंबी फ़ेहरिस्त लेकिन मौके पर न गड्ढा, न पौधा, न मजदूर।

# पुलिस भाजपा जिला अध्यक्ष ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर पीलीभीत आगमन का दिया निमंत्रण दिया है।इस अवसर भी संगठन के आगामी अभियानों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं जनपद के विकास के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की हैं।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अतेंद्र पाल सिंह एवं गोविंद पासवान उपस्थित रहे हैं ।

# पशु चिकित्सालय सदर में धूमधाम से मनाया गया विश्व पशु चिकित्सा दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। पशु चिकित्सालय सदर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. पी. के. शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में पशुपालन विभाग एवं 1962 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई ने संयुक्त रूप से इस दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पी. के. शर्मा ने उपस्थित चिकित्सकों और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि पशुपालकों की उन्नति ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने जोर दिया कि जागरूकता और प्रभावशाली सेवाओं के माध्यम से पशुपालकों को सशक्त बनाना अनिवार्य है, ताकि वे अपने पशुओं की बेहतर देखभाल कर सकें और अपनी आजीविका को सुदृढ़ बना सकें। इस विशेष अवसर पर मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई से डॉ. विष्णु यादव, हरीश शुक्ला, हाकिम अली ई. एम. ई. विवेक श्रीवास्तव एवं भारत मिश्रा मौजूद रहे। साथ ही सदर पशु चिकित्सालय के पवन सिंह, अजय सिंह, पी. सी. सुमन सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशेषज्ञों ने पशु स्वास्थ्य और नई चिकित्सा तकनीकों पर अपने विचार साझा किए और पशु सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## सम्पादकीय

# डिजिटल पदचिह्न और भूले हुए अधिकार

स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के युग में मेमोरी ने एक नया रूप ले लिया है। जो क्षण कभी लुप्त होती हुई तस्वीरों या व्यक्तिगत डायरी में संग्रहीत होते थे, वे अब डिजिटल दुनिया में स्थायी रूप से जीवित रहते हैं। उन्हें विभिन्न प्लेटफार्मों पर अपलोड, साझा और संग्रहित किया जाता है। जन्मदिन, उपलब्धियां, राय और यहां तक कि गलतियाँ भी आश्चर्यजनक स्पष्टता के साथ संरक्षित हैं। हालांकि यह डिजिटल मेमोरी सुविधा और कनेक्शन प्रदान करती है, लेकिन इससे एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठता है: क्या सब कुछ हमेशा के लिए याद रखा जाना चाहिए? यहीं पर भुलाए जाने के अधिकार का विचार गहराई से प्रासंगिक हो जाता है। स्थायी स्मृति का उदय फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफार्मों ने रोजमर्रा के उपयोगकर्ताओं को निरंतर सामग्री निर्माता बना दिया है। प्रत्येक पोस्ट, टिप्पणी या फोटो बढ़ते डिजिटल पदचिह्न का हिस्सा बन जाती है। मानव स्मृति के विपरीत, जो समय के साथ लुप्त हो जाती है, डिजिटल स्मृति स्थायी होती है। वर्षों पहले लिखी गई कोई पोस्ट कुछ ही सेकंड में पुनः सामने आ सकती है, जो अक्सर अपने मूल संदर्भ से बाहर हो जाती है। इस स्थायित्व से लाभ होता है - यादें संरक्षित रहती हैं, खोए हुए संबंधों को पुनः खोजा जा सकता है, तथा व्यक्तिगत इतिहास का दस्तावेजीकरण किया जा सकता है। लेकिन इसका मतलब यह भी है कि पिछली गलतियाँ, पुरानी राय या कमजोरियों के क्षण किसी व्यक्ति को उसके बदलने के बाद भी परिभाषित कर सकते हैं। भुलाए जाने का अधिकार क्या है? भुलाए जाने का अधिकार यह विचार है कि व्यक्तियों को इंटरनेट से व्यक्तिगत जानकारी हटाने का अनुरोध करने की क्षमता होनी चाहिए, विशेषकर तब जब वह प्रासंगिक, सटीक या आवश्यक न हो। यह सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन (जीडीपीआर) जैसे कानूनी ढांचे से निकटता से जुड़ा हुआ है, जो व्यक्तियों को विशिष्ट शर्तों के तहत कुछ व्यक्तिगत डेटा को हटाने का अधिकार देता है। मूलतः यह अधिकार गरिमा और नियंत्रण के बारे में है। यह स्वीकार करता है कि लोग विकसित होते हैं और अपने अतीत से आगे बढ़ने का अवसर पाने के हकदार होते हैं, बिना इसके कि उनका लगातार मूल्यांकन किया जाए। स्मृति और स्वतंत्रता के बीच संघर्ष डिजिटल स्मृति और भुलाए जाने का अधिकार अक्सर तनाव में रहते हैं। एक ओर, सूचना को संरक्षित करने का मूल्य है। पत्रकारिता संबंधी अभिलेख, ऐतिहासिक घटनाएं और सार्वजनिक जवाबदेही अतीत के आंकड़ों तक पहुंच पर निर्भर करती हैं। दूसरी ओर, व्यक्तिगत डेटा तक असीमित पहुंच व्यक्तियों को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे उनका करियर, रिश्ते और मानसिक कल्याण प्रभावित हो सकता है। उदाहरण के लिए, किसी किशोर के अतीत की कोई विवादास्पद पोस्ट कई वर्षों बाद नौकरी के आवेदन के दौरान पुनः सामने आ सकती है। क्या उस क्षण को उनके भविष्य की पहचान बनानी चाहिए? इसका उत्तर सरल नहीं है। यह सार्वजनिक हित और व्यक्तिगत मुक्ति के बीच कहीं है। सोशल मीडिया और एल्गोरिदमिक रिकॉल आधुनिक प्लेटफॉर्म सिर्फ निष्क्रिय भंडारण प्रणालियां नहीं हैं, वे उपयोगकर्ताओं को सक्रिय रूप से उनके अतीत की याद दिलाते हैं। ?विस्मृतियाँ या ॉविस्तुत इस दिन पोस्ट पुरानी सामग्री को वापस लाते हैं, कभी-कभी भावनात्मक संदर्भ पर विचार किए बिना। एआई-संचालित एल्गोरिदम पुराने पोस्टों को भी बढ़ा देते हैं, यदि वे पुनः सक्रिय हो जाते हैं, जिससे उनका जीवनकाल मूल रूप से निर्धारित समय से कहीं अधिक बढ़ जाता है। इससे ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है जहां भूलना अब स्वाभाविक नहीं रह जाता। इसके लिए अनुरोध किया जाना चाहिए, प्रबंधित किया जाना चाहिए और कभी-कभी इसके लिए संघर्ष किया जाना चाहिए।

# भारतीय राजनीति के ये जय चंद और मीर जाफ़र

सिद्धांत व विचारविहीन राजनीति करते हुये अपनी सुविधा,लाभ व राजनैतिक भविष्य के मद्देनज़र दल बदल करना हमारे देश में एक हक़ीक़त बन चुकी है। सच पूछिए तो वर्तमान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की पूरी सत्ता इस समय दल बदलुओं के भरोसे ही चल रही है। इस समय केंद्रीय मंत्री,मुख्य मंत्री,सांसद विधायक जैसे तमाम पदों पर कल के कांग्रेसी आज के भाजपाई बने देखे जा सकते हैं। इनमें कई तो लंबे समय तक विपक्ष की भूमिका में न रह पाने और संघर्ष व विपक्ष की राजनीति में सक्षम न हो पाने के कारण किसी न किसी बहाने से भाजपा में शामिल हुये। तो कई भ्रष्ट लोग जेल जाने या क़ानूनी कार्रवाई से बचने के लिये 'राजनैतिक धर्म परिवर्तन ' करने को मजबूर हुये। कुछ नेता डर,लालच या भयवश इधर से उधर करने को बाध्य हुये तो दल बदल के लिये उतावले कई नेता पार्टी में अपनी उपेक्षा का बहाना बनाकर चलते बने। यह और बात है कि ऐसे अनेक लोग दल बदल कर जहाँ गए वहां भी वे देखते देखते लापता हो गये। पिछले दिनों आम आदमी पार्टी को भी उस समय एक बार फिर ज़बरदस्त झटका लगा जबकि उसके राज्य सभा के दस में से सात सांसदों ने दल बदल कर भाजपा में शरण ले ली। ये सभी सात सांसद पंजाब राज्य से निर्वाचित होकर आये थे। ग़ौरतलब है कि इस समय आम आदमी पार्टी केवल पंजाब में ही सत्ता में है। और इसी राज्य के 7 राज्य सभा सांसदों के पार्टी बदलने के बाद अब कई विधायकों के भी दल बदल की संभावना जताई जा रही है। इस दल बदल के मुख्य सूत्रधार के रूप में राघव चड्ढा को देखा जा रहा है। राघव चड्ढा वही हैं जो कई बार यह कह चुके हैं कि भाजपा अनपढ़ व गुंडों की पार्टी है। यह गुंडों को संरक्षण देने वाली पार्टी है। राघव चड्ढा पिछले दिनों राज्यसभा में उठाये गये कई जनहितकारी मुद्दों को लेकर जनता में काफ़ी लोकप्रिय हो गये थे। उन्होंने संसद में गिग वर्कर्स की सुरक्षा, एयरपोर्ट पर आम लोगों को मिलने वाला महंगा खाना, ग़रीब आदमी का मिनिमम बैलेंस कम होने पर उसपर लगने वाली बैंक पैनल्टी, पैटरनिटी लीव, स्वास्थ्य सेवा, इनकम टैक्स जैसे अनेक मुद्दे उठाये थे। तथा इन मुद्दों पर सरकार से एक्शन लेने की मांग भी की थी। इन दलबदल करने वालों में एक राज्यसभा सांसद का नामअशोक मित्तल है। ये उस लवली ग्रुप के मालिक हैं जिसका वार्षिक टर्नओवर ?850 करोड़ का बताया जा रहा है। मित्तल, लवली प्रो.फ़ेशनल यूनिवर्सिटी, लवली ऑटोज़, लवली स्वीट्स जैसे संस्थानों के स्वामी हैं। अभी कुछ दिन पहले ही मित्तल के लगभग सभी ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (क्क) की छापेमारी भी हुई थी। और आख़िरकार इन्होंने भी भाजपा की शरण में जाकर अपने 'व्यवसायिक साम्राज्य' की रक्षा करने में ही अपनी भलाई समझी। बहरहाल जितने भी चेहरे आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में गये हैं उनमें से किसी का भी कोई पूर्व राजनैतिक अनुभव नहीं है। हरभजन सिंह क्रिकेटर को छोड़ जिसने भी अपनी पहचान बनाई है वह केजरीवाल व आप पार्टी के साथ काम कर ही बनाई है। हालांकि केजरीवाल व आप का साथ छोड़कर जाने वाले नेताओं की फ़ेहरिस्त भी बहुत लंबी है। यह भी सच है कि केजरीवाल के आचरण व स्वभाव में ज़रूर कुछ न कुछ कमी है जिसके चलते प्रशांत भूषण व योगेंद्र यादव जैसे अनेक बुद्धिजीवी व सुलझे हुये लोग भी केजरीवाल को छोड़कर चले गये। परन्तु इस ताज़ातरीन दलबदल के बाद जनता की राय बिल्कुल विपरीत है। जनता इस बार के दलबदलुओं की तुलना इतिहास के ग़द्दार जय चंद व मीर जाफ़र से कर रही है। यह सरासर पंजाब के उनलोगों से धोखा व ग़द्दारी है जिन्होंने इन 'दलबदलुओं ' को मान सम्मान देकर राज्य सभा में भेजा। ऐसा माना जा रहा है कि पहले भी विभिन्न राज्यों में राजनैतिक तोड़फोड़ कर सत्ता परिवर्तन करने वाली भाजपा पंजाब में भी निर्वाचित सरकार को गिराने या अस्थिर करने के लिये आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ भी यही घिनौना खेल, खेल सकती है। परन्तु भाजपा व इनके पाले में गये अवसरवादी दलबदलुओं को इसबार यह खेल मंहगा पड़ सकता है। क्योंकि इस दल बदल से आम जनता में भारी रोष है। कई किसान नेता भी खुलकर इन अवसरवादियों के विरुद्ध मैदान में आ गए हैं। जिससे ऐसा लगता है कि इन लोगों का भविष्य में जनता के बीच जाना आसान नहीं होगा। इस बात की भी उम्मीद की जा रही है कि भाजपा ने अगले वर्ष राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के पहले जिन उम्मीदों से 'ऑपरेशन लोटस ' चलाया था उन उम्मीदों पर भी पानी फिरने वाला है। यह भी क़यास लगाये जा रहे हैं कि यदि इस राजनैतिक घटनाक्रम से आम आदमी पार्टी को नुक़्सान हुआ भी तो भी भाजपा को कोई फ़ायदा नहीं मिलने वाला। बजाये इसके कांग्रेस ज़रूर राज्य में अपनी स्थिति मज़बूत कर सकती है। उधर क़ानूनी जानकारों का भी कहना है कि यह सातों सांसद भले ही दो तिहाई सदस्यों के पार्टी छोड़ने को दल बदल क़ानून के दायरे से बाहर बता रहे हों परन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि सांसदों से पहले यदि आम आदमी पार्टी के सदस्यों द्वारा बाक़ायदा दो तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित कर पार्टी छोड़ने की घोषणा की गयी होती उसके बाद ही सांसदों का दो तिहाई दल बदल क़ानूनी रुप से सही माना जाता। परन्तु चूँकि पार्टी की तरफ़ से ऐसा कुछ भी नहीं है इसलिये इन सभी का दलबदल पूरी तरह ग़ैरक़ानूनी है। लिहाज़ा यदि राज्य सभा के सभापति से लेकर अदालत तक ने समय रहते ईमानदारी से फ़ैसला किया तो इन सभी दलबदलुओं की राज्य सभा सदस्यता जा सकती है। बहरहाल यह महाराष्ट्र नहीं जहाँ भाजपा ने शिवसेना में विभाजन कराकर सत्ता हथियाने का चक्रव्यूह रचा था। बल्कि यह वह पंजाब है जिसने किसान आंदोलन में इसी सरकार को नाकों चने चबाने और विवादित कृषि क़ानून वापस लेने पर मजबूर कर दिया था। पंजाब में ही कांग्रेस व अकाली दल छोड़कर अपने 'उज्जवल राजनैतिक कैरियर ' की तलाश में भाजपा में शामिल अनेक प्रमुख नेताओं का आज कोई अता पता ही नहीं है। भारतीय राजनीति के इन जय चंदों और और मीर जाफ़रों को भी न तो पंजाब की जनता बख़्शने वाली है न ही भाजपा में इन्हें वह मान सम्मान व अवसर मिलने वाला है जो इन्हें आम आदमी पार्टी में हासिल था। **-तनवीर जाफ़री**

पिछले दिनों आम आदमी पार्टी को भी उस समय एक बार फिर ज़बरदस्त झटका लगा जबकि उसके राज्य सभा के दस में से सात सांसदों ने दल बदल कर भाजपा में शरण ले ली। ये सभी सात सांसद पंजाब राज्य से निर्वाचित होकर आये थे। ग़ौरतलब है कि इस समय आम आदमी पार्टी केवल पंजाब में ही सत्ता में है। और इसी राज्य के 7 राज्य सभा सांसदों के पार्टी बदलने के बाद अब कई विधायकों के भी दल बदल की संभावना जताई जा रही है। इस दल बदल के मुख्य सूत्रधार के रूप में राघव चड्ढा को देखा जा रहा है। राघव चड्ढा वही हैं जो कई बार यह कह चुके हैं कि भाजपा अनपढ़ व गुंडों की पार्टी है। यह गुंडों को संरक्षण देने वाली पार्टी है। राघव चड्ढा पिछले दिनों राज्यसभा में उठाये गये कई जनहितकारी मुद्दों को लेकर जनता में काफ़ी लोकप्रिय हो गये थे। उन्होंने संसद में गिग वर्कर्स की सुरक्षा, एयरपोर्ट पर आम लोगों को मिलने वाला महंगा खाना, ग़रीब आदमी का मिनिमम बैलेंस कम होने पर उसपर लगने वाली बैंक पैनल्टी, पैटरनिटी लीव, स्वास्थ्य सेवा, इनकम टैक्स जैसे अनेक मुद्दे उठाये थे। तथा इन मुद्दों पर सरकार से एक्शन लेने की मांग भी की थी। इन दलबदल करने वालों में एक राज्यसभा सांसद का नामअशोक मित्तल है। ये उस लवली ग्रुप के मालिक हैं जिसका वार्षिक टर्नओवर ?850 करोड़ का बताया जा रहा है। मित्तल, लवली प्रो.फ़ेशनल यूनिवर्सिटी, लवली ऑटोज़, लवली स्वीट्स जैसे संस्थानों के स्वामी हैं। अभी कुछ दिन पहले ही मित्तल के लगभग सभी ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (क्क) की छापेमारी भी हुई थी। और आख़िरकार इन्होंने भी भाजपा की शरण में जाकर अपने 'व्यवसायिक साम्राज्य' की रक्षा करने में ही अपनी भलाई समझी। बहरहाल जितने भी चेहरे आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में गये हैं उनमें से किसी का भी कोई पूर्व राजनैतिक अनुभव नहीं है। हरभजन सिंह क्रिकेटर को छोड़ जिसने भी अपनी पहचान बनाई है वह केजरीवाल व आप पार्टी के साथ काम कर ही बनाई है। हालांकि केजरीवाल व आप का साथ छोड़कर जाने वाले नेताओं की फ़ेहरिस्त भी बहुत लंबी है। यह भी सच है कि केजरीवाल के आचरण व स्वभाव में ज़रूर कुछ न कुछ कमी है जिसके चलते प्रशांत भूषण व योगेंद्र यादव जैसे अनेक बुद्धिजीवी व सुलझे हुये लोग भी केजरीवाल को छोड़कर चले गये। परन्तु इस ताज़ातरीन दलबदल के बाद जनता की राय बिल्कुल विपरीत है। जनता इस बार के दलबदलुओं की तुलना इतिहास के ग़द्दार जय चंद व मीर जाफ़र से कर रही है। यह सरासर पंजाब के उनलोगों से धोखा व ग़द्दारी है जिन्होंने इन 'दलबदलुओं ' को मान सम्मान देकर राज्य सभा में भेजा। ऐसा माना जा रहा है कि पहले भी विभिन्न राज्यों में राजनैतिक तोड़फोड़ कर सत्ता परिवर्तन करने वाली भाजपा पंजाब में भी निर्वाचित सरकार को गिराने या अस्थिर करने के लिये आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ भी यही घिनौना खेल, खेल सकती है।

# राजनीति में एक बार फिर महिलाओं का चरित्र हनन

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

एक ओर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की तैंतीस प्रतिशत भागीदारी लागू किये जाने की बात की जा रही है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं के राजनीतिक अस्तित्व में यौन शोषण की भूमिका पर बहस छिड़ गई है। बिहार के सांसद पप्पू यादव ने दावा किया है, कि राजनीति में सक्रिय नब्बे प्रतिशत महिलाओं का करियर नेताओं के बिस्तर से शुरू होता है और प्रभावशाली नेताओं से समझौता किए बिना उन्हें सक्रिय राजनीति में जगह नहीं मिलती। पप्पू यादव के इस बयान से अनेक दलों की महिला राजनीतिज्ञ आक्रोशित हैं, सक्रिय राजनीति में उनकी अस्मिता का प्रश्न खड़ा हो गया है। पप्पू यादव का यह दावा कितने प्रतिशत सत्य है, यह कहना मुश्किल है, मगर राजनीति में यौन शोषण की कहानियां नई नहीं हैं। इसके अनेक उदाहरण जनमानस के सम्मुख प्रकाश में आ चुके हैं। यौन शोषण के बल पर महिलाओं के राजनीति में बढ़ते क़दमों के किस्से अख़बारों में सुर्खियां बने हैं। देश के अनेक प्रांतों में गाहे बगाहे प्रभावशाली महिलाओं की उपस्थिति और उनसे अंतरंग संबंधों की गाथाओं की पुष्टि चर्चाओं से शुरू होकर न्यायालय तक हो चुकी है। नेताओं के विवाहेत्तर संबंधों से उत्पन्न संतानों के प्रामाणिक तथ्य भी प्रकाश में आ चुके हैं। बहरहाल यह किस्सा केवल राजनीतिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रह गया है। समाज में हर प्रकार की प्रवृत्ति के लोग रहते हैं। भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए कौन किस हद तक समझौता कर सकता है, किस हद तक नहीं, यह व्यक्ति व्यक्ति पर निर्भर करता है। पप्पू यादव सक्रिय राजनीति में हैं, उनकी पत्नी भी कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय है। भाजपा में भी अनेक महिलाएं उच्च पदों पर हैं। अनेक राजनीतिक दलों में महिलाओं की भागीदारी है, किन्तु उनमें से नब्बे प्रतिशत महिलाओं के चरित्र पर उंगली उठाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं कहा जा सकता। पप्पू यादव का यह बयान राजनीति में सक्रिय महिलाओं के प्रभावी आधार पर शक की सुईं खड़ी करता है। इसका यह अर्थ भी लगाया जा सकता है, कि पूरब से लेकर पश्चिम तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक अपनी राजनीतिक समझ बूझ का लोहा मनवाने वाली महिलाएं क्या यौन शोषण की प्रक्रिया से गुजर कर सत्ता शीर्ष तक पहुंची थी ? लगता है, कि कुछ लोगों की आदत बन चुकी है, कि वे अनर्गल और अप्रमाणिक बयानबाजी करके समाज में सुर्खियां बटोरने का प्रयास करते हैं। यूँ तो अपवाद हर जगह हैं, लेकिन महिलाओं की राजनीति में भागीदारी पर नब्बे प्रतिशत महिलाओं के चरित्र पर सवाल उठाना राजनीति में मुख्य भूमिका निभाने वाली महिला जनप्रतिनिधियों का घोर अपमान है, जिसकी जितनी निंदा की जाए, सो कम है।

पप्पू यादव का यह दावा कितने प्रतिशत सत्य है, यह कहना मुश्किल है, मगर राजनीति में यौन शोषण की कहानियां नई नहीं हैं। इसके अनेक उदाहरण जनमानस के सम्मुख प्रकाश में आ चुके हैं। यौन शोषण के बल पर महिलाओं के राजनीति में बढ़ते क़दमों के किस्से अख़बारों में सुर्खियां बने हैं। देश के अनेक प्रांतों में गाहे बगाहे प्रभावशाली महिलाओं की उपस्थिति और उनसे अंतरंग संबंधों की गाथाओं की पुष्टि चर्चाओं से शुरू होकर न्यायालय तक हो चुकी है।

## सेहत मंत्र

# गर्मी को मात देने के लिए प्रतिदिन करें प्राणायाम

गर्मी के मौसम में व्यक्ति को एक नहीं कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ने लगता है, शरीर में ऊर्जा का स्तर कम होने लगता है। इतना ही नहीं, इस मौसम में हीट स्ट्रोक, सनबर्न और निर्जलीकरण जैसी समस्याएं होती है। ऐसे में खुद को गर्मी से बचाने और शरीर को ठंडा रखने के लिए आप कई तरीके अपनाते होंगे। एक ओर जहां शरीर के पोषक तत्वों की पूर्ति और निर्जलीकरण के बचने के लिए आप अपनी डाइट में विभिन्न तरह के भोजन व पेय पदार्थों का सहारा लेते होंगे। इसी तरह, शरीर में नेचुरली ठंडक बनाए रखने के लिए प्राणायाम का सहारा लिया जा सकता है। दरअसल, ऐसे कई प्राणायाम हैं, जो शरीर के तापमान को बनाए रखने में मदद करते हैं और इसलिए गर्मी के मौसम में इनका अभ्यास अवश्य किया जाना चाहिए। यह एक प्रकार की ब्रीदिंग तकनीक है, जो विशेष रूप से शरीर को भीतर से ठंडा रखने में मदद करती है। इस प्राणायाम का अभ्यास करने के लिए आप सर्वप्रथम सुखासन में बैठ जाएं। अब अपनी जीभ को कुछ इस तरह मोड़े कि वह एक ट्यूब की तरह बन जाए। फिर इस नली के माध्यम से ही धीरे?धीरे मुंह से सांस लें। हवा इस ट्यूब से गुजरकर मुंह, तालु और कंठ को ठंडक प्रदान करेगी। जिससे आपको भीतर से ठंडक प्राप्त होगी। इसके बाद जीभ अंदर करके सांस को धीरे?धीरे नाक के द्वारा बाहर निकालें। आप मौसम के पारे और अपनी क्षमतानुसार इस प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं। शीतली प्राणायाम के अलावा शीतकारी प्राणायाम भी गर्मियों के लिए एक बेहतरीन प्राणायाम माना गया है। इस आसन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले किसी भी आसन में आरामदायक तरीके से बैठें। इसके बाद दोनों जबड़ों व दांतों को भींचकर रखें और होंठों को खुला रखें। इसके बाद सि' की सिसकी ध्वनि के साथ मुंह से वायु अंदर खींचें और कुछ देर के लिए अपनी क्षमतानुसार रोककर रखें। अब दोनों नासिकाओं से धीरे?धीरे श्वास छोड़े। यह एक चक्र हुआ। इस तरह आप अपनी क्षमतानुसार शीतकारी प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं। कोशिश करें कि आप हर दिन इसके चक्र बढ़ाते चले जाएं।

## धर्म मंत्र

# नैना देवी मां के नेत्र दर्शन से खत्म हो जाएगी आंखों से जुड़ी समस्याएं

नैनीताल घूमने के लिए काफी खूबसूरत जगह है। दिल्ली-एनसीआर के अधिकतर लोग अपने वीकेंड पर नैनीताल जाना पसंद करते हैं। क्योंकि ये हिल स्टेशन दिल्ली से सबसे नजदीक है। नैनीताल की खूबसूरत के कारण यहां पर्यटक बड़ी संख्या में घूमने आते हैं। नैनीताल का घूमने फिरने के अलावा धार्मिक रूप से भी काफी महत्व है। नैनीताल की नैना झील धार्मिक रूप से काफी पवित्र झील हैं। स?कंद पुराण में इसे त्रिऋषि सरोवर भी कहा गया है। नैनी झील कैसे बनी इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं, लेकिन यहां के लोगों की मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि जब अत्री, पुलस्त्य और पुलह ऋषि को नैनीताल में कहीं पानी नहीं मिला तो उन्होंने एक गड्ढा खोदा और मानसरोवर झील से पानी लाकर उसमें भरा। इस झील में बारे में कहा जाता है यहाँ डुबकी लगाने से उतना ही पुण्य मिलता है जितना मानसरोवर नदी में नहाने से मिलता है। यह झील 64 शक्ति पीठों में से एक है। नैना झील के किनारे एक मंदिर पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं। ये मंदिर नैना देवी मंदिर के नाम से दुनिया में मशहूर है। नैना देवी मंदिर के दर्शन के लिए दूर- दराज से लोग आते हैं। नैना देवी के इस मंदिर की मान्यता है कि यदि कोई भक्त आंखों की समस्या से परेशान हैं तो अगर वह नैना मां के दर्शन कर ले तो जल्द ही ठीक हो जाएगा। इसके अलावा यहां तमाम भक्त मां के दर्शन के लिए आते हैं।

## पर्यटन



# मध्यप्रदेश के पंचमढ़ी में सुकून से घूमें और पाएं जन्नत का एहसास

गर्मी में अकसर लोगों को घूमने के लिए पहाड़ों पर जाने में ही आनंद आता हैं। इस लिए गर्मियों में अधिकतर लोगों की पसंद हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड होते हैं, लेकिन हम आपको बता रहे हैं ऐसी जगह के बारे में जहां आप गर्मी की तपिश से दूर अपने परिवार व दोस्तों के साथ घूमने जा सकते हैं। मध्यप्रदेश पहाड़ी प्रदेश तो नहीं लेकिन काफी खूबसूरत जगह हैं। यह प्रदेश भारत की धरोहर को संजोए हुए है। मध्यप्रदेश में एक मात्र हिल स्टेशन भी हैं, जिसका नाम हैं सतपुड़ा की रानी पंचमढ़ी। पंचमढ़ी बहुत ही खूबसूरत जगह है जहां से वापस आने का आपको मन नहीं होगा। मध्यपदेश की इकलौता हिल स्टेशन हैं सतपुड़ा। पंचमढ़ी सतपुरा की रानी हैं। जहां के नजारे आपको अपना बना लेंगे। रफ्तार से भरी जिंदगी से कुछ पल आप यहां सुकून से बिता सकते हैं। यहां ज्यादा भीड़ नहीं हैं। काफी शांत जगह है। यहां काफी पुरानी गुफाएं भी हैं। मध्यप्रदेश के इस जगह में भी आपको शैलचित्र देखने को मिलेंगे। पंचमढ़ी में आप खूबसूरती के साथ-साथ जंगली जानवरों को देखने का भी लुफ्त उठा सकते हैं। क्योंकि पंचमढ़ी में घने जंगल और गुफाएं भी हैं जिसके कारण यहां जंगली जानवर भी जंगलों में रहते हैं। इस जंगली जगह को देखने के लिए आप जीप या स्कूटर लेकर घूमने जा सकते हो यहां आपको गौर, तेंदुआ, भालू, भैंसा और कई जंगली जानवर सहज ही देखने को मिलेंगे। जटाशंकर एक बेहद पवित्र गुफा है। यह पंचमढ़ी से बस एक किलोमीटर की दूरी पर हैं। यहां जाने के लिए थोड़ा पैदल चलना पड़ता है। इस पवित्र जगह पर प्राकृतिक शिवलिंग हैं। यहां की चट्टान पर बड़ी सी हनुमान जी की मूर्ति बनी हैं। इसके अलावा यहां आप पांडव गुफा को देखने के लिए जा सकते हैं। इस गुफा का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ हैं। इस गुफा में 'द्रौपदी कोठरी' और 'भीम कोठरी' अपना खास महत्व रखते हैं। कई विद्वान मानते हैं कि इन गुफाओं का निर्माण गुप्तकाल में हुआ है और इन्हें बोद्ध भिक्षुओं ने बनवाया था।

# भीषण गर्मी में डीएम का सख्त एक्शन: गौशालाओं से लेकर जल जीवन मिशन तक व्यवस्थाओं की परखी जमीनी हकीकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भीषण गर्मी के बीच जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जनपद में व्यवस्थाओं को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए एक के बाद एक औचक निरीक्षण कर जमीनी हकीकत परखी। इस दौरान जहां गौ आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं में कमी पर नाराजगी जताई, वहीं जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों को चेतावनी दी। सबसे पहले डीएम ने विकास खंड मसौली के प्यारेपुर सरैया स्थित गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने गौवंशों के लिए पेयजल, चारा, छाया और देखभाल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पशुओं के लिए पर्याप्त पानी और छायादार व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान टीन शेड पर धूप से बचाव के इंतजाम अधूरे मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

इसके बाद जिलाधिकारी तहसील हैदरगढ़ के ओहरामऊ गांव और नगर पंचायत हैदरगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों और पानी की टंकियों का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उन्होंने हकीकत जानी और पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की खराब स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई।

डीएम ने निर्देश दिया कि जिन गांवों में 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां नोडल अधिकारी नियुक्त कर चेकलिस्ट के आधार पर सत्यापन कराया जाए। उन्होंने साफ कहा कि जहां भी सड़कें पूर्व स्थिति में नहीं लाई गई हैं, वहां तत्काल गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराई जाए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई तय होगी।

नगर पंचायत हैदरगढ़ में भी उन्होंने पैदल चलकर सड़कों की स्थिति देखी और खराब कार्य पर फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। डीएम के इस सख्त तेवर से साफ है कि जनहित से जुड़े कार्यों में अब लापरवाही करने वालों की खैर नहीं।

# सुढ़ियामऊ रेलवे स्टेशन पर 'रेलमेध यज्ञ'–यात्रियों को मिला मिष्ठान, शीतल जल और मुफ्त दंत चिकित्सा का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भीषण गर्मी के बीच सेवा और संस्कार का सुंदर संगम देखने को मिला, जब सुढ़ियामऊ रेलवे स्टेशन पर 'रेलमेध यज्ञ' के तहत यात्रियों और ग्रामीणों के लिए मिष्ठान, शीतल जल वितरण के साथ-साथ निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

धर्मजागरण बाराबंकीधाम उ.प्र. द्वारा लगातार चौथे वर्ष आयोजित इस सेवा अभियान में सीतापुर-गोंडा रेलमार्ग पर चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों को प्रेमपूर्वक मिष्ठान और ठंडा जल वितरित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संयोजक अमित अवस्थी अधिवक्ता ने किया, जिनके साथ देवेंद्र सिंह, अर्जुन वर्मा, राकेश रावत, मनोज कुमार, सालिकराम वर्मा, रंजीत वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा (प्रधान), बलकेश, राजमल कुरील, अजय कुमार, मोहन, श्रवण कुमार, रजनीश, उदय प्रताप वर्मा, पीयूष कुमार, उमेश चंद्र वर्मा, प्रतियोग रावत, लव कुमार पाठक सहित अनेक धर्मसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

इसी क्रम में दासगणु वेलफ़ेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित 'द्वारिका माई डेंटल हॉस्पिटल' के सहयोग से एक दंत चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। शिविर में डॉ. ऋषिकांत शुक्ल, सहायक उदय प्रताप और मनोज कुमार ने सैकड़ों ग्रामीणों के दांतों की जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। राजेश कुमार, राम किशोर यादव, बबली राईन समेत आसपास के कई गांवों के लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

कार्यक्रम के समापन पर स्टेशन प्रभारी अर्जुन वर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम में यात्रियों को जल और मिष्ठान उपलब्ध कराना हमारी परंपरा रही है, जिसे 'रेलमेध यज्ञ' के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने चिकित्सकों की टीम और सभी धर्मसेवकों के योगदान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। सेवा, समर्पण और संस्कार का यह अनूठा संगम लोगों के लिए राहत के साथ प्रेरणा भी बन रहा है।

## सुसाइड नोट से खुला राज: नवविवाहिता की मौत में ससुराल पक्ष पर आरोप

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम नौबस्ता में मायके आई नवविवाहिता डाली वर्मा की फांसी लगाकर हुई मौत के मामले में सुसाइड नोट सामने आने के बाद मामला गंभीर हो गया है। मृतका ने नोट में पति व ससुराल पक्ष पर मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। परिजनों ने दहेज उत्पीड़न का भी आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने की तहरीर दी है।

**थाना प्रभारी का वर्जन:**

प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## फंदे पर झूलती मिली महिला, हत्या या आत्महत्या? तिलपुरा में गहराया रहस्य

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के तिलपुरा गांव में 30 वर्षीय अंजली उर्फ किरण का शव घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। रविवार सुबह घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई राजकुमार ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। अंजली की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व तिलपुरा निवासी पंकज से हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। मौके पर प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी टीम के साथ पहुंचे, वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए।

**क्या कहते हैं पुलिस अधिकारी?**

चौकी प्रभारी संजय यादव ने बताया कि प्रारंभिक सूचना आत्महत्या की मिली थी, लेकिन सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## ट्रैक्टर पल्टा किसानकी मौत

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में सिरकौली गांव के पास दोपहर को हुई दुर्घटना में किसान संजय सिंह 49 वर्ष की मृत्यु हुई।वह ट्रैक्टर ट्रॉली से भूसा लेकर बांध पर चढ़ रहे थे कि ट्रैक्टर पलट गया संजय नीचे दब गए।गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया।मौके पर पहुंची पुलिस टीम से परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना किया।इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## भाजपा का महिला जनाक्रोश सम्मेलन, तिकोनिया पार्क तक निकलेगा पैदल मार्च

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। संसद में नारी हितों के विरोध के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी जन–जन की आवाज बनकर सोमवार 27 अप्रैल को एक बड़ा जन– आक्रोश सम्मेलन आयोजित करेगी। यह सम्मेलन प्रातः 10:30 बजे पंडित अटल बिहारी वाजपेई सभागार, खुर्शीद क्लब में आयोजित होगा।इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल होकर नारी सम्मान के मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करेंगी। मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि सम्मेलन के उपरांत प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में सभागार से तिकोनिया पार्क तक महिला जन–आक्रोश पैदल मार्च निकाला जाएगा।इस दौरान महिलाएं विपक्षी दलों की महिला विरोधी मानसिकता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करेंगी। यह जन–आक्रोश सम्मेलन और मार्च उसी संकल्प का प्रतीक है।

## मीरजापुर: कार से 300 बोतल अवैध शराब बरामद, दो आरोपित गिरफ्तार

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ड्रमंडगंज पुलिस और एसओजी टीम को रविवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने ड्रमंडगंज घाटी स्थित बरम बाबा मोड़ के पास घेराबंदी कर एक कार से तीन सौ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए दो आरोपित तस्करों को गिरफ्तार किया है। ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आज सुबह करीब पांच बजे पुलिस टीम ने बरम बाबा मंदिर के पास घेराबंदी की। इस दौरान मध्यप्रदेश की ओर से आ रही सफ़ेद रंग की क्रेटा कार को रोका गया। जांच में कार पर दिल्ली का फर्जी नंबर प्लेट लगा पाया गया। तलाशी के दौरान डिक्की से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब मिली। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए दोनों आरोपितों ने अपना नाम नागेंद्र शाह (निवासी पटना) और इशू सिंह (निवासी जहानाबाद, बिहार) बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि हरियाणा से शराब लाकर बिहार ले जा रहे थे। बरामद कार का कोई वैध रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं था। वाहन से झारखंड का फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद की गई है।

पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60/63 तथा बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार को सीज कर दिया है। गिरफ्तार तस्करों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि इस कार्रवाई उनके साथ एसआई मूलचंद्र वर्मा, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार यादव और कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे।

## बहु प्रतीक्षित नाली, इंटर लांकिंग कार्य होने की संभावना हुई प्रबल

सुल्तानपुर। पूर्व में करौदिंया वार्ड मलिन बस्ती घोषित होने पर मौजूदा सांसद रहे मो. ताहिर खान के प्रयास से वार्ड को स्पेशल कंपोनेंट योजनांतर्गत से जोड़कर डूडा द्वारा करोडो़ रुपये की सौगात मिली थी, जिसके कारण करौदिंया वार्ड, नगर क्षेत्र के सभी वार्डो़ में विकास कार्य में अग्रणी पंक्ति में था। फिर धीरे-धीरे राजनीतिक आपा-धापी के चलते वार्ड के विकास की गति मद्धिम पड़ने लगी, हालात इस कदर बिगड़े की करौदिंया वार्ड के मुख्य मार्गों की हालत बद् से बदत्तर होने लगी। बीच में विधायक निधि,डूडा से कई कार्य हुए, परंतु नाकाफी साबित हुए,लंबे समय से महिला थाने के सामने मकरंद तिवारी मार्केट के सामने नाली बंद और इंटर लांकिंग उबड़-खाबड़ स्थिति में पहुंच गई थी,परंतु पालिका की नीति और नियति के चलते रविवार को सभासद अनीता सोनकर के प्रतिनिधि संदीप सोनकर द्वारा भूमि पूजन किया गया,मौके पर ठेकेदार व वार्ड के लोग मौजूद रहे।

# पीड़ितों से मिले शरद अवस्थी बोले—सरकारी मदद नाकाफी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसुर बाराबंकी। ढेकवा माफी मजरे अमरा कटेहरा गांव में आग लगने से पांच परिवारों के घर जलकर राख हो गए, जिससे उनके सामने रहने और खाने की समस्या खड़ी हो गई। रविवार को पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने गांव पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की और नुकसान की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कपड़े, राशन व अन्य जरूरी सामग्री वितरित की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार हर पीड़ित के साथ खड़ी है, लेकिन मौजूदा मदद पर्याप्त नहीं है। उन्होंने प्रशासन से आर्थिक सहायता और आवास दिलाने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि प्रशासन द्वारा राशन, तिरपाल व कंबल दिए गए हैं, लेकिन पीड़ित परिवारों के अनुसार यह मदद अभी भी नाकाफी है।



# आरक्षण मुद्दे पर महिलाओ का विरोध प्रदर्शन, पुतला फूंका




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गरमाता नजर आया। भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाया गया यह विधेयक 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा में आवश्यक दो-तिहाई बहुमत न मिलने के कारण पारित नहीं हो सका। हालांकि सरकार ने इस दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के बड्डूपुर इलाके में भाजपा महिलाओं ने जन आक्रोश पैदल यात्रा निकाली। महिलाओं ने विपक्षी दलों पर नारी शक्ति के विरोध का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। हाथों में तख्तियां लिए महिलाओं ने ल्लमहिला विरोधी कांग्रेस हाय-हायङ्क, ल्लकांग्रेस की पहचान, नारी शक्ति का अपमानङ्क, ल्लनारी शक्ति का स्वाभिमान, विपक्ष ने फिर किया अपमानङ्क और ल्ल33 प्रतिशत आरक्षण बिल को पास होने से रोकाङ्क जैसे नारे लगाए। महमूदाबाद-लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित खिझना चौराहे से यह पैदल यात्रा क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा के नेतृत्व में शुरू हुई। यात्रा कस्बा बड्डूपुर पहुंची, जहां महिलाओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान निर्मला गिरि, अन्नपूर्णा वर्मा, सुमित्रा देवी, सरोज वर्मा, प्रदीप रावत, दिनेश सिंह तोमर, योगेंद्र पटेल, प्रमोद कुमार वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# चोरी की मोटर साइकिल के साथ 02 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। थाना बण्डा पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थाना बण्डा क्षेत्र के गांव सिंघापुर पनई निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि 25 अप्रैल को हसनापुर चक्की के पास समर जनसेवा केन्द्र के सामने से किसी अज्ञात ने उसकी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आज थाना बण्डा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम ददिउरी मार्ग से दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने उक्त चोरी की गई मोटर साइकिल भी बरामद की। पकड़े गए अभियुक्त थाना बण्डा क्षेत्र के गांव इंदलपुर निवासी राजेश पुत्र कालिका प्रसाद और हरिओम पुत्र कालीचरन हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना बण्डा के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय के साथ उपनिरीक्षक अमर कान्त सिंह, अभिमन्यु सिंह, कांस्टेबल दिनेश कुमार मौजूद रहे।

## श्री राम जन्मभूमि के शिव मंदिर पर 29 अप्रैल को ध्वजारोहण करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के सभी मंदिरों में देवी-देवताओं के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर रामलला, माता अन्नपूर्णा, सूर्यदेव, हनुमान जी और गणेश मंदिरों के शिखरों पर ध्वजारोहण हो चुका है। वहीं अब शिव मंदिर पर ध्वजारोहण की तैयारी है। शिव मंदिर पर ध्वजारोहण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को करेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि आगामी वैशाख शुक्ल त्रयोदशी 29 अप्रैल (बुधवार) को शाम 5 बजे शिव मंदिर पर ध्वजारोहण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराया जाएगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद श्रद्धालु मंदिर परिसर में दर्शन कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में करीब 700 मेहमान शामिल होंगे। आमंत्रित मेहमानों को रंगमहल आश्रम (रामकोट) की ओर से, अमावा राम मंदिर होते हुए रामगुलेला मंदिर बैरियर की ओर से और बिरला धर्मशाला के सामने जगद्गुरु रामानन्दाचार्य द्वार से प्रवेश मिलेगा। वहीं इनके लिए पार्किंग व्यवस्था टेढ़ी बाजार चौराहे पर अरुन्धती भवन पार्किंग, टेढ़ी बाजार से गोकुल भवन की ओर और ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा के पास की गई है। वहीं कार्यक्रम के लिए अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता की जा रही है।

# मजबूत हाथों में हैदरगढ़, नवागत जिलाधिकारी के निरीक्षण से बढ़ा विकास का विश्वास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । नगर पंचायत हैदरगढ़ के विकास कार्यों का नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह द्वारा किया गया निरीक्षण केवल औपचारिक समीक्षा नहीं, बल्कि विकास के प्रति उनकी गंभीरता, सकारात्मक सोच और जनहितकारी प्रशासनिक दृष्टिकोण का सशक्त परिचायक रहा। जिलाधिकारी ने जिस प्रकार विकास कार्यों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए नगर पंचायत के प्रयासों की प्रशंसा की, उससे स्पष्ट है कि हैदरगढ़ के विकास को सक्षम और संवेदनशील नेतृत्व प्राप्त हुआ है।

जिलाधिकारी श्री सिंह का सकारात्मक रवैया, सहयोगात्मक दृष्टिकोण और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देने का संकल्प निश्चित रूप से सराहनीय है। सड़क, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर उनका फोकस यह दर्शाता है कि प्रशासन विकास को केवल योजनाओं तक सीमित न रखकर धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। उनका यह भरोसा कि जनहित के कार्यों को हरसंभव प्रशासनिक सहयोग मिलेगा, नगरवासियों में नई आशा और विश्वास का संचार करता है।

विशेष रूप से यह प्रशंसनीय है कि नवागत जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान केवल कमियों की समीक्षा नहीं की, बल्कि चल रहे कार्यों की खुले मन से सराहना कर विकासोन्मुख वातावरण को प्रोत्साहित किया। ऐसा सकारात्मक प्रशासनिक रवैया जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और जनता सभी के मनोबल को बढ़ाने वाला है।

राजेश विश्वकर्मा तथा इंद्रभान सहित प्रशासनिक टीम की उपस्थिति और समन्वय ने भी यह संदेश दिया कि हैदरगढ़ में विकास सामूहिक प्रतिबद्धता का परिणाम है।

नवागत जिलाधिकारी का यह निरीक्षण वास्तव में सराहना योग्य पहल है, जिसने यह विश्वास और मजबूत किया है कि हैदरगढ़ सचमुच मजबूत, दूरदर्शी और सकारात्मक हाथों में है।

# होनहार बेटी वैष्णवी बाजपेयी का कमाल, लहराया परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम (23 अप्रैल को घोषित) सामने आते ही बाराबंकी जिले के जैदपुर स्थित 'श्री साईं इण्टर कॉलेज' में जश्न का माहौल है। विद्यालय की होनहार छात्रा वैष्णवी बाजपेयी ने अपनी मेधा का परचम लहराते हुए 91 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस शानदार प्रदर्शन के साथ वैष्णवी ने न सिर्फ विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, बल्कि अपने परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। बचपन से ही पढ़ाई के प्रति रही है गहरी लगन हैदरगढ़ तहसील के सिद्धौर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बीबीपुर की रहने वाली वैष्णवी बचपन से ही एक मेधावी और अध्ययनशील छात्रा रही हैं। उनकी इस सफलता के पीछे सालों की कड़ी मेहनत और अटूट लगन छिपी है। बेटी की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, गांव और पूरे विद्यालय परिसर में खुशी की लहर है। विद्यालय परिवार ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं छात्रा के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से गदगद श्री साईं इण्टर कॉलेज के प्रबंधक, प्रधानाचार्य और सभी शिक्षकों ने वैष्णवी को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।



VAISHNAVI BAJPAI





# हार से आहत दिल्ली का सामना संतुलित आरसीबी से

एजेंसी



नयी दिल्ली। पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाने के बावजूद हार से आहत दिल्ली कैपिटल्स की टीम को अगर सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की संतुलित टीम के खिलाफ वापसी करनी है तो उसे अपने पिछले प्रदर्शन को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। पंजाब किंग्स ने रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके छह विकेट से जीत दर्ज की जिससे दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुरी तरह से हिल गई है। इस मैच में उसके गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। दिल्ली की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर है और अब उसका मुकाबला आरसीबी जैसी एक और मजबूत टीम से है जो सात मैच में 10 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। दिल्ली ने अभी तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उसके गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। केएल राहुल की अगुवाई वाले उनके शीर्ष क्रम ने लगातार तेज शुरुआत दी है, जबकि नितीश राणा और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों ने बीच ओवरों में लय बनाए रखने में मदद की है। उसके गेंदबाज हालांकि अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पा रहे हैं। विशेषकर डेथ ओवरों में उसकी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। ऐसे में अगर उसको अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसके गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज आकिब नबी, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और कप्तान अक्षर पटेल को विशेष रूप से महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दूसरी तरफ आरसीबी की टीम काफी संतुलित नजर आ रही है। विराट कोहली की अगुवाई में उनकी बल्लेबाजी इकाई मजबूत नजर आती है। देवदत्त पडिक्कल की शानदार फॉर्म ने उसे और मजबूती प्रदान की है। उसके मध्य क्रम के बल्लेबाजों ने भी मैच का सकारात्मक अंत करने में अधिक स्पष्ट भूमिका निभाई है। लेकिन आरसीबी केवल बल्लेबाजी में ही खतरनाक नहीं है। उसके गेंदबाजों ने भी महत्वपूर्ण अवसरों पर विशेष कर अंतिम ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। दिल्ली के बल्लेबाजों को उनसे सतर्क रहने की जरूरत होगी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में आरसीबी की गेंदबाजी इकाई ने दबाव में रहते हुए संयम का शानदार नमूना पेश किया था। गुजरात के विशाल स्कोर बनाने की अच्छी स्थिति में होने के बावजूद सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार और जोश हेज़लवुड की तिकड़ी ने अंतिम ओवरों में अपनी रणनीति को अच्छी तरह से अंजाम दिया और तेजी से रन बनाने पर रोक लगाई। दिल्ली और आरसीबी के बीच होने वाले मुकाबले में कुछ पहलू महत्वपूर्ण होंगे। आरसीबी के गेंदबाजों के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम का प्रदर्शन अहम साबित होगा। इसके अलावा बीच के ओवरों में उसके बल्लेबाजों और आरसीबी के स्पिन गेंदबाजों के बीच मुकाबला मैच के परिणाम का फैसला कर सकता है। आखिरी ओवरों में सारी निगाहें दिल्ली के गेंदबाजों पर टिकी होंगी, जिन पर पंजाब के खिलाफ मिली करारी हार के बाद खुद को साबित करने का दबाव होगा। वहीं आरसीबी के अनुभवी गेंदबाज मैच का रुख मोड़ने की कोशिश करेंगे।

# बार्सिलोना ला लीगा में लगातार दूसरे खिताब के करीब पहुंचा

एजेंसी



बार्सिलोना। बार्सिलोना शनिवार को गेटाफ़े पर मिली 2-0 की जीत से स्पेनिश फुटबाल लीग ला लीगा में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है, जबकि एटलेटिको मैड्रिड चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में आर्सेनल का सामना करने से पहले आत्मविश्वास भरी जीत हासिल करने में सफल रहा। बार्सिलोना की तरफ से पहला गोल फ़र्मिन लोपेज़ ने 45वें मिनट में किया।

उन्होंने अपना यह गोल चोटिल लामिन यामल को समर्पित किया। बार्सिलोना की तरफ से इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले यामल मांसपेशियों में खिंचाव होने के कारण इस सत्र से बाहर हो गए हैं। मार्कस रैशफोर्ड स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे और उन्होंने 74वें मिनट में गोल करके बार्सिलोना की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। यह बार्सिलोना की गेटाफ़े में छह सत्र में पहली जीत है। इस जीत से बार्सिलोना ने दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड पर अपनी बढ़त 11 अंक कर दी है जबकि अब केवल पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। बार्सिलोना के 33 मैच में 85 जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 74 अंक हैं। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड ने एंटोनी ग्रिज़मैन के 49वें मिनट में किए गए गोल और अलेक्जेंडर सोरलॉथ के दो गोल की मदद से एथलेटिक बिलबाओ को 3-2 से हराया। एटलेटिको का हाल में प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा था लेकिन आर्सेनल के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच से पहले इस जीत से उसका मनोबल बढ़ेगा।

# इन्फिनिटी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग में एल्डेको इलेवन बनी विजेता



कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। इन्फिनिटी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग का आयोजन उत्साह, खेल भावना और शानदार सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में सदस्यों, उनके परिवारों और कॉर्पोरेट जगत के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

रोमांच से भरपूर फाइनल मुकाबले में एल्डेको इलेवन ने एनीटाइम फिटनेस को हराकर खिताब अपने नाम किया। टीम ने उत्कृष्ट तालमेल और नेतृत्व क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त निशानेबाज़ एवं बहु-स्वर्ण पदक विजेता श्री विनोद मिश्रा की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। इस आयोजन में अनीता मिश्रा, डॉली रस्तोगी, मितुषी नेगी, गिरीश माथुर और जीवनजोत जौहर मखीजा सहित अनेक इन्फिनिटी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्रतियोगिता के प्रमुख प्रायोजक पायल सिंह द्वारा संचालित ब्यूटी एवं त्वचा देखभाल ब्रांड बेल्लेज़ा रहे, जबकि पूरे आयोजन का सफल संचालन अमित अरोड़ा द्वारा संचालित पेंटागन इवेंट्स ने किया। इन्फिनिटी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग ने एक बार फिर खेल, आपसी जुड़ाव और सहयोग की भावना को मजबूती प्रदान की।

# ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा, सूर्यवंशी मेरे नए पसंदीदा बल्लेबाज

एजेंसी

जयपुर। वैभव सूर्यवंशी को अपनी शानदार बल्लेबाजी के कारण एक नया प्रशंसक मिल गया है और यह कोई और नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस हैं जो इस 15 वर्षीय खिलाड़ी के बल्लेबाजी के तरीके से बेहद प्रभावित हैं।

राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलने वाले युवा बल्लेबाज सूर्यवंशी ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। उन्होंने कमिंस की अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंद में 103 रन बनाए जो उनका आईपीएल में दूसरा शतक है। इसके बावजूद हालांकि उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप और टी20 विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस ने शनिवार को मैच के बाद कहा, ''हां, मुझे लगता है कि वह मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। वह गेंद पर जोर से प्रहार करता है। उसे खेलते हुए देखने में मजा आता है। सूर्यवंशी ने अपने करियर की जिस तरह की शुरुआत की है, उससे कमिंस काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, ''एक गेंदबाज के रूप में आपको सटीक गेंदबाजी करनी होती है क्योंकि अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आपको इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। वह बेहद प्रभावशाली बल्लेबाज है। उसने अपने करियर की शानदार शुरुआत की है और मुझे उसका खेलने का तरीका बहुत पसंद है। पिच हालांकि सपाट हैं जिन पर बल्लेबाजों की तूती बोल रही है, लेकिन कमिंस का मानना है कि जब तक ऐसी पिचें टी20 मैचों तक ही सीमित हैं तब तक उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि यही स्थिति है। विकेट भले ही सपाट हों।

# भारत, न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर 27 अप्रैल को होंगे हस्ताक्षर


एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड 27 अप्रैल को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार इस समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की उपस्थिति में यहां भारत मंडपम में हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह समझौता भारतीय कंपनियों को न्यूजीलैंड के बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर का निवेश लाएगा। दोनों देशों ने पिछले साल 22 दिसंबर को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाना है। इस समझौते से भारत को अपने 100 प्रतिशत निर्यात पर शून्य शुल्क बाजार पहुंच मिलेगी, वहीं न्यूजीलैंड से भारत को निर्यात होने वाले 95 प्रतिशत सामान पर शुल्क समाप्त या कम हो जाएगा। इसमें ऊन, कोयला, लकड़ी, शराब से लेकर एवोकाडो और ब्लूबेरी शामिल हैं। हालांकि, किसानों और घरेलू उद्योग को संरक्षण देने के लिए भारत ने दूध, क्रीम, मट्ठा, दही और पनीर जैसे डेयरी उत्पादों, प्याज, चीनी, मसाले, खाद्य तेल और रबड़ के आयात पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। इस समझौते के तहत, न्यूजीलैंड को भेड़ का मांस, ऊन, कोयला और वानिकी एवं लकड़ी से बने 95 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी।

# सोना के भाव में सांकेतिक गिरावट, चांदी में मामूली बढ़ोतरी

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में सांकेतिक कमजोरी का रुख है। हालांकि देश के दूसरे सर्राफा बाजारों के विपरीत चेन्नई में आज सोने के भाव में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सर्राफा बाजारों में आज चांदी के भाव में भी मामूली तेजी दर्ज की गई है। सोने के भाव में आज हुए उतार-चढ़ाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,54,040 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना आज 1,41,200 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में आए मामूली उछाल के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 1,740 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी आ गई। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 1,600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। चांदी के भाव में भी पिछले सप्ताह के कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण चांदी पिछले सप्ताह के भाव की तुलना में 15 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,54,190 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,54,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,54,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,42,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,54,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,54,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,41,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# महाराष्ट्र दिवस पर स्टॉक मार्केट में एक मई को छुट्टी, एमसीएक्स में शाम के सत्र में होगा कारोबार

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में इस सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार यानी एक मई को महाराष्ट्र दिवस के मौके पर छुट्टी रहेगी। इस कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में शुक्रवार को कारोबार नहीं होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की तरह ही मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में भी महाराष्ट्र दिवस की छुट्टी होने की वजह से पहले सत्र में यानी सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कारोबार नहीं होगा। हालांकि, एमसीएक्स में शाम पांच बजे से रात 11:30 तथा 11:55 बजे तक दूसरे सत्र में सामान्य कारोबार होगा। स्टॉक एक्सचेंज के अनुसार महाराष्ट्र दिवस की छुट्टी होने के कारण एक मई को बीएसई में इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट, करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट्स, न्यू डेट सेगमेंट- रिपोर्टिंग, सेटलमेंट एंड ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म (एनडीएस-आरएसटी), ट्राई पार्टी रेपो, इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीप्ट्स (ईजीआर), कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट सभी के लिए ट्रेडिंग हॉलिडे रहेगा। इसी तरह एनएसई में भी महाराष्ट्र दिवस की छुट्टी होने के कारण एक मई को इक्विटीज, इक्विटी डेरिवेटिव्स, कॉरपोरेट बॉन्ड्स, न्यू डेट सेगमेंट्स, निगोशिएटेड ट्रेड रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, म्यूचुअल फंड्स, सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग स्कीम्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, कमोडिटी डेरिवेटिव्स और इंट्रेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सभी सेगमेंट्स में छुट्टी रहेगी। इनमें इस दिन कोई कारोबार नहीं होगा। स्टॉक मार्केट के हॉलिडे कैलेंडर के अनुसार इसके अलावा 28 मई को बकरीद की वजह से स्टॉक मार्केट बंद रहेगा। इस हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक जून के महीने में सिर्फ एक दिन 26 जून को मोहर्रम के कारण स्टॉक मार्केट में कारोबार नहीं होगा। इसके बाद जुलाई और अगस्त में स्टॉक मार्केट में साप्ताहिक छुट्टियों के अलावा और कोई छुट्टी नहीं होगी। सितंबर के महीने में 14 तारीख को गणेश चतुर्थी की छुट्टी होगी।

# पश्चिम एशिया के हालात, कंपनियों के नतीजे और कच्चे तेल की चाल से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**



नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजे और कच्चे तेल की कीमतें आने वाले सप्ताह में शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। इस सप्ताह शुक्रवार को 'महाराष्ट्र दिवस' के कारण शेयर बाजार बंद रहेंगे। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ळआगे बाजार काफी हद तक खबरों पर आधारित और उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है। निवेशकों की नजर अमेरिका-ईरान वार्ता, कच्चे तेल की कीमतों के रुझान और वैश्विक संकेतकों पर रहेगी। यदि तेल की कीमतों में स्थिरता या गिरावट आती है तो इससे आर्थिक चिंताओं में कमी आ सकती है, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ने या लंबे समय तक व्यवधान रहने से बाजार में फिर से अस्थिरता और मुनाफावसूली देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि चौथी तिमाही के नतीजे भी शेयर-विशिष्ट गतिविधियों के लिए प्रमुख कारक होंगे, जहां निवेशक कंपनियों के प्रदर्शन, भविष्य के मार्गदर्शन और विभिन्न क्षेत्रों के परिदृश्य पर नजर रखेंगे।

विश्लेषकों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, जिससे महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति और अमेरिका-ईरान वार्ता में गतिरोध से वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है। इससे कच्चे तेल की कीमतों पर सीधा असर पड़ रहा है और ब्रेंट क्रूड 107 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए ऊंची तेल कीमतें सबसे अहम आर्थिक कारक हैं, क्योंकि इससे महंगाई, रुपये और कंपनियों के मुनाफ़े पर दबाव पड़ता है। पिछले सप्ताह सेंसेक्स 1,829.33 अंक (2.33 प्रतिशत) गिरा और निफ्टी 455.6 अंक (1.87 प्रतिशत) नीचे आया।

# टॉप 10 में शामिल 7 कंपनियों का मार्केट कैप 2.05 लाख करोड़ गिरा, टीसीएस को सबसे ज्यादा नुकसान

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल सात कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई, जबकि तीन कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से सात के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 2.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ, जबकि देश में सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज नुकसान उठाने के मामले में दूसरे स्थान पर रही। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल कंपनियों में शेष बची तीन कंपनियों के मार्केट कैप में पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक का उछाल आ गया। मार्केट कैप में बढ़ोतरी हासिल करने वाली यानी फायदा उठाने वाली तीनों कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे आगे पहले स्थान पर रही। इस सप्ताह के कारोबार के बाद टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और लार्सन एंड टूब्रो के मार्केट कैप में 2,05,343.06 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में 48,429.31 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के बाद टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 66,699.44 करोड़ रुपये की कमी के साथ 8,67,364.12 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 50,670.34 करोड़ रुपये कम होकर 17,96,647.50 करोड़ रुपये के स्तर तक गिर गया। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 23,090.05 करोड़ रुपये फिसल कर 12,08,225.48 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 19,670.75 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 5,13,020.56 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 19,406.59 करोड़ रुपये लुढ़क कर 11,05,718.62 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 14,663.27 करोड़ रुपये कम होकर 9,50,345.40 करोड़ रुपये के स्तर पर और लार्सन एंड टूब्रो का मार्केट कैप 11,142.62 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,52,171.88 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

# शरणार्थियों को नागरिकता मिलेगी : मोदी

## लेकिन अवैध घुसपैठिये चार मई तक पश्चिम बंगाल छोड़कर चले जाएं

एजेंसी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बनगांव में मतुआ समुदाय के बीच पहुंचकर शरणार्थियों को नागरिकता की गारंटी दी और घुसपैठ पर कड़ा रुख अपनाते हुए अवैध घुसपैठियों को चार मई के बाद देश छोड़ने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी।

प्रधानमंत्री ने मतुआ समुदाय और बंगलादेश से आए शरणार्थियों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत पूर्ण अधिकार देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, ''मैं स्पष्ट रूप से कहता हूँ, प्रत्येक शरणार्थी को नागरिकता मिलेगी। आपको स्थायी पता, हर आवश्यक दस्तावेज और वे सभी अधिकार मिलेंगे जो प्रत्येक भारतीय नागरिक को मिलते हैं। यह मोदी की गारंटी है। लेकिन आपको तृणमूल के झूठ से सतर्क रहना चाहिए।''

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच मतुआ मतदाताओं में नागरिकता और मतदान के अधिकारों को लेकर उपजी



चिंताओं को दूर करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जनसंघ हमेशा पूर्वी बंगाल के शरणार्थियों के साथ खड़ा रहा। उन्होंने इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा, ''श्यामा प्रसाद मुखर्जी शरणार्थियों की आवाज थे। बंटवारे से लेकर अब तक, हर शरणार्थी परिवार की देखभाल करना भारत की ऐतिहासिक जिम्मेदारी रही है। इसीलिए मैंने सीएए लागू किया।''

घुसपैठ पर अपना हमला तेज करते हुए प्रधानमंत्री ने कड़ी चेतावनी दी, ''मैं राज्य में रह रहे सभी घुसपैठियों को चेतावनी देता हूँ–चार मई से पहले देश छोड़ दें, अन्यथा आपको जाने के लिए मजबूर किया जाएगा। 29 अप्रैल से पहले अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोग चले जाएं। चार मई के बाद हर घुसपैठिये की पहचान की जाएगी। तृणमूल किसी को नहीं बचा पाएगी।''

श्री मोदी ने जारी चुनावों पर दावा किया कि पहले चरण ने तृणमूल का अहंकार तोड़ दिया है और दूसरे चरण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत निश्चित है। उन्होंने सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए कहा कि 15 साल पहले वे 'मां, माटी, मानुष' की बात करके सत्ता में आए थे, लेकिन अब उनके अत्याचारों के कारण माताएं रो रही हैं, माटी माफियाओं और घुसपैठियों को सौंप दी गई है और मानुष को इसे छोड़ने पर मजबूर किया गया है।

उद्योग और शासन पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बनगांव से बैरकपुर तक कभी जूट मिलों का जाल था, लेकिन आज केवल 'सिंडिकेट, कट मनी और कमीशन' की फैक्ट्रियां चल रही हैं। उन्होंने सुभाष चंद्र बोस के नारे की तर्ज पर कहा, ''हमें अपना वोट दें और हम तृणमूल के जंगलराज, डर, भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बेरोजगारी और घुसपैठियों से आजादी देंगे।''

महिला मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए श्री मोदी ने संदेशखाली की घटना का जिक्र किया और आरोप लगाया कि तृणमूल ने वहां की महिलाओं पर अत्याचार करने वाले गुंडों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संदेशखाली की लड़ाई लड़ने वाली महिलाओं और आरजी कर पीड़िता की मां को टिकट देकर महिला सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

इससे पहले श्री मोदी ने ठाकुरबाड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की और मतुआ आध्यात्मिक परंपरा को नमन किया। उन्होंने कहा, ''मैं हरिचंद ठाकुर, गुरुचंद ठाकुर और 'बोरोमा' को नमन करता हूँ। कुछ साल पहले मुझे ओराकांडी जाने का अवसर मिला था और आज यहाँ आपका आशीर्वाद प्राप्त करना मेरा सौभाग्य है।

# मौसम की चुनौतियों के बावजूद देश में गेहूं उत्पादन बेहतर

## बढ़े रकबे और खरीद के आंकड़े से उछाल के संकेत

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में इस साल 3.34 करोड़ हेक्टेयर में हुई गेहूं की बुवाई के बाद बेहतर कृषि प्रबंधन और उन्नत किस्मों के उपयोग के चलते मौसम की मार के बावजूद गेहूं उत्पादन समग्र रूप से बेहतर रहा। फरवरी की गर्मी, असमय बारिश और ओलावृष्टि के असर के बावजूद हरियाणा में 56.13 लाख मीट्रिक टन खरीद, मध्य प्रदेश में लक्ष्य बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन और महाराष्ट्र में 22.90 लाख टन उत्पादन के अनुमान है, जो अच्छा उत्पादन है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष लगभग 3.34 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बुवाई की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। पूरे सीजन के दौरान फसल में किसी बड़े कीट या रोग का प्रकोप नहीं देखा गया। मंत्रालय के अनुसार, फरवरी में असामान्य रूप से अधिक तापमान के कारण फसल पर हीट स्ट्रेस का असर पड़ा, जिससे दानों के भरने की अवधि प्रभावित हुई। इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में असमय बारिश और ओलावृष्टि से स्थानीय स्तर पर नुकसान की आशंका रही है। हालांकि, कई सकारात्मक कारकों ने इन प्रतिकूल प्रभावों को संतुलित किया है। समय से पहले बुवाई, अधिक क्षेत्र में खेती, उन्नत और जलवायु सहनशील किस्मों का उपयोग तथा खरपतवार और कीटों का कम प्रकोप उत्पादन को स्थिर बनाए रखने में सहायक रहे हैं। खरीद के आंकड़े भी बेहतर स्थिति बताते हैं। हरियाणा में गेहूं की आवक सरकारी लक्ष्य से आगे रही है और खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश में उच्च उत्पादन के अनुमान के चलते खरीद लक्ष्य बढ़ाया गया है, जबकि महाराष्ट्र में भी उत्पादन में स्थिर वृद्धि देखी जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय स्तर पर कुछ प्रभावों के बावजूद देश में गेहूं उत्पादन की समग्र स्थिति संतोषजनक और मजबूत बनी हुई है।

# दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल लिमिटेड के पहले सीईओ नियुक्त हुए जमुआर

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली मेट्रो इंटरनेशनल लिमिटेड (डीएमआईएल) के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में श्री संजय जमुआर की नियुक्ति की गयी है।

गौरतलब है कि इस कंपनी को दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने सरकार के सहयोग से स्थापित किया है, ताकि दिल्ली के बाहर भारत में और विदेशों में मेट्रो परियोजनाओं के संचालन और रखरखाव के कार्यों को पूरा किया जा सके। डीएमआईएल की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री जमुआर को यह दायित्व इसलिए सौंपा गया है, ताकि वे मेट्रो के विकास, सुधार और उनके लिए दीर्घकालिक योजनाएं तैयार करने में सहायता प्राप्त कर सकें। डीएमआईएल, डीएमआरसी के अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ उठाएगी। विज्ञप्ति के अनुसार डीएमआरसी ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत के कई शहरों को अपनी स्वयं की मेट्रो प्रणालियां बनाने में मदद की है। श्री जमुआर भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आईआरटीएस) के एक पूर्व अधिकारी हैं, जिन्हें भारतीय रेलवे, डीएमआरसी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस, पश्चिम मध्य पूर्व और यूरोप में काम करने का व्यापक अनुभव है। उन्होंने ब्रिटेन के वारविक बिजनेस स्कूल से 'स्ट्रेटेजिक लीडरशिप' में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा किया है, और लीड्स विश्वविद्यालय में 'परिवहन अर्थशास्त्र' पर शोध कार्य किया है। श्री जमुआर ने जब1998 में डीएमआरसी में कार्यभार संभाला था, तब वे ओ एंड एम विभाग के पहले कर्मचारी थे। इसलिए, डीएमआरसी में वापसी उनके लिए 'घर वापसी' जैसी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि डीएमआरसी पहले से ही बंगलादेश में ढाका मेट्रो परियोजना में एक सलाहकार के रूप में शामिल है। यह चेन्नई, मुंबई और पटना मेट्रो परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण ओ एंड एम अनुबंधों का प्रबंधन भी कर रही है, और भारत की लगभग सभी प्रमुख मेट्रो परियोजनाओं में सलाहकार की भूमिका निभा चुकी है। डीएमारसी ने मुंबई, जयपुर और पटना में मेट्रो परियोजनाओं के लिए निर्माण कार्य भी किया है। इसलिए, अब डीएमआईएल से यह अपेक्षा की जाती है कि वह दुनिया भर में डीएमारसी के विस्तार को और आगे बढ़ाएगी।

# अंकिता भंडारी मामले में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, धीरेंद्र प्रताप हिरासत में

नयी दिल्ली। उत्तराखंड कंग्रेस के उपाध्यक्ष तथा पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप के नेतृत्व में रविवार को न यहां जंतर-मंतर पर अंकिता भंडारी हत्याकांड में सीबीआई की कथित लचर पैरवी के विरोध में सत्याग्रह किया जिसमें श्री प्रताप तथा उनके कई साथियों को हिरासत में लिया गया। श्री प्रताप ने बताया कि उन्हें संसद मार्ग थाने ले जाकर करीब चार घंटे तक रखा गया। इस दौरान उनके मोबाइल फोन छीन लिए गए और किसी से बात करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया और कहा कि वे शांतिपूर्ण और गांधीवादी तरीके से विरोध दर्ज करा रहे थे, इसके बावजूद उन्हें जबरन रोका गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना अनुमति प्रदर्शन और प्रतिबंधित क्षेत्र में एकत्र होने का हवाला देकर पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया।

# मोदी सिक्किम के स्वर्ण जयंती समारोह में 4,000 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं को शुरू करेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27-28 अप्रैल को दो दिवसीय सिक्किम दौरे पर रहेंगे, जहां वे राज्य की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में भाग लेंगे और 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की व्यापक विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री 27 अप्रैल की दोपहर गंगटोक पहुंचेंगे। अगले दिन सुबह, वे ऑर्किडेरियम का दौरा करेंगे, जहां विश्व स्तरीय ऑर्किड अनुभव केंद्र के रूप में विकसित स्वर्णजयंती मैत्री मंजरी पार्क सिक्किम की समृद्ध पारिस्थितिक और पुष्प विरासत को प्रदर्शित करेगा। 28 अप्रैल को सुबह लगभग 10 बजे, मोदी पालजोर स्टेडियम में स्वर्ण जयंती समारोह के समापन समारोह में शामिल होंगे, जहां वे कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली, पर्यटन, शहरी विकास, पर्यावरण और कृषि क्षेत्र से परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर उनके एक जनसभा को संबोधित करने की भी उम्मीद है। अधिकारियों ने कहा, ''इन पहलों का उद्देश्य सिक्किम में समग्र और समावेशी विकास को गति देना है,'' और लक्षित निवेशों के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र को मजबूत करने पर केंद्र के फोकस को रेखांकित किया। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में, प्रधानमंत्री नामची जिले के यांगंग में 100 बिस्तरों वाले आयुर्वेद अस्पताल की आधारशिला रखेंगे और एनआईटी देवराली में 30 बिस्तरों वाले एकीकृत सोवा रिग्पा अस्पताल का उद्घाटन करेंगे, जिससे पारंपरिक और एकीकृत चिकित्सा प्रणालियों तक पहुंच का विस्तार होगा। यांगंग में सिक्किम विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर के उद्घाटन के साथ-साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस उत्कृष्टता विश्वविद्यालय, हेलेन लेपचा मेडिकल कॉलेज और दंतम प्रोफ़ेशनल कॉलेज में सुविधाओं के विकास से शिक्षा अवसंरचना को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। कई मॉडल स्कूल, मंगन जिले में एक डिग्री कॉलेज और 160 स्कूलों में आईटी-सक्षम अवसंरचना का भी शुभारंभ किया जाएगा। विद्युत क्षेत्र में, अधिक विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गंगटोक में उन्नत पारेषण और वितरण नेटवर्क का उद्घाटन किया जाएगा। शहरी अवसंरचना परियोजनाओं में लुम्से में जन सेवा सचिवालय और गंगटोक में सिविल सेवा अधिकारी संस्थान का उद्घाटन, साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और सरकारी कर्मचारियों के लिए कई आवास परियोजनाएं शामिल हैं।

## पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप के हत्यारे तत्काल हों गिरफ्तार : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है और आरोप लगाया है कि उसके लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या की है। श्री गांधी ने रविवार को देबदीप की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की और कहा कि कांग्रेस हिंसा पर भरोसा नहीं करती और अहिंसा के सिद्धांत को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकना नहीं जानती है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा, ''कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की तृणमूल से जुड़े गुंडों द्वारा की गयी हत्या बेहद निंदनीय है। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, तृणमूल का गुंडा राज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाज़ों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी और न कभी टिकेगी। हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प। उन्होंने कहा, ''हमारी मांग स्पष्ट है, सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो, कठोरतम सज़ा मिले और देबदीप के परिवार को पूर्ण सुरक्षा तथा मुआवज़ा सुनिश्चित किया जाए। भारत की अहिंसक परंपरा को कलंकित करने वाली इस राजनीति के सामने हम झुकेंगे नहीं। न्याय होकर रहेगा।

## जैव विविधता संरक्षण की पांच वर्षीय परियोजना शुरू

**नयी दिल्ली।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने जमीनी स्तर पर जैव विविधता संरक्षण की मजबूती के लिए पांच वर्षीय परियोजना शुरू की है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 से 2030 की अवधि वाली इस परियोजना को भारत सरकार की वैश्विक पर्यावरण सुविधा और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से 48.8 लाख डॉलर की सहायता से लागू किया जाएगा। यह पहल तमिलनाडु और मेघालय के पारिस्थितिक क्षेत्रों में लागू होगी, जहां पंचायतों के माध्यम से स्थानीय समुदायों की भागीदारी से जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा।

# पेज एक का शेष

### यूपी में खत्म...

में पुरानी 303 नॉट राइफल के स्थान पर आधुनिक इंसास व एसएलआर राइफल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सीएम योगी ने इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में मिशन कर्मयोगी के तहत कर्मयोगी पोर्टल पर 5 विशेष मॉड्यूल तैयार किए गए। 32 विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। हाल में संचालित साधना सप्ताह में शासकीय कर्मचारियों ने 1.25 करोड़ कोर्स पूर्ण कर यूपी को देश में पहला स्थान दिलवाया है। यूपी पुलिस ने इसमें 28 लाख कोर्स पूरे किए। यूपी पुलिस देश भर के सभी राज्यों-विभागों में चौथे स्थान पर रही है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी एटीएस के अधिकारियों व जवानों को एनआईए और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के मानक के अनुरूप प्रशिक्षण देने का कार्य चल रहा है। पुलिस बल को व्यावहारिक दक्षता व सॉफ्ट स्किल पर आधारित विशेष ट्रेनिंग भी दी जा रही है। 75 जनपदों में साइबर थानों की स्थापना के साथ ही पुलिस कर्मियों को आधुनिक साइबर अपराधों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेस की स्थापना की गई है। यहां पुलिस बल को वैज्ञानिक जांच की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले प्रदेश की छवि अराजकता-अस्थिरता का पर्याय बनी था, लेकिन अब स्पष्ट नीति व साफ नीयत का परिणाम साफ दिखाई देता है। 2017 के पहले की स्थिति बयां करते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश में दंगे और महीनों कर्फ्यू लगता था। कोई खुद को सुरक्षित नहीं महसूस करता था, लेकिन यूपी पुलिस अब दंगे से पहले ही उसे रोकने में सफल है। अब यूपी में महिला कार्यबल 13 से बढ़कर 36 फीसदी से अधिक हुआ है। यूपी पुलिस ने खुद को आर्थिक प्रगति की रीढ़ के रूप में भी तैयार किया है। इस कारण प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 2019-20 से अनवरत मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए कार्यक्रम बढ़ रहे हैं। हर थाने में मिशन शक्ति केंद्र बने हैं। तीन महिला पीएसी बटालियनों (लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी, गोरखपुर में झलकारी बाई कोरी व बदायूं में अवंती बाई लोधी) का गठन किया गया है। तीन अन्य नई बटालियन के गठन की प्रक्रिया को बढ़ाया गया है। 17 नगर निगम व गौतमबुद्ध नगर में सेफ सिटी परियोजना को लागू किया है। एटीएस को अत्याधुनिक तकनीक, साइबर एक्सपर्ट, आधुनिक प्रशिक्षण से सुसज्जित किया गया। 12 फॉरेंसिक लैब की स्थापना की गई, 6 लैब निर्माणाधीन हैं। हर जनपद में दो-दो मोबाइल फॉरेंसिक लैब स्थापित की गईं। हमने यूपी-112 के रिस्पांस टाइम को 65 मिनट से घटाकर 6-7 मिनट लाने में सफलता हासिल की है। समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण आदि मौजूद रहे।

### ह्वाइट हाउस...

घटित हुई घटना के बाद श्री ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में अमेरिकी सीक्रेट सर्विस और स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों की तारीफ की। उन्होंने लिखा उन्होंने (सुरक्षा कर्मियों) तेजी से और बहादुरी से काम किया। श्री ट्रंप ने फिर से कार्यक्रम में शामिल होने का इरादा जाहिर किया, लेकिन कहा कि वह सुरक्षा अधिकारियों के निर्देशों का पालन करेंगे। श्री ट्रम्प ने लिखा, ''हमलावर को पकड़ लिया गया है और मैंने सुझाव दिया है कि हम शो जारी रहने दें, लेकिन मैं पूरी तरह से कानून प्रवर्तन एजेंसियों के निर्देशों का पालन करूंगा। वे जल्द ही कोई फैसला लेंगे। उनका फैसला चाहे जो भी हो, यह शाम वैसी नहीं होगी जैसी योजना बनायी गयी थी। हमें बस इसे सीधे, फिर से करना होगा।' सोशल मीडिया में जारी वीडियो में दिखाई दे रहा है कि सीक्रेट सर्विस एजेंट ने राष्ट्रपति ट्रंप को घेर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति और वहां मौजूद लोग अपनी मेज के पीछे छिपते हुए दिखे, जबकि लोग चिल्ला रहे थे- नीचे झुक जाओ और नीचे ही रहो। इसके बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स श्री ट्रंप को तेजी से मंच से दूर ले गये, जिसके बाद भारी हथियारों से लैस एजेंट्स ने स्टेज को घेर लिया। उल्लेखनीय है कि ह्वाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर एक 'ब्लैक-टाई' कार्यक्रम है, जिसकी मेज़बानी उन पत्रकारों का संघ करता है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति को कवर करते हैं। यह कार्यक्रम हर साल वॉशिंगटन हिल्टन के विशाल बॉलरूम में आयोजित किया जाता है। ह्वाइट हाउस के अनुसार, जल्द ही संदिग्ध के संबंध में और अधिक विवरण जारी किये जायेंगे। वहीं बीबीसी के अमेरिकी सहयोगी सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कथित बंदूकधारी ने अधिकारियों को बताया है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े अधिकारियों को निशाना बना रहा था। दो अज्ञात स्रोतों के हवाले से सीबीएस ने यह भी कहा कि इस घटना के दौरान कम से कम पांच से आठ राउंड गोलियां चली थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित दुनिया भर के नेताओं ने इस घटना की निंदा की है और जोर दिया है कि लोकतांत्रिक समाज में हिंसा का कोई स्थान नहीं है।

### नहीं रहे प्रख्यात...

पुस्तक सेंट मदर विशेष रूप से चर्चित रही। अविभाजित पंजाब (अब पाकिस्तान) के झंग में जन्मे श्री रघु राय ने 'द स्टेट्समैन' से अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय फोटो जर्नलिज्म को नयी पहचान दिलायी। उनकी तस्वीरें टाइम्स, लाइफ, द न्यूयार्क टाइम्स और न्यूजवीक जैसे प्रतिष्ठित प्रकाशनों में प्रकाशित हुईं। युद्ध, चुनाव, आपदाएं, सड़क जीवन और आध्यात्मिकता हर विषय पर उनकी दृष्टि ने दुनिया को भारत का एक संवेदनशील और गहरा चित्र दिखाया।

### यूपीटीईटी के...

भी पात्र अभ्यर्थी इस अवसर से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि आयोग ने प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) और उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) के लिए 20 मार्च को विज्ञापन जारी किया था। आवेदन प्रक्रिया 27 मार्च से निरंतर जारी है। आयोग ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए समय रहते अपना पंजीकरण और शुल्क भुगतान सुनिश्चित कर लें।

### ज्यूरिख जा रहे ...

बताया कि गति पकड़ने के दौरान एक तेज आवाज सुनाई दी, जिसके बाद आग की लपटें दिखाई दीं, जिससे पायलटों को विमान रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा। थोड़े अंतराल के बाद निकासी शुरू हुई और यात्री आपातकालीन कर्मियों की देखरेख में रनवे पर बाहर निकले। विमान शनिवार देर रात ज्यूरिख से दिल्ली पहुंचा था और अपनी वापसी यात्रा की तैयारी कर रहा था, तभी यह घटना हुई। हवाई अड्डा अधिकारियों ने कहा कि आकस्मिक उपाय तेजी से सक्रिय किये गये, जिसमें परिचालन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए रखरखाव के अधीन एक वैकल्पिक रनवे को फिर से खोलना शामिल था। प्रभावित रनवे को साफ कर दिया गया और दो घंटे से कुछ अधिक समय बाद फिर से बहाल कर दिया गया। एक बयान में, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स ने पुष्टि की कि इंजन से संबंधित समस्या के कारण टेक-ऑफ रद्द कर दिया गया था और स्थिति का आकलन करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। एयरलाइन ने आगे कहा कि प्रभावित यात्रियों को तत्काल सहायता प्रदान की गयी, जिसमें होटल में ठहरने और वैकल्पिक उड़ानों पर रीबुकिंग शामिल है। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि सभी आपातकालीन प्रोटोकॉल का प्रक्रिया के अनुसार पालन किया गया । तकनीकी खराबी के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### जनगणना में डिजिटल...

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान और देश के अनेक राज्य इस क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं। गुजरात के कच्छ, पाटन, बनासकांठा जैसे क्षेत्रों में, जहां पहले सिर्फ रेगिस्तान नजर आता था, आज वहां बड़े नवीकरणीय ऊर्जा पार्क बन रहे हैं। इसका लाभ युवाओं को मिल रहा है, नये अवसर बन रहे हैं, नये कौशल विकसित हो रहे हैं, रोजगार के नये रास्ते खुल रहे हैं। उन्होंने कहा, ''तमिलनाडु के कलपक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटकलिटी हासिल कर ली है। इस चरण का मतलब है रिएक्टर का परिचालन के चरण में पहुंचना। देश की परमाणु ऊर्जा यात्रा में यह एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।'' गौरतलब है कि क्रिटिकलिटी वह चरण होता है जब बिना किसी बाहरी उत्प्रेरण के परमाणु रिएक्टर में चेन रिएक्शन जारी रह सकता है। उन्होंने कहा कि यह भी बड़ी बात है कि यह परमाणु रिएक्टर पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से निर्मित है और बताया कि यह एक ऐसा सिस्टम है, जो ऊर्जा के उत्पादन के साथ-साथ भविष्य के लिए नया ईंधन भी खुद ही तैयार करता है। इसीलिए इसे ब्रीडर रिएक्टर कहते हैं। प्रधानमंत्री ने मार्च 2024 के उस समय को याद किया जब कलपक्कम में इस रिएक्टर की कोर लोडिंग के वह साक्षी बने थे। उन्होंने कहा, ''मैं उन सभी को बधाई देता हूं, जिन्होंने देश के परमाणु कार्यक्रम में अपना अमूल्य योगदान दिया है। देशवासियों का जीवन बेहतर और आसान बनाने के लिए उनका यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। इससे विकसित भारत के हमारे संकल्प को भी एक नई ऊर्जा मिलेगी।'' श्री मोदी ने को कहा,'' पूर्वोत्तर हम सब के लिए अष्टलक्ष्मी है। यहां भरपूर प्रतिभा है और पूर्वोत्तर की प्राकृतिक सुंदरता भी सबका ध्यान खींचती है। 'मन की बात' में भी हम अक्सर पूर्वोत्तर के लोगों की उपलब्धियों पर चर्चा करते आए हैं। आज ऐसी ही एक और उपलब्धि बांस सेक्टर में पूर्वोत्तर की सफलता। जिस चीज को कभी बोझ के रूप में देखा जाता था, वह आज रोजगार, कारोबार और नवाचार को नई गति दे रही है। हमारी माताएं-बहनें इसकी सबसे बड़ी लाभार्थी हैं। आपको ये जानकर हैरानी होगी कि बांस की परिभाषा बदल देने से कितना बड़ा परिवर्तन आया है। अंग्रेजों के बनाए कानून के हिसाब से बांस को पेड़ के रूप में परिभाषित किया गया था और इससे जुड़े नियम बहुत कड़े थे। कहीं पर भी बांस को ले जाना बहुत मुश्किल था। ऐसे में यहां के लोग बांस से जुड़े काम-धंधे से दूर होते गए। साल 2017 में कानून में बदलाव करके हमने बांस को पेड़ की श्रेणी से बाहर किया। जिसके नतीजे सबके सामने हैं। आज पूरे पूर्वोत्तर में बांस सेक्टर फल-फूल रहा है। उन्होंने कहा,''त्रिपुरा के गोमती जिले के बिजॉय सूत्रधार और दक्षिण त्रिपुरा के प्रदीप चक्रवर्ती की बात करें। इन्होंने नए कानूनों को अपने लिए एक बड़े अवसर के रूप में देखा। फिर इन्होंने अपने काम को तकनीक से जोड़ा। आज वे पहले से कहीं बेहतर और कहीं ज्यादा बांस के उत्पाद बना रहे हैं। नागालैंड के दीमापुर और आसपास के इलाकों में कई ऐसे स्वयं सहायता समूह हैं जिन्होंने बांस से जुड़े खाद्य उत्पाद में वैल्यू एडिशन किया है। वहां खोरोलो क्रिएटिव क्राफ्ट जैसी टीमें भी हैं, जो, बांस के फर्नीचर और हैंडीक्राफ्ट पर काम कर रही हैं। श्री मोदी ने कहा,''मैंने यहां पर कुछ ही उदाहरण दिए हैं। देश में बांस क्षेत्र की सफलता की यह सूची काफी लंबी है। मैं आप सभी से आग्रह करूंगा कि पूर्वोत्तर का कोई-न-कोई बांस का उत्पाद जरूर खरीदें। आपके इस प्रयास से उन लोगों का हौसला बढ़ेगा, जो बांस उत्पाद को बनाने में अपना पसीना बहाते हैं। कुछ ही दिनों में हम बुद्ध पूर्णिमा मनाएंगे। मैं आप सभी देशवासियों को अपनी अग्रिम शुभकामनाएं देता हूँ। भगवान गौतम बुद्ध का जीवन संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने हमें सिखाया है कि शांति हमारे भीतर से शुरू होती है, उन्होंने बताया है कि स्वयं पर विजय सबसे बड़ी विजय होती है। आज दुनिया जिस तरह के तनावों और संघर्षों से गुजर रही है। ऐसे समय में बुद्ध के विचार और भी अहम हो गए हैं। उन्होंने कहा,''दक्षिण अमेरिका के चिली में एक संस्था भगवान बुद्ध के विचारों को आगे बढ़ा रही है। लद्दाख में जन्मे ड्रबपोन ओत्जर रिनपोचे के मार्गदर्शन में काम हो रहा है। ये संस्था ध्यान और करुणा को लोगों के जीवन से जोड़ रही है। कोचीगुआज घाटी में बना स्तूप लोगों को शांति का अनुभव कराता है। वाकई, यह देखकर गर्व होता है। भारत की प्राचीन धारा पूरी दुनिया तक पहुँच रही है। दूर-दराज के लोग भी इससे जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा ''बौद्ध परंपरा हमें प्रकृति से जुड़ना भी सिखाती है। भगवान बुद्ध को ज्ञान एक वृक्ष के नीचे मिला था। प्रकृति हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। देश में भी ऐसे प्रयास हो रहे हैं। कर्नाटक में कर्मा मोनास्ट्री इसका अच्छा उदाहरण है। यह मठ एक जीवंत वन क्षेत्र है, जो, 100 एकड़ में फैला है। इस वन में 700 से अधिक देसी वृक्षों को संरक्षित किया गया है। साथियो, बुद्ध का संदेश सिर्फ अतीत नहीं है। यह आज भी प्रासंगिक है और भविष्य के लिए भी जरूरी है। बुद्ध पूर्णिमा का यह अवसर प्रेरणा देता है। हम अपने जीवन में शांति बढ़ाएँ, करुणा अपनाएं और संतुलन के साथ आगे बढ़ें। श्री मोदी ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में फ्रांस के बोरदो में यूरोपियन गर्ल्स मैथेमेटिकल ओलंपियाड का आयोजन हुआ। गणित में गहरी रुचि रखने वाली स्कूली छात्राओं के लिए ये एक बड़ी प्रतियोगिता थी। यह दुनिया की सबसे सम्मानित प्रतियोगिताओं में से एक है। इस ओलंपियाड में हमारी बेटियों ने अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्हें इस प्रतिभाशाली टीम पर बहुत गर्व है। इसमें मुंबई की श्रेया मुंधड़ा, तिरुवनंतपुरम की संजना चाको, चेन्नई की शिवानी भरत कुमार और कोलकाता की श्रिमोयी बेरा शामिल थीं। इसमें हमारी टीम विश्व में छठे स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में श्रेया ने स्वर्ण पदत जीतकर इतिहास रच दिया, संजना ने सिल्वर, तो शिवानी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने कहा कि इस ओलंपियाड के लिए भारत में जो चयन की प्रक्रिया है, वो अपने आप में बहुत कठिन है। इसका एक बहु स्तरीय चयन प्रक्रिया है। इसमें क्षेत्रीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कठिन चुनौतियों को पार करना होता है। इसके बाद सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राएँ एक महीने के गणित प्रशिक्षण शिविर में शामिल होती हैं। इस शिविर के आखिर में टीम चयन टेस्ट होता है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर ही भारत की टीम चुनी जाती है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष देश-भर की करीब 6 लाख छात्राओं ने इस मैथेमेटिकल ओलंपियाड कार्यक्रम में हिस्सा लेती हैं। समय के साथ यह संख्या लगातार बढ़ रही है, यानि, देश की बेटियों के बीच ओलंपियाड की यह संस्कृति तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इन होनहार बेटियों को समर्थन करने के लिए मैं उनके अभिभावकों की भी सराहना करता हूँ।

# ‘मन की बात’ प्रेरणा का सशक्त मंच, समाज में ला रहा सकारात्मक बदलाव : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ‘मन की बात’ कार्यक्रम देशवासियों के लिए प्रेरणा का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। इस कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री समाज के विभिन्न वर्गों के प्रेरक कार्यों, नवाचार, स्टार्टअप, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण और लोक संस्कृति जैसे विषयों को प्रभावी रूप से सामने रखते हैं, जिससे आमजन को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को देहरादून के मोथरोवाला क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ के 133वें संस्करण को सुना। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आम नागरिकों के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का मंच प्रदान करता है। इससे देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहन मिलता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वातावरण बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की निरंतरता इसे करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणादायक बनाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर अपनी साख मजबूत कर रहा है। देश आज एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है और विज्ञान, रक्षा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहा है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से सीमांत क्षेत्रों तक सड़क, रेल और आधुनिक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। उत्तराखंड भी विकसित भारत के संकल्प में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के राज्य के प्रति विशेष लगाव का उल्लेख करते हुए कहा कि ‘21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक‘ बनाने के संकल्प पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत, आस्था और परंपराओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि राज्य में दंगारोधी कानून, धर्मांतरण कानून और नकल विरोधी कानून जैसे सख्त प्रावधान लागू किए गए हैं, जो अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के कारण राज्य में विकास कार्यों को गति मिली है। इस अवसर पर विधायक विनोद चमोली, दायित्वधारी प्रताप सिंह पंवार, सरिता डंगवाल, मोहित शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पंजाब पुलिस ने हरभजन सिंह की सुरक्षा वापस ली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह की सुरक्षा वापस ले ली है। हरभजन सिंह उन सात सांसदों में शामिल हैं, जिन्होंने राघव चड्ढा के साथ आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है। यह जानकारी सूत्रों ने दी। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा शनिवार को हटा ली गयी, जिसमें 9-10 पुलिसकर्मी शामिल थे। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह के जालंधर स्थित छोटी बारादरी इलाके के आवास पर पंजाब पुलिस के सुरक्षाकर्मी तैनात थे। इस बीच, रविवार को पूर्व क्रिकेटर के घर के बाहर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान तैनात दिखाई दिए। शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने हरभजन सिंह, अशोक मित्तल और राजिंदर गुप्ता के घरों के बाहर प्रदर्शन किया था। ये तीनों नेता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने लुधियाना और जालंधर में उनके घरों की दीवारों पर स्प्रे पेंट से ‘गद्दार’ लिख दिया। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा और संदीप पाठक ने पार्टी छोड़ने की घोषणा की थी। वे पांच अन्य सांसदों में अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, स्वाति मालीवाल और विक्रमजीत साहनी शामिल हैं। राघव चड्ढा ने आरोप लगाया था कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी अपने सिद्धांतों, मूल्यों और नैतिक आधार से भटक गई है, इसलिए वह भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा था कि सातों सांसदों का एक गुट के रूप में भाजपा में विलय हुआ है। इस राजनीतिक घटनाक्रम के तुरंत बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इन सात नेताओं को गद्दार करार दिया। मान ने आरोप लगाया कि भाजपा आम आदमी पार्टी को तोड़ने की कोशिश कर रही है और उसने पंजाब की जनता के साथ विश्वासघात किया है।

# राजाजी टाइगर रिजर्व में वीआईपी शादी पर विवाद, वन विभाग ने दर्ज किया मुकदमा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड के राजाजी टाइगर रिजर्व में प्रस्तावित एक वीआईपी शादी समारोह को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आरक्षित वन क्षेत्र के भीतर स्थित सुरेश्वरी देवी मंदिर परिसर में एक कैबिनेट मंत्री के बेटे की शादी की तैयारियां बिना अनुमति किए जाने का मामला सामने आया है। वन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए मंदिर समिति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और सभी अस्थायी व्यवस्थाएं हटवा दी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार रात प्रस्तावित विवाह समारोह से एक दिन पूर्व ही बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। ट्रकों के माध्यम से टेंट, कुर्सियां, सजावटी सामग्री और अन्य उपकरण वन क्षेत्र के भीतर पहुंचाए गए। मंदिर परिसर में पंडाल स्थापित कर पूरे क्षेत्र को सजाया गया। राजाजी टाइगर रिजर्व के नियमों के तहत आरक्षित क्षेत्र में इस प्रकार के बड़े आयोजनों की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद दिनभर तैयारियां चलती रहीं और शुरुआती स्तर पर प्रशासनिक हस्तक्षेप न होने से सवाल उठने लगे। मामले ने उस समय तूल पकड़ा जब तैयारियों के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने संवेदनशील वन क्षेत्र में इस तरह के आयोजन की अनुमति को लेकर गंभीर सवाल उठाए। विशेषज्ञों का कहना है कि यह क्षेत्र घने जंगलों से घिरा है, जहां हाथी और तेंदुए सहित कई वन्यजीवों की सक्रिय आवाजाही रहती है। ऐसे में बड़े आयोजन, शोर-शराबा और भीड़ से वन्यजीवों तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

वन विभाग की कार्रवाई: विवाद बढ़ने के बाद वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पार्क का प्रवेश द्वार बंद कर दिया और मंदिर परिसर में लगाए गए पंडाल सहित सभी अस्थायी संरचनाएं हटवा दीं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब केवल सीमित रूप से पूजा-अर्चना और पारंपरिक विवाह रस्मों की ही अनुमति दी जाएगी। राजाजी टाइगर रिजर्व के वार्डन अजय लिंगवाल ने बताया कि आरक्षित क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजनों की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति तैयारियां किए जाने पर मंदिर समिति के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हेमकुंट साहिब के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की भेंट पहले जत्थे के विदाई समारोह का दिया निमंत्रण

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास में गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने भेंट की। इस दौरान आगामी हेमकुंट साहिब यात्रा 2026 को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई। ट्रस्ट अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को 20 मई को आयोजित होने वाले यात्रा के पहले जत्थे के विदाई समारोह में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# दिल्ली ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान: तीन घंटे में 11,800 चालान, गलत पार्किंग और रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को विशेष अभियान चलाकर गलत पार्किंग और रॉन्ग साइड ड्राइविंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। महज तीन घंटे चले इस अभियान में कुल 11,800 वाहन चालकों के चालान किए गए। ट्रैफिक की संयुक्त आयुक्त पुलिस विजयांता गोयल आर्य ने रविवार को बताया कि 25 अप्रैल को यह विशेष अभियान दिल्ली के सभी ट्रैफिक रेंज और जिलों में एक साथ चलाया गया। इसका उद्देश्य सड़क जाम और दुर्घटनाओं की बड़ी वजह मानी जाने वाली गलत पार्किंग तथा गलत दिशा में वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना था। अभियान के दौरान गलत और बाधक पार्किंग के खिलाफ सबसे अधिक कार्रवाई की गई। मुख्य सड़कों, सर्विस लेन और बाजार क्षेत्रों में ट्रैफिक बाधित करने वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। नो-पार्किंग जोन, चौराहों के पास और फुटपाथ पर खड़े वाहनों को टो कर हटाया गया। इस दौरान 8,500 से अधिक चालान गलत पार्किंग के लिए किए गए। वहीं, रॉन्ग साइड ड्राइविंग के खिलाफ भी सख्त प्रवर्तन किया गया। दुर्घटना संभावित स्थलों, प्रमुख मार्गों और लगातार नियम उल्लंघन वाले इलाकों में विशेष टीमें तैनात की गईं। इन टीमों ने दोपहिया वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा और व्यावसायिक वाहनों सहित सभी श्रेणी के वाहनों पर कार्रवाई की। रॉन्ग साइड ड्राइविंग के लिए 3,500 से अधिक वाहन चालकों का चालान किया गया। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें, लेन अनुशासन का पालन करें और छोटी दूरी के लिए भी गलत दिशा में वाहन चलाने से बचें। पुलिस ने कहा कि ऐसे उल्लंघन न केवल चालान का कारण बनते हैं बल्कि सड़क पर चलने वाले सभी लोगों की जान को खतरे में डालते हैं। ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान राजधानी की सड़कों को सुरक्षित, सुगम और अनुशासित बनाने की दिशा में चलाए जा रहे लगातार प्रवर्तन और जागरूकता कार्यक्रमों का हिस्सा है। आने वाले दिनों में भी ऐसे विशेष अभियान जारी रहेंगे।

# अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया, पांच करोड़ की कोकीन बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बरेली आधारित एक ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह से करीब पांच करोड़ रुपये कीमत की उच्च गुणवत्ता वाली 456 ग्राम कोकीन (क्रैंक) बरामद की है। मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि क्राइम ब्रांच के इंटर स्टेट सेल यूनिट को 10 अप्रैल को सूचना मिली थी कि बरेली से दिल्ली-एनसीआर में कोकीन की सप्लाई की जा रही है। सूचना के आधार पर गाजीपुर गोलचक्कर के पास जाल बिछाकर बरेली निवासी जावेद हुसैन (29) को गिरफ्तार किया गया। उसकी तलाशी में 456 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद हुई।

# पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास थाना पुलिस ने पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने पारिवारिक विवाद के चलते वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। आरोपित पहले भी अपहरण और हत्या के एक मामले में शामिल रह चुका है। उत्तर पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने रविवार को बताया कि 22 अप्रैल की देर शाम खजूरी खास थाना क्षेत्र के सोनिया विहार स्थित ए-ब्लॉक में एक महिला पर चाकू से हमला किए जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को 38 वर्षीय महिला गंभीर हालत में घायल मिली, जिसे तत्काल जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया। फिलहाल महिला का उपचार जारी है। घटना के संबंध में खजूरी खास थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए। पुलिस उपायुक्त के अनुसार तफ्तीश में सामने आया कि वारदात को अंजाम देने वाला कोई और नहीं बल्कि पीड़िता का पति है। इसके बाद इंस्पेक्टर जय प्रकाश मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय जानकारी के आधार पर कई ठिकानों पर दबिश दी और आरोपित मनोज कुमार (35) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसके और पत्नी के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी तनाव के चलते उसने गुस्से में आकर पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि आरोपित पहले अपहरण और हत्या के एक मामले में भी संलिप्त रह चुका है। पुलिस अब उसके आपराधिक रिकॉर्ड और मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# नेक राहवीर सम्मान: डॉ. नरेश चौधरी ने बचाई दो जिंदगियां, हुए सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। इंडियन रेडक्रॉस उत्तराखण्ड के चेयरमैन एवं ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर (डॉ.) नरेश चौधरी को उनके साहसिक और मानवीय कार्य के लिए जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित ने आज पांच हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को समय रहते अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही परिवहन विभाग की नेक राहवीर योजना के तहत एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 22 मई 2025 को नेशनल हाईवे नजीबाबाद मार्ग पर डॉ. नरेश चौधरी ने दो व्यक्तियों विजेन्द्र और सोनू को गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा देखा। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए उन्होंने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए मौके पर प्राथमिक उपचार दिया। अपने निजी वाहन से दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय हरिद्वार पहुंचाया। एक घायल की हालत नाजुक होने पर स्वयं एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई और उसे बेहतर उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश तक पहुंचाया। डॉ. चौधरी की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता के कारण दोनों घायलों का बहुमूल्य जीवन बच सका। इस अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि डॉ. नरेश चौधरी ने जो कार्य किया है, वह न केवल सराहनीय है बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में स्वर्णिम समय के भीतर घायलों को उपचार मिलना बेहद महत्वपूर्ण होता है। यदि हर नागरिक इस दिशा में जागरूक हो जाए, तो दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. नरेश चौधरी ने कहा कि मानव सेवा उनके जीवन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान उन्हें और अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ समाज सेवा करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने इसे अपने जीवन की अमूल्य पूंजी बताते हुए कहा कि लोगों का विश्वास और आशीर्वाद ही उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त परिवहन राजीव मेहरा, आरटीओ संदीप सैनी, श्रीमती अनिता चमोला, एआरटीओ निखिल शर्मा, नेहा झा, परिवहन अधिकारी भारत भूषण, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अरुण त्रिपाठी व परिसर निदेशक डॉ. अनूप गक्खड़ सहित कई अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. नरेश चौधरी को बधाई दी।

## अंकिता हत्याकांड मामले में जंतर-मंतर पर न्याय की मांग को लेकर हुआ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अंकिता हत्याकांड में कथित वीआईपी कनेक्शन की जांच और पूरे मामले के खुलासे की मांग को लेकर रविवार को राजधानी के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन हुआ। अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच के आह्वान पर जुटे लोगों ने उत्तराखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि मामले में अब तक केवल निचले स्तर के आरोपितों पर कार्रवाई हुई है, जबकि नामी लोगों की भूमिका की जांच नहीं की जा रही। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अंकिता हत्याकांड अब सिर्फ एक आपराधिक मामला नहीं, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता का प्रतीक बन गया है। संयुक्त संघर्ष मंच के सदस्य रीना पंडित ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने जन दबाव के बाद सीबीआई जांच की घोषणा तो की, लेकिन जांच की दिशा उन लोगों तक नहीं बढ़ाई जा रही जिनके नाम कथित तौर पर सामने आते रहे हैं। वहीं प्रदर्शन में शामिल विमल कौशिक ने कहा कि जब तक हत्या की पूरी साजिश और उसके पीछे शामिल हर व्यक्ति की भूमिका सामने नहीं आती, तब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल सकता।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे की धीमी प्रगति पर डीएम सख्त, एक सप्ताह में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। जनपद में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कड़ा रुख अपनाया है। रविवार को जिला कार्यालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में कृषि, उद्यान एवं गन्ना विकास विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने स्पष्ट कहा कि किसानों के खसरा-खतौनी के डिजिटल सर्वे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि तय समयसीमा में कार्य पूरा न होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि किसानों के खसरा-खतौनी में अंश निर्धारण का कार्य तेजी से पूरा कराया जाए। इसके लिए लेखपालों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य में तेजी लाई जाए और किसी भी स्तर पर देरी न हो। इसके साथ ही उन्होंने प्रमाण पत्रों के निर्गमन की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को समय पर सेवाएं मिल सकें। सीएचसी सेंटरों के माध्यम से जारी आधार कार्ड और अन्य प्रमाण पत्रों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करने को कहा गया। आपदा प्रबंधन को लेकर भी डीएम ने गंभीरता दिखाई और कहा सभी उपजिलाधिकारी अपने क्षेत्रों के जलभराव वाले स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करें। नालों, गदेरों और कलमटों की सफाई मानसून से पहले पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि जलभराव की समस्या से बचा जा सके। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ, अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव गुप्ता, एसडीएम भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी, एसडीएम लक्सर अनिल कुमार शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063